CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :37°C न्यूनतम: 26°C
सेंसेक्स 81,118.60 निफ्टी 24,718.60
सोना 1,02,000 चांदी 1,10,000

मुजफ्फरनगर, शनिवार 14 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 152 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे: ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## भारतीय हेड कोच गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### न्यूक्लियर ठिकानों तक पहुंची इजरायल-ईरान संघर्ष की आंच

# इजरायल ने ईरान के 4 एटमी ठिकाने उड़ाए

## 78 लोगों की मौत, 329 घायल, 20 सैन्य अफसर भी मारे गए

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल ने फिर से ईरान में एयरस्ट्राइक शुरू कर दी है। राजधानी तेहरान में कई जगह पर धमाकों की आवाज सुनी गई हैं। इजरायली विमानों ने इस्फहान और फोर्डो इलाके में ईरानी न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला किया है। इससे पहले आज सुबह 2.00 बजे इजरायली फाइटर जेट्स से ईरान के 4 न्यूक्लियर और 2 मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया था। इसमें 78 लोग मारे गए और 329 घायल हुए।

मरने वालों में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और चार टॉप कमांडर समेत 20 सैन्य अफसर हैं। इस बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर मिडिल ईस्ट के हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू जल्द ट्रम्प और पुतिन से बात करेंगे। इससे पहले आज सुबह इजरायल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक, इजरायली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजरायल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी। खामेनेई ने कहा है कि ईरानी सेना जायोनिस्ट शासन (इजरायल सरकार) को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि इजरायल इस अपराध की सजा पाने

### दो सैन्य अड्डे भी बर्बाद, सेना प्रमुख, स्पेशल फोर्स चीफ और छह परमाणु वैज्ञानिकों की भी हुई मौत



### ईरान का पलटवार, 100 से ज्यादा विस्फोटक ड्रोन से हमला, बैलिस्टिक मिसाइलें भी तैयार

**तेलअवीव।** मिडिल ईस्ट एक बार फिर से सुलग उठा है। इजरायल की तरफ से ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर किए गए भीषण हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई की है। ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। यह हमला शुक्रवार सुबह शुरू हुआ जिसे ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' नाम दिया। पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन के तहत ईरान के ठिकानों पर स्ट्राइक की, जिसमें ईरान के नतांज और फोर्दो परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया गया। अब सवाल है कि क्या यह युद्ध आगे बढ़ेगा अगर ऐसा हुआ, तो मिडिल ईस्ट में सिर्फ तबाही दिखेगी।

### भारत ने ईरान-इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** ईरान पर इज़रायल के हवाई हमले के बाद भारत ने दोनों देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को सतर्कता बरतने और स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में जारी परामर्श में कहा कि ईरान की वर्तमान स्थिति को देखते हुए ईरान में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे सतर्क रहें, सभी अनावश्यक गतिविधियों से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया एकाउंट में दी जाने वाली सलाह का पालन करें और स्थानीय अधिकारियों की सलाह के अनुसार सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें।

# ब्लैकबॉक्स व वॉइस रिकॉर्डर मिले

## पूर्व सीएम रूपाणी के शव की नहीं हुई पहचान, डीएनए टेस्ट जारी

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद** में एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो

**अहमदाबाद विमान हादसा**

(एएआईबी) ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिये पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।

एयर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान होते -शेष पृष्ठ दो पर

### एयर इंडिया ने की 241 लोगों की मौत की पुष्टि

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर-787 विमान की दुर्घटना में उसमें सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है। एकमात्र जीवित यात्री विश्वास कुमार रमेश का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विमान में 230 यात्री तथा दो पायलट और चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल थे। एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार 241 लोगों की मौत हुई है। बारह साल पुराना बोइंग 787-8 विमान 1338 बजे अहमदाबाद से रवाना हुआ था। कंपनी ने कहा कि हमें यह बताते हुए खेद है कि विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत की पुष्टि हो गई है।



### बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव के अतिरिक्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव एवं उड़ान भरने के पूर्व अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण एवं उपाय करने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को यहां एक आदेश में कहा कि गुरुवार को एयर इंडिया बी 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई-171 (अहमदाबाद- गैटविक) का संचालन करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। निवारक उपाय के रूप में डीजीसीए एयर इंडिया को संबंधित क्षेत्रीय डीजीसीए कार्यालयों के साथ समन्वय में तत्काल प्रभाव से जेनएक्स इंजन से लैस बी 787-8/9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव कार्रवाई करने का निर्देश देता है, जो 15 जून से प्रभावी होंगे। डीजीसीए ने कहा कि विमान रखरखाव एवं उड़ान पूर्व ड्रिल के तहत ईंधन -शेष पृष्ठ दो पर

## 10 मिनट के सड़क जाम ने बचाई भूमि चौहान की जान

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ 10 मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए उस समय वरदान बन गया, जब लंदन जा रही उसकी एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 छूट गई और उसकी जान बच गई।

अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर 787 गुरुवार को उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर स्थित अपने घर आई थी। गुरुवार को वह लंदन की उड़ान पकड़ने अंकलेश्वर से अहमदाबाद आ रही थी, वह अहमदाबाद समय से पहुंच गई लेकिन शहर में जगह-जगह जाम होने के कारण उसे हवाई अड्डा पहुंचने में दस मिनट की देरी हो गई। हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे



अंदर नहीं जाने दिया गया। उसने ऑनलाइन चेकइन किया था, लेकिन उससे कहा गया कि वह देरी से पहुंची है, इमिग्रेशन फॉर्म भरने का समय समाप्त हो गया है और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। भूमि ने कहा कि उसने काफी आग्रह किया और कहा कि यदि उसकी यह उड़ान छूट गई तो उसकी नौकरी भी जा सकती है, लेकिन उसे जाने नहीं दिया गया।

### विमान दुर्घटना को लेकर अपमानजनक पोस्ट: अधिकारी निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की शिकार केरल के पथनमथिट्टा निवासी महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राज्य सरकार ने एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। केरल के राजस्व मंत्री के राजन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वेल्लारीकुंडु तालुक के उप तहसीलदार ए. पवित्रन को विमान दुर्घटना में मारी गई रंजीता जी नायर की आलोचना करने वाली फेसबुक पोस्ट करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ने घृणित कृत्य किया है। फेसबुक पोस्ट मेरे ध्यान में आने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गौरतलब है कि केरल की 38 वर्षीय नर्स रंजीता जी नायर गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना की पीड़ितों में से एक थीं। इस बीच केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज पीड़िता रंजीता जी नायर के परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने के लिए पुल्लाड के लिए रवाना हुई।

### फिल्म 'ठग लाइफ' विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने 'ठग लाइफ' पर प्रतिबंध के खिलाफ महेश रेड्डी की याचिका पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है। कर्नाटक सरकार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर राज्य मे फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया।

### हाईकोर्ट ने फिल्म ठग लाइफ के निर्माताओं से मांगा जवाब

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माताओं को निर्देश दिया कि वे कन्नड़ साहित्य परिषद के उस आवेदन पर अपना पक्ष रखें, जिसमें राज्य में फिल्म की रिलीज पर प्रतिबंध से संबंधित मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना की पीठ ने फिल्म के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया, जिसमें फिल्म के ऑडियो लॉन्च के दौरान अभिनेता की कन्नड़ भाषा के बारे में विवादास्पद टिप्पणी के बाद कर्नाटक में इसकी रिलीज पर लगाए गए प्रतिबंध को चुनौती दी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र के पत्रकार राव को दी जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने टीवी टॉक शो के दौरान उसमें भाग लेने वाले एक व्यक्ति के कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार कोमिनेनी श्रीनिवास राव की जमानत याचिका शुक्रवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता राव को राहत दी। पीठ ने जमानत देते हुए कहा कि उन्होंने (राव) खुद यह (कथित आपत्तिजनक) टिप्पणी नहीं की। इसलिए उनके बोलने की स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता ने खुद यह बयान नहीं दिया है, लाइव टीवी शो में उनकी पत्रकारिता की भागीदारी की रक्षा की जानी चाहिए। उनके बोलने की स्वतंत्रता की भी रक्षा की जानी चाहिए, याचिकाकर्ता को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होने पर चीन को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने पर चीन के सहयोग की सराहना की है और सीमा पार नदियों के प्रवाह के डेटा और सीधी विमान सेवा बहाल करने के बारे में प्रगति पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि गुरुवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की जो 12-13 जून को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने इस वर्ष 27 जनवरी को बीजिग में अपनी पिछली बैठक के बाद से भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में

**■ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेडोंग से मुलाकात की**

विकास की समीक्षा की और जन-केंद्रित कार्यक्रमों पर प्राथमिकता के साथ संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। विदेश सचिव ने इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए चीनी पक्ष के सहयोग की सराहना की। उन्होंने हाइड्रोलॉजिकल डेटा और अन्य सहयोग के प्रावधान को फिर से शुरू करने के लिए सीमा पार नदियों में सहयोग के लिए विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अप्रैल 2025 की बैठक में चर्चा का उल्लेख किया और उन पर प्रगति की उम्मीद की।

## विजय रूपाणी के परिजनों से मिले मोदी

अहमदाबाद, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की। गुरुवार को यहां हवाई अड्डे के निकट हुई इस भीषण दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के समेत 241 लोग मारे गए थे।

श्री रूपाणी भी इस विमान से लंदन जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गई। प्रधानमंत्री सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। वह दुर्घटना में घायल एकमात्र जीवित यात्री से मिलने अस्पताल भी गए। बाद में उन्होंने श्री रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर -शेष पृष्ठ दो पर



### मोदी ने विमान दुर्घटनास्थल का लिया जायजा अस्पताल में घायलों का हालचाल जाना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद के मेघानीनगर में हुए विमान दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और वहां को जायजा लेने के बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायलों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। विमान हादसे से पूरा देश शोक में हैं। प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति रमेश विश्वास से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और अन्य घायलों से भी उनका हालचाल जाना। श्री मोदी विमान दुर्घटना के बाद पल-पल पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।

## बम की अफवाह के बाद AI विमान की आपात लैंडिंग

बैंकॉक, वार्ता

**थाईलैंड के** रिसॉर्ट द्वीप फुकेट से शुक्रवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान में बम रखे होने की धमकी मिलने के बाद उसे आपातकालीन स्थिति में वापस हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। फुकेट हवाई अड्डा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि उड़ान संख्या एआई 379 को बाद में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में विमान के उतरने के बाद यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि विमान की सघन जांच के बाद उसके अंदर से कोई बम नहीं मिला।

### एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**पठानकोट।** भारतीय वायुसेना के एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट जिले के नांगलपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हलेड़ गांव में आपातकालीन लैंडिंग की। किसी के हताहत होने या नुकसान की कोई खबर नहीं है। हेलीकॉप्टर ने पठानकोट वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी थी और गांव के खुले मैदान में अनिर्धारित लैंडिंग की। स्थानीय लोगों ने हेलीकॉप्टर को उतरते देखा और मौके पर पहुंचे हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी।

# यूपी-एमपी सहित नौ राज्यों में हीटवेव

## राजस्थान व हरियाणा में रेड अलर्ट, तापमान 48 डिग्री पहुंचने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में

**■ तेलंगाना में बिजली गिरने से छह लोगों की मौत, उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना**

तापमान 45 डिग्री के पार रहा। दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगह बिल्डिंग के बेसमेंट और सड़कों पर पानी भर गया। तेलंगाना के आदिलाबाद जिले में गुरुवार को अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने से पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।



### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या के आरोप में दो निहंग गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब में पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर भाभी उर्फ कंचन कुमारी की हत्या के आरोप में शुक्रवार को दो निहंगों को गिरफ्तार किया। कमल कौर बुधवार को बठिंडा-चंडीगढ़ राजमार्ग पर भुच्चो कलां में आदेश विश्वविद्यालय के बाहर खड़ी अपनी कार में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमनीत कोंडल ने कहा कि हत्या के आरोप में जसप्रीत सिंह और निमरतजीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे आरोपी अमृतपाल सिंह मेहरोन की तलाश जारी है, जो फरार है। एसएसपी ने कहा कि कंचन की गला घोंटकर हत्या की गई।



# अहमदाबाद प्लेन क्रैश, बोइंग-787 की यात्री का बड़ा दावा

अहमदाबाद/मुंबई, वार्ता

■ खड़खड़ाहट की आवाज आ रही थी, हादसे के डेढ़ घंटे पहले उसी फ्लाइट में लंदन से आई थी

अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन को लेकर एक महिला यात्री ने दावा किया है, उसमें पहले से खराबी थी। क्रैश होने से डेढ़ घंटे पहले महिला उसी प्लेन से लंदन से अहमदाबाद आई थी। महिला का नाम हिनाब. न कालरिया है। वह सूरत की रहने वाली है।

हिनाबेन ने बताया कि लंदन से टेकऑफ के दौरान प्लेन के एसी और सभी डिस्प्ले बंद थे। एयर होस्टेस ने इसे तकनीकी गड़बड़ी बताया था। हिनाबेन के मुताबिक लैंडिंग के वक्त प्लेन से खड़खड़ाहट की आवाज भी आ रही थी, जिससे यात्री डर गए थे। हिनाबेन 11 जून की रात 10 बजे लंदन से बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर एआई-172 से रवाना हुई थीं। यह प्लेन 12 जून की सुबह करीब 12 बजे अहमदाबाद पहुंचा था। फिर दोपहर 1.38 बजे यही प्लेन एआई-171 के तौर पर अहमदाबाद से लंदन जाते सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग से टकराकर क्रैश हो गया, जिसमें 265 लोगों की मौत हो गई। हिनाबेन ने बताया कि लंदन से एआई-172 से 12 जून को दोपहर 12 बजे अहमदाबाद पहुंची थीं। यात्री बोली- पुरानी बस की तरह फ्लाइट से आवाज आ रही थी हिनाबेन ने बताया कि प्लेन के अंदर रखे सभी डिस्प्ले बंद थे। जब हमने यह बात एयर होस्टेस को बताई, तो उसने हमसे मोबाइल अपडेट करने को कहा और बताया कि तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले बंद हो गया है। फिर जब प्लेन अहमदाबाद में लैंड करने वाला था, तो एक खड़खड़ाहट की आवाज आई। आमतौर पर ऐसी आवाज एक पुरानी बस की तरह आवाज आती है। हिनाबेन प्लेन क्रैश की खबर सुनने के बाद से सदमे में हैं। उन्होंने रोते हुए कहा कि मैं इससे पहले अपने बेटे और पति के साथ अहमदाबाद-इजिप्ट की फ्लाइट से लंदन गई थी। उ उन्होंने बताया कि लंदन से अहमदाबाद आते समय मुझ पर तीन बुजुर्गों की जिम्मेदारी थी। उनके परिवारों ने मुझे प्लेन में बुजुर्गों का ध्यान रखने को कहा था। उनके पास फोन भी नहीं थे। एक मुस्लिम महिला भी थी, जिसका हाथ पकड़कर मैंने उन्हें प्लेन के अंदर बैठाया था। अहमदाबाद पहुंचकर मैंने तीनों के परिवारों को बताया कि वे ठीक से पहुंच गए हैं। हादसे से थोड़ी देर पहले सिविल अस्पताल से होकर गुजरी थी, हिनाबेन ने आगे कहा कि अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद मेरे पति मुझे सूरत से लेने आए। मैं उनके साथ सूरत के लिए निकली थी।

## अहमदाबाद अस्पताल में अपनों को तलाश रहे लोग

■ ट्रामा सेंटर और पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी लाइनें, अब तक 265 शवों का पोस्टमार्टम हुआ

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचा है। मारे गए 241 लोगों में 169 भारतीय, 52 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक था। 5 मृतक मेडिकल हॉस्टल के हैं विमान जिस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। हालांकि अभी यह क्लियर नहीं हुआ है कि हॉस्टल में कितनी मौतें हुई हैं। 4 एमबीबीएस छात्र और एक डाक्टर की पत्नी के मारे जाने की खबर है। सिविल अस्पताल में एक के बाद एक शवों से भरी एंबुलेंस सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में भेजी जा रही है। अब तक 265 शवों के पोस्टमार्टम किए जा चुके हैं।

# भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक

## मंगोलियाई सेना के साथ अभ्यास पर बोले रक्षा सचिव

नई दिल्ली, वार्ता



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मंगोलियाई सेना के साथ सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और बहुराष्ट्रीय अभ्यास खान क्वेस्ट को भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति का प्रतीक बताया है।

सिंह ने शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट के समापन अवसर पर यह बात कही। समारोह में सेना के 'ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट' के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह भी थे। रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की पेशेवर कुशलता, कर्तव्य के प्रति समर्पण और आचरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास भारत और मंगोलिया के बीच मित्रता, आपसी विश्वास तथा साझा सांस्कृतिक संबंधों के स्थायी सूत्र का प्रमाण है। यह सार्थक सैन्य सहयोग के एक मंच के रूप में कार्य करता है और क्षेत्रीय शांति तथा स्थिरता के लिए भारत की अटूट प्रतिबधता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की संयुक्त पहलों में भारतीय सेना का योगदान न केवल परिचालन तत्परता को बढ़ाता है, बल्कि वैश्विक शांति प्रयासों में एक जिम्मेदार हितधारक के रूप में भारत की भूमिका को भी मजबूत करता है। रक्षा सचिव शनिवार को बहुराष्ट्रीय संयुक्त सैन्य अभ्यास खान क्वेस्ट 2025 के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

इस अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी भी भाग ले रही है। अभ्यास खान क्वेस्ट 28 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट और खान क्वेस्ट का आयोजन भारत की बढ़ती रक्षा कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मंगोलिया के साथ इसकी साझेदारी के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना मामलों की संख्या घटकर 7131 हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131 रह गई। आज सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमण के 23 नए सक्रिय सामने आए और एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गयी है। गुरुवार को कोरोना सक्रिय मामलों की कुल संख्या 7154 तक पहुंच गई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से केरल में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। यह वायरस हालांकि अब आपातकालीन स्तर का खतरा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिका. रियों ने चेतावनी दी है कि कोरोना इन्फ्लूएंजा की तरह मौसमी रूप से फैलता रहता है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक लगभग 10,976 लोग इस वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके हैं।

### बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगाने से किया इन्कार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में बाइक टैक्सी संचालकों को बड़ा झटका देते हुए शुक्रवार को एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें राज्य भर में बाइक टैक्सी सेवाओं पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार की पीठ ने न्यायमूर्ति बी श्याम प्रसाद के गत दो अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली ओला का संचालन और उबर द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई की जिसमें छह सप्ताह के भीतर सभी बाइक टैक्सी संचालन बंद करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने तर्क दिया कि सरकार के इस तरह के संचालन की अनुमति न देने के घोषित नीतिगत निर्णय से इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। पीठ ने कहा कि वह 24 जून को मामले की गुण-दोष के आधार पर सुनवाई करेगी।

# एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के दावों के निपटान में मिलेगी राहत: एलआईसी

मुंबई, वार्ता



■ एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की

सरकारी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कल अहमदाबाद में एयर इंडिया के एआई 171 विमान के दुर्घटना के पीड़ितों के लिए छूट की घोषणा करते हुए शुक्रवार को कहा कि एलआईसी प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबध है तथा वित्तीय राहत प्रदान करने के वास्ते दावों के निपटान में तेजी लाई जाएगी।

एलआईसी ने यहां जारी एक बयान में विमान दुर्घटना में लोगों के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उसने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है और कहा है कि पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मृत्यु प्रमाण-पत्र के स्थान पर, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी अभिलेखों में कोई भी साक्ष्य या केंद्र/राज्य सरकार/ एयरलाइन प्राधिकरणों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। एलआईसी ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए तथा प्रभावित परिवारों को दावों का शीघ्र निपटान किया जाए और आगे की सहायता के लिए दावेदार निकटतम शाखा/विभाग/ग्राहक क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं। दावेदार कॉल सेंटर -022 68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं।

## ईरान पर इजरायल के हमलों पर वैश्विक चुप्पी की उमर-महबूबा ने की आलोचना

# संघर्ष बढ़ा, तो पश्चिम एशिया में पड़ेगा प्रभाव

श्रीनगर, वार्ता





जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायल के हमले पर विश्व की बड़ी शक्तियों की 'चुप्पी' की आलोचना की और इसे 'दोहरे मानदंडों' का खतरनाक प्रदर्शन बताया।

उमर ने यहां संवाददाताओं से जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने कहा कि इजरायल ने इसे एक पूर्व-प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया। अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है। उन्होंने कहा कि आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं। लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं। अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो यह तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में निश्चित रूप से संघर्ष बढ़ेगा और इसका लोगों पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा।

उमर ने कहा कि यह (ईरान-इजरायल संघर्ष) निश्चित रूप से बढ़ेगा और इसका हम पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा। इसका हमारे ईंधन की कीमतों पर असर पड़ेगा। इसका हमारे शेयर बाजार पर असर पड़ेगा। इसका पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ेगा। इससे भी अधिक इसका लोगों की भावनाओं पर असर पड़ेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विदेश मंत्रालय से ईरान में पड़ने वाले कश्मीरी विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान पर परमाणु स्थलों सहित एक बड़ा हमला किया, जिसमें कई शीर्ष हस्तियां मारी गईं। सुश्री महबूबा ने कहा कि ईरान पर इजरायल का हमला एक और एक देश द्वारा किया गया बेशर्मी भरा कृत्य है, जो दुष्टता की ओर अग्रसर है। उन्होंने एक्स पर कहा कि वैश्विक समुदाय, खासकर अमेरिका के नेतृत्व वाली पश्चिमी शक्तियों की चुप्पी चिंता. जनक और भयावह दोनों है। यह चुप्पी मौन स्वीकृति के बराबर है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मामले में अमेरिका यह दावा करने में कभी नहीं चूकता कि तनाव को बढ़ने से रोकने में उसका हस्तक्षेप महत्वपूर्ण रहा है। फिर जब बात गाजा पर इजरायल की लगातार बमबारी या ईरान पर उसके हालिया हमले की आती है, तो वही तत्परता स्पष्ट रूप से गायब हो जाती है। उन्होंने कहा कि ये स्पष्ट दोहरे मापदंड वैश्विक शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। समान रूप से परेशान करने वाली बात तथाकथित मुस्लिम देशों की बहरी चुप्पी है, जो इस तरह के गंभीर अन्याय के सामने बेशर्मी से अस्तित्वहीन बने हुए हैं।

## अनुच्छेद 370 के बाद सामान्य स्थिति का दावा एक मिथक: मीरवाइज



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति की कहानी एक 'मिथक' है। फारूक ने दावा किया कि दमनकारी उपाय मजबूती से लागू हैं और प्रदेश के लोगों के लिए कोई राजनीतिक या प्रशासनिक स्थान उपलब्ध नहीं है। पुराने श्रीनगर में ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार को लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से पूछा कि ईदगाह मैदान और श्रीनगर में जामिया मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज की अनुमति क्यों नहीं दी गई। गौरतलब है कि इस केंद्र शासित प्रदेश में कानून-व्यवस्था के प्रभारी हैं। जामिया में ईद की नमाज की अनुमति नहीं देने के फैसले पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित कई लोगों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मीरवाइज ने कहा कि हम ईद के बाद पहली बार मिल रहे हैं, जब हमें ईदगाह या जामा मस्जिद में ईद की नमाज़ अदा करने की अनुमति नहीं थी। दोनों जगहों पर तालाबंदी कर दी गई और मुझे घर में नज़रबंद कर दिया गया।

## अर्थ व्यापार

# ईरान-इजराइल तनाव से सहमा बाजार

मुंबई, वार्ता



ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक का गोता लगाकर 81,118.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 169.60 अंक की गिरावट लेकर 24718.60 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.32 प्रतिशक लुढ़ककर 45,681.28 अंक और स्मॉलकैप 0. 30 प्रतिशत टूटकर 53,370.29 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4123 कंपनियों में से 2469 में बिकवाली जबकि 1516 में लिवाली हुई, वहीं 138 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2964 कंपनियों के शेयरों में से 1824 में गिरावट जबकि 1059 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर और रियल्टी की 0.13 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर अन्य 19 समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.58, सीडी 0. 40, ऊर्जा 0.63, एफएमसीजी 0. 94, वित्तीय सेवाएं 0.85, इंडस्ट्रियल्स 0.05, आईटी 0.09, दूरसंचार 0.67, यूटिलिटीज 0.91, ऑटो 0.33, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 49, धातु 0.81, तेल एवं गैस 0.57, पावर 0.75, टेक 0.08, सर्विसेज 2. 06 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.01 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 42, जर्मनी का डैक्स 1.49, जापान का निक्केई 0.89, हांगकांग का हैंगसेंग 0.59 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.75 प्रतिशत उतर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1264 अंक का गोता लगाकर 80,427.81 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 80,354. 59 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से यह दोपहर बाद 81,238.68 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को पुंछ जिले में रिश्वत लेने के मामले में एक राजस्व अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां बताया कि एसीबी को पटवारी मोहम्मद जमील द्वारा रिश्वत मांगने शिकायत मिली थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता को गांव धरा में स्थित जमीन के खसरा गिरदावरी की सत्यापित प्रतियों यानी राजस्व रिकॉर्ड की जरूरत थी। इसके लिए उसने 26 अप्रैल को ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन जमील उसी की सत्यापित प्रतियां उपलब्ध कराने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था।

# खाद्य तेल सस्ते, अधिकांश दालें रही महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव गिर गए जबकि उठाव बढ़ने से अधिकांश दालें महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 84 रिंगिट चढ़कर 3927 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.74 सेंट की तेजी के साथ 48.35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में गिरावट रही। मूंगफली तेल 330 रुपए, सूरजमुखी तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 365 रुपए, पाम ऑयल 1620 और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 182 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन: दाल- दलहन के बाजार में चुनिदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ब्लैक बॉक्स...** ही राजकोट में अंतिम संस्कार होगा। उनका बेटा शनिवार (आज) अमेरिका से लौटेगा। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं। रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है। प्लेन हादसे की जांच में 7 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (यूके एंड एएआईबी) यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी), फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) शामिल हैं।

**बोइंग 787...** पैरामीटर निगरानी और संबंधित प्रणाली जांच का निरीक्षण, केबिन एयर कंप्रेशर और संबंधित प्रणालियों का निरीक्षण, इलेक्ट्रॉनिक इंजन नियंत्रण-प्रणाली परीक्षण, इंजन ईंधन चालित एक्ट्यूएटर-संचालन परीक्षण और तेल प्रणाली की जांच, हाइड्रोलिक प्रणाली की सेवाक्षमता जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा उड़ान भरने के मापदंडों की समीक्षा करने, अगली सूचना तक पारगमन निरीक्षण में 'उड़ान नियंत्रण निरीक्षण' शुरू किया जाना चाहिए। दो सप्ताह के भीतर बिजली आश्वासन जांच की जानी चाहिए तथा बी 787-8/9 विमानों पर पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार होने वाली खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव कार्रवाई को जल्द से जल्द सुनिश्चित करना चाहिए। डीजीसीए ने कहा कि उपर्युक्त जांच की पूरी रिपोर्ट समीक्षा के लिए नागर विमानन महानिदेशालय को प्रस्तुत की जानी है।

**विजय रूपाणी...** मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उनके साथ थे। श्री मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री रूपाणी के साथ अपना फोटो साझा करते हुए कहा कि श्री विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूं। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री रूपाणी ने हर भूमिका में अपने काम से अपनी पहचान बनाई। श्री मोदी ने लिखा कि राजकोट नगर निगम में, राज्यसभा सांसद के रूप में, गुजरात भाजपा अध्यक्ष के रूप में और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में, उन्होंने हर भूमिका में खुद को प्रतिष्ठित किया। जब विजयभाई गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े पैमाने पर काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास में तेजी आई, खासकर 'जीवन की सुगमता' को बढ़ावा मिला। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।

# यूपीपीसीएल व विद्युत कर्मचारी आमने-सामने, करेंगे आंदोलन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नियामक आयोग का कोरम अधूरा, नहीं दे सकते निजीकरण पर अभिमत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने मध्यांचल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 42 जिलों का निजीकरण किए जाने की प्रक्रिया को और तेज कर दी है।

यूपीपीसीएल के कदम बढ़ाने के साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने भी अपने आंदोलन को और उग्र करने का ऐलान कर दिया है। एक तरफ पावर कार्पोरेशन प्रबंधन नियामक आयोग से निजीकरण के आरएफपी बिडिंग डॉक्यूमेंट पर संस्तुति लेने की तैयारी कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष को कोई अभिमत देने का नैतिक व कानूनी अधिकार नहीं है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बयान जारी कर कहा कि पता चला है कि विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविन्द कुमार से पॉवर कारपा. ेरेशन के चेयरमैन डा. आशीष गोयल, निदेशक वित्त निधि नारंग, नियामक आयोग के सदस्य संजय सिंह और अवैध ढंग से नियुक्त किए गए। नियामक आयोग की संस्तुति लेने के मामले पर एक घंटे से अधिक बातचीत की है। संजय सिंह चौहान और जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि विद्युत नियामक आयोग को अवैध ढंग से नियुक्त किए गए, झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा स्वीकार कर लेने वाले ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थार्टन के बनाए गए निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पॉवर कारपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए।विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन के पद पर रहते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ छह अक्टूबर 2020 को एक लिखित समझौते पर हस्ताक्षर किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अस्पताल में भर्ती व्यक्ति ने दम तोड़ा

## बझेडी फाटक के निकट ट्रेन से टकराकर वृद्ध की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग स्थानों पर जहां जिला अस्पताल में भर्ती अज्ञात बीमार व्यक्ति की मौत हो गई, वही बेहडी फाटक के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति ने दम तौड दिया। कोतवाली व पुलिस लाइन पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अस्पतालकर्मियों के अनुसार दस जून को पचास वर्षीय शहजाद नामक व्यक्ति को स्टेशन से लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। घटना के दिन से ही शहजाद का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था, लेकिन तीन दिन बितने के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। आज शुक्रवार को इलाज के दौरान शहजाद ने दम तोड दिया। अस्पताल कर्मियों की सूचना के बाद सिविल लाइन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आज भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

वहीं दूसरी ओर कोतवाली पुलिस ने बताया कि बीती देर रात अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि बहेडी फाटक के निकट एक व्यक्ति ट्रेन की टक्कर से घायल हो गया है और उसने मौके पर ही दम तोड दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

मृतक की पहचान कराने के लिए आस-पास के लोगों को मौके पर बुलाया गया, जब घंटे बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शादी में खाना बनाने जा रहे खानसामा की मौत

**मुजफ्फरनगर।** शहर से शाहपुर क्षेत्र में शादी समारोह में खाना बनाना जा रहे युवा खानसामा की दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक तीन बच्चों का पिता था और घटना के बाद मौहल्ला खालापार में शोक छा गया है।

थाना खालापार निवासी तीस वर्षीय जावेद पुत्र अल्लारखा शादी समारोह में खाना बनाने का काम करता था। गुरूवार की शाम जावेद अपनी बाइक द्वारा शादी में खाना बनाने क लिए शाहपुर के लिए चला। जैसे ही वह शाहपुर कब्से में पहुंचा तो अचानक तेज गति से आए वाहन ने उसको रौंद डाला। घटना के बाद भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई और सूचना पर शाहपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायल को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जावेद को मृत घोषित कर दिया। उधर भीड़ ने गाडी को मौके पर ही रोक लिया था जिसको पुलिस ने अपनी सुपुर्दगी में ले लिया। शाहपुर पुलिस ने काफी देर बाद मृतक की पहचान कराई जब इसकी जानकारी परिवार वालों को दी गई तो यहां कोहराम मच गया। परिवार के लोग तुरंत ही शाहपुर की दौड पडे, हालांकि जिस शादी में जावेद खाना बनाने जा रहा था उस शादी समारोह में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा। पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। और परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मृतक के तीन मासूम बच्चे है।

# प्रेमी के ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने किया तेजाब का सेवन

## ब्रेकअप के बाद परिजनों को भी दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रेम की प्रताडना से परेशान युवती ने तेजाब पीकर अपनी जान देने का प्रयास किया। युवती ने यह कदम उस वक्त उठाया जब ब्रेकअप के बाद प्रेमी उसको ब्लैकमेल तरह-तरह से प्रताडित करने लगा। युवती के परि. जनों ने कई बार घर जाकर भी समझाया, लेकिन युवक लगातार युवती को ब्लैकमेल करता रहा। जब धमकियों का सिलसिला बढ गया तो युवती ने अपनी जान देना ही उचित समझा। इतना हीं नहीं मेरठ के अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रही युवती के परिजनों को दोबारा भी धमकी दी गई सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की चौकी साकेत कॉलौनी के एक मौहल्ले के रहने वाली युवती के प्रेम संबंध मौहल्ले के ही एक युवक से चल रहे थे, लेकिन किसी बात को लेकर दोनो में मन मुटाव हुआ जिसके चलते युवती ने ब्रेकअप कर लिया था। लड़की की इस हरकत से प्रेमी बोखला उठा और उसने युवती को तरह-तरह कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। आए दिन लडकी को ब्लैकमेल किया जाने लगा, हालांकि सरफिरे करतूत से परेशान लडकी परिजनों ने आरोपी के घर पहुंचकर उसको समझाया, लेकिन इसके बावुजूद प्रेमी की हरकत और बढ गई और वह तरह-तरह से ब्लैकमेल करने लगा। बताया जाता है कि इसकी शिकायत संबंधित चौकी में भी की गई थी, लेकिन सरफिरा प्रेमी अपनी हरकत से बाज नहीं आया। अपनी बदनामी के डर से और युवक की ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने तेजाब का सेवन कर लिया जिससे तुरंत ही उसकी हालत बिगड गई। गंभीर हालत में युवती को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन यहां से उसको मेरठ रैफर कर दिया गया। आरोप है कि इस दुखंद घटना के बाद भी युवक और उसके परिजनों ने पीडित परिवार के साथ गाली-गलौच व मारपीट की। लडकी के परिजन अब शिकायत लेकर सिविल लाइन थाने के अधिकारियों से मिले और पूर्ण मामले की जानकारी देते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

## युवती को भगाने का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलौनी की रहने वाली महिला ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसकी बेटी को नई मंडी क्षेत्र के गांव संधावली निवासी शाकिर पुत्र गुलशेर बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पीडिता का कहना है कि उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कही पता नहीं चला। पीडित परिवार ने आरोपी पक्ष के लोगों से भी इस संबंध में बात की, लेकिन उनकी बेटी को वापस नहीं लौटाया गया। तहरीर देने वाली पीडिता ने आरोपी पक्ष पर गाली-गलौच व धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मुकदमें का दर्ज किया और मोबाइल नम्बर के आधार पर फोन की कॉल डिटेल निकालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि युवती को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।



मुजफ्फरनगर: तेज चिलचिलाती धूप से बचने को कपड़ा ओढ़कर निकले युवक।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की लगवाई दौड़

### मॉक ड्रिल कर पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली इसके बाद उन्होने टोली वार मॉकड्रिल कराई। इस दौरान परेड का संचालन सीओ लाइन द्वारा किया गया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियो ने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में दौड लगवाई। इसी के साथ उन्होने टोली वार पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चैक करते हुए शस्त्रों का संचालन एवं उचित रखरखाव के लिए अभ्यास भी कराया। परेड के बाद जनपद के पुलिस मुखिया ने पुलिसकर्मियों के खाने को चैक करते हुए भोजनालय पहुंचकर व्यवस्था को चैक किया। उन्होने इस दौरान यह भी जानकारी ली कि मैन्यू के अनुसार पुलिसकर्मियों को रोजाना गुणवत्तापूर्ण भोजन देने के लिए संबंधित अधिकारी से बात की। उन्होने बैरिक के आस-पास साफ-सफाई के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि वाहनों के रख रखाव, साफ-सफाई और रजिस्टर भी पूरा किया जाए। उन्होने क्राइम सीन को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों के लिए बनाए गए आवास, क्लास रूम, डाइनिंग हॉल, ऑफिस शौचालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ व सीओ लाइन राजू कुमार साव, आरआई उधल सिंह भी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: पुलिस लाइन में निरीक्षण करते एसएसपी संजय वर्मा।

# कांवड़ यात्रा में लापरवाही की तो चैन से सोने नहीं दूंगा: जहीर

## भाकियू के बिजलीघर पर जारी धरने में शामिल हुए पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी बिजली घर पर कल से चल रहे भारतीय किसान यूनियन के धरने पर शाम चार बजे बजे अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंह के साथ एसडीओ पुरकाजी मुनिराज और अवर अभियंता पहुंचे भाकियू पदा. धिकारियों ने बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर जमकर खरी खोटी सुनाई चेयरमैन जहीर फारुकी ने कहा कि लगातार तीस घंटे से धरना चल रहा है लाइट भी लगातार आ रही है कोई फाल्ट कही नहीं आया है फिर रोजाना विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल कैसे होता है फारूकी ने कहा कि कावड यात्रा के दौरान यदि पुरकाजी बिजली विभाग ने लापरवाही बंद करके अच्छी आपूर्ति नहीं की तो कावडघ में ही धरना देंगे अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया और 15 दिन में समस्याओं का समाधान ना होने पर फिर से धरना देने की चेतावनी दी दोपहर खाने की भटी चढघई गई सैकडों कार्यकर्ताओं ने अनुशासन में खाना खाया और पुरकाजी के जिम्मेदार लोगों ने समय समय पर खूब पेयजल पदार्थ और खाने का सामान धरने पर भेजा इस पिछले कुछ दिनों से पुरकाजी में बादल विद्युत आपूर्ति को लेकर पुरकाजी कस्बे के अध्यक्ष और भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव जाहिर फारूकी ने अपने समर्थकों के साथ कल से पुरकाजी बिजली घर पर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रखा था कल कोई अधिकारी मौके पर वार्ता के लिए नहीं आया तो आज सुबह से ही धरना स्थल पर पुरकाजी के लोगों की लगातार भीडघ बढघ्ती रही शाम चार बजे अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंह अपनी साथ एसडीओ मुनिराज सिंह और अवर अभियंता को लेकर धरना स्थल पर पहुंचेबाकियों के नाराज कार्यकर्ताओं ने जमकर एसडीओ और रम की हूटिंग की चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी ने कहा कि हम किसी राजनीतिक पार्टी के नहीं हैं यहां तक संघर्ष करके ही पहुंचे हैं कस्बे की जनता के लिए यदि एक महीना तक भी धरना देना पडा तो देने से पीछे नहीं हटेंगे 30 घंटे से धरना चल रहा है और बिना किसी कट के आपूर्ति जारी है फिर रोजाना बार बार आपूर्ति क्यों काटी जाती है कावड यात्रा में विद्युत विभाग ने यदि कोई भी लापवाही की तो ेकव ओर रम को चेन से सोने नहीं देंगे ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान ने कहा कि ेकव ओर रम जनता की समस्याओं को घटाने के बजाए बढा रहे हैं बिजली के तार गली मौहल्लों में नीचे लटके पडे हैं यदि जनता की सुनवाई ना हुई तो ेकव कार्यालय में पशु भी बांधेंगे भाकियू पदाधिका. रियों ने भ्रष्टाचार के कई मुद्दे अधिकारियों के सामने रखे अधिशासी अभियंता ने सभी पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया भाकियू पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता अभिषेक सिंह को मांगपत्र सौंपा जिस पर अधिशासी अभियंता ने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और कल धरने पर ना आने के लिए ेकव ने खेद प्रकट किया इस मौके पर थानाध्यक्ष पुरकाजी जयबीर सिंह मय फोर्स के मौजूद रहे चेयरमैन पुरकाजी जहीर फारुकी, मोनू प्रधान, आदिल फरीदी, अंकुर सिंघल, सरदार बूटा सिंह, कमल बंसल, पंकज जोशी, शाहीन फरीदी ,पवन जिन्दल,धीरज गर्ग, सद्दाम फरीदी , शाहलम गौड, आजाद फरीदी, मनीष लोहे वाले, संजय सिंघल, राजेश मास्टर जी, अजय गोधना वाले, हरेन्द्र , दीपक माहेश्व. री, अंशुल, नवीन कुमार गोयल वंश अग्रवाल, विकसित उर्फ विक्की, आदि लोग मौजूद रहे।



# सिपाही सहित दो को सुनाई एक वर्ष की सजा

■ पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी को भगाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अट्ठारह नवबंर 2023 को कोर्ट में पेशी पर आए सुमित कुमार फरार हो गया था सुमित कुमार किसी मुकदमें में वांछित था और उसको गिरफ्तार कर कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था इस समय कोर्ट एडीजे-पन्द्रह में कोर्ट मुहर्रिर सिपाही पवन कुमार तैनात था और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल ने कोर्ट मोहर्रिर पवन कुमार व मुल्जिम सुमित कुमार के खिलाफ धारा 223, 224 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था। तभी से यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। उस समय मुकदमें में बताया गया था कि मुल्जिम को सिविल लाइन थाने में तैनात दरोगा आदेश कुमार ने सिपाही पवन कुमार की सुपुर्दगी में दिया था, लेकिन लाप. रवाही के चलते सुमित कुमार पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। यह मामला थाना सिविल लाइन में दर्ज किया गया था और उस समय आरोपी सिपाही को भी पुलिस विभाग की कार्यवाही झेलनी पड़ी थी।

आज कोर्ट ने कोर्ट मोहर्रिर सिपाही व मुल्जिम सुमित कुमार को एक वर्ष की सजा सुनाते हुए उन पर एक हजार रूपये का जुर्माना भी किया है।

## किशोरी से दुष्कर्म मामले में दो को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर।** विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट ने दो लोगों को सबूत व गवाहो के आधार पर आरा. ेपी सिद्ध होने पर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उन पर दस-दस हजार रूपये का जुर्माना भी किया है। अभियोजन के अनुसार बीस सितम्बर 2023 को ग्राम पलडा थाना शाहपुर के रहने वाले व्यक्ति ने शाहपुर थाने पहुंचकर पुलिस को एक लिखित तहरीर देकर अवगत कराया था कि रविन्द्र पुत्र प्रीतम सिंह व कपिल पुत्र विनोद कुमार निवासी हरसाना थाना झिंझाना जनपद शामली अट्ठारह सितम्बर को उसकी नाबालिक बेटी को ईख के खेत में ले गया और उसके साथ गलत कार्य किया। पुलिस ने इस मामले में धारा 376 ए, 506 आईपीसी व 3/4 पोस्को के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए रविन्द्र को 23 सितम्बर को और कपिल को 25 सितम्बर को पेश कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में छानबीन व विवेचना पूर्ण कर सोलह अक्टूबर 2023 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया यह मामला विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोस्को एक्ट में विचाराधीन था इस मुकदमें की पैरोकरी विशेष लोक अभियोजक विक्रांत राठी व दीपक गौतम के साथ पैरोकार रणधीर सिंह ने की। दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी-अपनी दलीले पेश करते हुए घटना से संबंधित सबूत व गवाह भी पेश किए गए, जहां कोर्ट ने दोनो को दोषी माना और दोनो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने दस-दस हजार रूपयें का जुर्माना भी लगाया है।

# अज्ञात वाहन ने तोड़ी विश्वकर्मा चौक की दीवार, तहरीर दी



मुजफ्फरनगर: क्षतिग्रस्त विश्वकर्मा मंदिर की दीवार को देखते समाज के लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भोपा रोड स्थित विश्वकर्मा चौक की बाहरी दीवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर तोड दिया। विश्वकर्मा चौक समिति के पदाधिकारी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और नई मंडी पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया कि जल्द ही सीसीटीवी कैमरे की मदद से टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की शिनाख्त कर सम्बंधित के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। विश्वकर्मा चौक पदाधिक. ारी मंडी कोतवाली जाकर एक तहरीर व मांग पत्र कोतवाल को दिया। मांगपत्र एवं तहरीर देने वालों में अध्यक्ष डॉक्टर नरेश विश्वकर्मा, मुकेश धीमान, जगदीश पांचाल, देशपाल पांचाल, मुक. ेश धीमान गालिबपुर, अंगेश धीमान, बिल्लू धीमान, चौक प्रभारी प्रदीप धीमान, अशोक धीमान, भीष्म धीमान पवन पांचाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## राशिद निभाएंगे सीनियर मिस्टर बॉडी बिल्डिंग में जज की भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश बॉडीबिल्डिंग संगठन के तत्वावधान में सीनियर मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग एवं फिजिक्स स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 14-15 जून को हिंदी भवन गाजियाबाद में किया जा रहा है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज त्यागी द्वारा पुरकाजी निवासी पूर्व स्टेट चैंपियन राशिद काजी को उक्त चैंपियनशिप में अतिथि व चैंपियनशिप की निर्णायक मंडली में जज के रूप में शामिल किया गया है। पूर्व स्टेट चैंपियन बॉडी बिल्डिंग राशिद काजी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर में प्रतिभागी शामिल होंगे और विभिन्न श्रेणियां में अपनी शारीरिक क्षमता एवं अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे। सीनियर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप पर वूमेन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप दिव्यांग बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप, मेंस फिजिक चैंपियनशिप 165 वर्ग में होगा।

राशिद काजी ने बताया कि इस आयोजन में प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर कुल 11 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। राशिद काजी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य फिटनेस एवं स्टेट कल्चर को बढावा देना है।

# पीड़ितों व शोषितों के साथ है भीम आर्मी: अंकुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव योगेन्द्र नगर मे पहुंचे भीम आर्मी पदाधिकारियो ने बंगाली समाज मे जाकर उनकी समस्याओं को सुना व न्याय दिलाने का आश्वा. सन दिया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर मे शुक्रवार की सुबह भीम आर्मी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बंगाली समाज समस्याओं को सुना जहां एक महिला ने बताया की उनकी जाति का एक व्यक्ति मुखबिरी का कार्य करता है। जो पुलिस प्रशासन को भर्मित कर बेगुनाह व्यक्तियों को फंसा कर धन उगाही का काम करता है। महिला ने बताया की निकटवर्ती जनपद मे मुखबिर द्वारा झूठे मामले फंसाने की धमकी देकर उनकी बेटी, पुत्र बधु व उसके साथ भारी शोषण किया गया है। ऐसे अनेक व्यक्ति बंगाली समाज को गर्त मे ले जाने का काम कर रहे हैं।

बंगाली समाज अन्य की तरह समाज मे सम्मानजनक जीवन जीना चाहता है।भीम आर्मी जिलाउपाध्यक्ष अंकुर गंगवालिया ने कहा की संगठन न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। समाज की मुख्यधारा व विकास से दूर वर्ग को न्याय व सम्मान दिलाने का काम किया जा रहा है। संगठन पीड़ितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगा। इस अवसर मुख्य रूप से टीकम बौद्ध पूर्व जिलाध्यक्ष, मनीष सम्राट जिलाप्रभारी, कामिल खान संगठन सचिव, मनीष कुमार, मंजीत बिनेश आदि मौजूद रहे।



# भीषण गर्मी से मिली आंशिक राहत आज कुछ सकून से बीता लोगों का दिन

## सड़कों पर जगह-जगह राहगीरों को लिए लगाई गई छबील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तेज हवाओं से तापमान में हल्की गिरावट तो आई,लेकिन उमस और गर्मी से राहत की उम्मीदों पर लू ने पानी फेर दिया। दिन भर अधिकतम तापमान जहा 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, वहीं 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं भी गर्मी को कम नहीं कर पाई। इसके चलते दोपहर बाद ची बाजारों में रोजाना की तरह सन्नाटा छाया का और लोगों का आवागमन कम ही रहा।

दरअसल बीते पांच दिनों से तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के

आसपास बना हुआ है जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और लू जैसी स्थिति में लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं शुक्रवार की सुबह तापमान में भले ही करीब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, लेकिन गर्म हवाओं यानि लू चलते गर्मी का असर कम नहीं हुआ। हालांकि बीता कुछ हद तक तहत महभूम को गई, लेकिन बाहर निकलना अब भी

चुनौतीपूर्ण चना रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि 15 जून के बाद प्रदेश में मानसून की आमद हो सकती है, जिससे तापमान में कई डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट संभावित है। विभाग का कहना है कि जैसे ही मानसून सक्रिय होगा, प्रचंड गर्मी पर विराम लगेगा और जीवन को राहत मिलेगी। साथ ही अनावश्यक रूप से धूप में बहर न निकलने, हलकट एवं जलयुक आहार लेने की अपील की गई है।

गर्मी से राहत देने हेतू अनेक संस्थाएं और व्यापारी सड़कों पर जगह-जगह प्याऊ लगाकर शीतल जल और मीठा शर्बत बांट रहे है। शर्बत बांटते लोग राहगीरों को प्रेमपूर्वक रोककर शर्बत पीने का आग्रह भी कर रहे है।

## पं. राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर यज्ञ संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कालोनी आर्य समाज में स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती पर आयोजित यज्ञ में आहूतियां अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया गया। संयोजक गजेंद्र सिंह राणा ने कहा कि महर्षि दयानंद के जीवन आदर्शों और स्वराज के संदेश से बिस्मिल आर्य समाज से जुडे थे। वेदपाठी संगीता राठी ने कहा कि माता के संस्कारों से बिस्मिल धर्म परायण देशभक्त बने। काकोरी की घटना ने आजादी आंदोलन को दिशा दी। यजमान मुकुट राज पुंडीर और दिल. बाग ठाकुर तथा यज्ञ ब्रह्म विपिन गर्ग रहे। संचालन अविनाश त्यागी ने किया। इस अवसर पर जय सिंह धीमान, विजय पाल सिंह, राधेश्याम, संतोष कुमार, दिनेश त्यागी अशोक राठी ने विचार रखे।

# गंग नहर में नहाते समय डूबे युवक का तीन दिन बाद मिला शव

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र स्थित गंग नहर में तीन दिन पूर्व नहाते समय डूबे युवक का शव शुक्रवार सुबह बरामद हुआ। शव सलावा बिजली प्लांट के समीप गंग नहर में तैरता हुआ मिला। युवक की पहचान कृष्णा पुरी, मुजफ्फरनगर निवासी हर्ष ठाकुर पुत्र लोकेश ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के बाद से ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हर्ष ठाकुर अपने दोस्तों के साथ खतौली क्षेत्र में गंग नहर पर नहाने गया था। नहाते समय वह तेज बहाव में बह गया और डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों व पुलिस टीम की मदद से युवक की तलाश शुरू की गई। मगर तीन दिनों की लगातार तलाश के बाद शुक्रवार सुबह युवक का शव सलावा बिजली घर के पास नहर में मिला। घटना की सूचना मिलते ही भैसी चौकी प्रभारी नन्द किशोर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। आवश्यक पंचनामा व कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस दुखद घटना से मृतक युवक के परि. जनों में शोक की लहर है। मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## एमडीए लाएं प्रधानमंत्री आवास निर्माण में प्रगति, दो माह में दिया जाएगा आवंटियों को कब्जा

**मुजफ्फरनगर।** शासन द्वारा नामित नोडल आफिसर एवं कमिश्नर सहारनपुर द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के उपरांत भोपा रोड पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत गरीब वर्ग के लोगों के लिए निर्मित किये जा रहे 224 भवनों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने संबंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था को कार्य की प्रगति बढाने के निर्देश दिये गये। जिससे कि आगामी एक से दो माह के अन्दर-अन्दर आवंटियों को कब्जा दिया जा सके। साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के भी निर्देश दिये गये। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि अवशेष कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण करा दिया जायेगा। निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा उचित गुणवत्ता के साथ तेज गति से कार्य कराने का आश्वासन दिया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने भी उक्त योजना में बाह्य विद्युतीकरण के कार्य में तेजी लाने के लिए मुख्य अभियन्ता, विद्युत विभाग से वार्ता की। साथ ही उपाध्यक्ष कविता मीना द्वारा ओवरहेड टैंक एवं सीवरेज निस्तारण हेतु नाले के प्रस्ताव को तत्काल अमल में लाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान एमडीए उपाध्यक्ष कवित मीना, सीडीओ कमल किशोर देशभूषण कंडारकर, एडीएम प्रशासन संजय सिंह, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम निकिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कारोबारी के घर से नकदी व जेवर उडाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार कोतवाली निवासी मौहम्मद नसीम पुत्र सद्दीक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कारोबार के सिलसिले में बाहर गया हुआ था और उसकी पत्नी मायके गई हुई थी आरोप है कि कारखाने में काम करने वाले मुस्तकीम ने उसकी गैर मौजुदगी में घर में रखे तीन लाख 25 हजार की नगदी व सोने चांदी के जेवर साफ कर दिए।

मौहम्मद नसीम ने पुलिस को तहरीर में बताया कि मुस्तकीम काफी समय से उसके कारखाने में काम करता था और वह घर पर ही रह रहा था। जब वह कारोबार के सिलसिले में बाहर गया हुआ था तो उसकी गैर मौजूदगी में मुस्तकीम ने घर में रखी नगदी और सोने-चांदी के जेवर साफ कर दिए। पीडित ने आरोपी का ठिकाना बताने के साथ



ही पुलिस को उसका मोबाइल नम्बर भी उपलब्ध कराया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# शाहपुर की सफाई व्यवस्था चरमराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** कस्बे की नगर पंचायत साफ सफाई में अव्वल रहने के दम भरती है, लेकिन जमीनी स्तर पर नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमराई हुई है जिसका जीता जागता सबूत आई जी आर एस की एक शिकायत पर लीपापोती कर देखने को मिला। शिकायतकर्ता ने कस्बे के मंसूरपुर मोड पर हो रही गंदगी को लेकर आई जी आर एस के माध्यम से जिलाधिकारी को शिकायत की थीं, इसके बाद नगर पंचायत कर्मचारी ने शिकायत स्थल पर साफ सफाई करने के बजाय टेक्नोलॉजी का सहारा लेकर फोटो में छेडछाड कर शिकायतकर्ता को गुमराह करने की भरपूर कोशिश की। लेकिन जब शिकायतकर्ता ने शिकायत स्थल का मौका मुआयना किया तो शिकायत स्थल पर कूडा करकट जौ का तो पडा मिला, जबकि कर्मियों द्वारा शिकायत का निस्तारण करने की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा चुकी है, यही हाल कस्बे में धार्मिक स्थलों, गोलियां, ओर चौराहों का है, कस्बे में कई स्थानों पर सफाईकर्मी दो से तीन दिनों तक कूडा नहीं उठाते हैं। मौजूदा कार्यकाल नगर पंचायत शाहपुर पूरी तरह पिछड रही है।

आमजन का कहना है कि आने वाले समय में नगर पंचायत शाहपुर को शिक्षित और कस्बे की आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले नेतृत्व की



आवश्यकता है।

# करंट से तीन दुधारू भैंसे और एक कटड़े की मौत

**बुढाना।** एलटी लाइन का जर्जर विद्युत तार अचानक से टूटकर जमीन पर पडे पानी में गिर गया। जिसमें पानी में करंट आने पर तीन दुधारू भैंसों और एक कटडे ने तडप तडपकर दम तोड दिया जबकि दो दुधारु भैंसें बुरी तरह से झुलस गयी। जिनमें से एक की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंचे विद्युतकर्मियों को ग्रामीणों ने दौडा लिया। उधर लेखपाल ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेकर पीडित को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सठेडी में आज शुक्रवार की सायं लगभग 3 बजे एलटी का एक जर्जर तार राजीव पुत्र अशोक त्यागी की भैंसों के पास पडे पानी में गिर गया तो सभी भैंसें करंट की चपेट में आ गयी। इससे पहले कोई कुछ समझाता तब एक एक करके भैंसों ने करंट की चपेट में आकर दम तोड दिया। तब पडोसियों ने विद्युतकर्मियों को फोन करके बिजली आपूर्ती बंद करवाई लेकिन तब तक तीन दुधारू भैंसें और एक कटडा मौके पर ही दम तोड चुका था जबकि दो दुधारु भैंसें बुरी तरह से झुलस गयी थी। मौके पर आए आक्रोशित कुछ ग्रामीणों ने विद्युतकर्मियों को दौडा लिया। इस घटना की सूचना पर मौके पर लेखपाल भी पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कर मुआवजा दिलाऊ जाने का आश्वासन दिया। घटना को लेकर पशु पालक राजीव का रो रोकर बुरा हाल है और चार लाख रुपये के आसपास का नुकसान है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष है।

# विजय रूपानी से कई बार मिले सत्यप्रकाश रेशू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गुजरात के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी से सत्यप्रकाश रेशू कई बार मिले। पहली बार गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली बिजनेस मीट के संबंध में दिल्ली के एक पांच सितारा




होटल में भेट हुई। जिसमें सत्यप्रकाश रेशू ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री को 145 करोड़ भारतीयो के हित से जुड़ी कई योजनाओं प्रस्तुत की। जिस पर विजय रूपानी ने सत्यप्रकाश रेशू को अहमदाबाद के गांधी नगर में आने का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया। गांधी नगर में 10 जनवरी से 13 जनवरी 2017 को आने का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया। उसके बाद 18 जनवरी 2029 को विजय रूपानी के माध्यम से मुजफ्फरनगर के ओडीओपी गुड़ का ब्रोसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सत्यप्रकाश रेशू विजय रूपानी की साथ दोपहर के लंच में भी उपस्थित रहे थे। रेशू की जानकारी के अनुसार जैन समाज में जन्मे विजय रूपानी किसी भी नये उधमी को पहचान दिलाने में सदैव अग्रिमता निभाते थे। जिसके कारण सत्यप्रकाश रेशू के भी कई शोध उनको बहुत पसंद आये थे। वे सभी शोध एक ना एक दिन भारत की युवा पीढ़ी के माध्यम से पूरे विश्व के काम आयेगे। उनके समय से पूर्व दिवंगत होने पर मुजफ्फरनगर व देशवासियो की ओर से सत्यप्रकाश रेशू ने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

# होली चाइल्ड में नमामी गंगे थीम पर हुई प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा, मुजफ्फरनगर के सभागार में 'राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत' के सौजन्य से नमानी गंगे थीम पर गंगा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एक पुस्तक मेला, पोस्टर प्रतियोगिता एवं गंगा इतिहास पर कहानी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्रेटिव राईटर सिमरन कालसी, प्रोग्राम कॉर्डीनेटर मनीभूषण, सदस्य बाल कल्याण समिति डॉ. राजीव कुमार, रजनीश कुमार, अमरीश कुमार और प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अनाया, आकाश, शिवांश, आदित्य, सोनाक्षी, वैष्णवी और अर्शी को अतिथियों द्वारा पुस्तकें देकर पुरस्कृत किया गया। सिमरन कालसी ने अपने उद्‌बोधन में गंगा की महत्वता के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत द्वारा यह पुस्तक मेला गंगा पुस्तक परिक्रमा एवं बाल गतिविधियों पर आधारित है जिसमें बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-कहानी सुनाना और पोस्टर बनाना करायी जाती है, क्योंकि गंगा नदी को आदर और स्नेह से माँ कहा जाता है। गंगा नदी ने पृथ्वी के सर्वाधिक उपजाऊ और सघन आबादी वाले क्षेत्र को पोषित कर नदियों के किनारों पर सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मनी भूषण ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि गंगा जहाँ से होकर जा रही है वही-वही से यह मोबाइल वेन पुस्तक मेले एवं गंगा आधारित गतिविधियां करायी जा रही है। डॉ0 राजीव कुमार ने कहा कि गंगा के साथ-साथ जल भी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, हमें गंगा का संरक्षण करना चाहिए और जल भी बचाना चाहिए जो कि आने वाले भविष्य में हमें जल की कमी न रहें। रजनीश कुमार ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हमें जल के प्रति जागरूक होना चाहिए और जल का दुरूप्रयोग व जल को प्रदूषित करने से रोकना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में कहानी प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों ने बढ-चढ कर हिस्सा लिया।

अन्त में प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में कुलदीप कुमार, रामकिशन, संजय, राजकुमार, अजीत सिंह, सतकुमार, सचिन कश्यप आदि उपस्थित रहें।

# विमान हादसे में मृत आत्माओं की शांति को संस्थाओं ने की शोकसभा

## हर कोई दुखी है अहमदाबाद में हुए विमान हादसे से, शोक सभा कर मृतकों को दी गई श्रद्धाजंलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू तोमर की शोक सभा में कहा गया कि कल जो अहमदाबाद मे प्लैन क्रैश हुआ वो बहुत ही दुखद घटना है और कल से पूरा देश गम मे डूबा है मेरी मिडिया के माध्यम से भारत सरकार से अपील है कि इस प्रकरण कि पूरी तरह से जांच करायी जाऐ और किस वजह से 242 पेसेजरो से भरा विमान उडते ही जमीन पर जा गिरा और विमान के गिरते ही सारा माहौल मातम मे बदल गया चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि किसान के ट्रैक्टर कि उमर कुल 10 साल कि गयी है और जो विमान 242 लोगो को ले जा रहा था उसकी उमर 11 साल थी जिस तरीके से कल ये बडा हादसा हुआ ये पूरी तरीके से ऐअर इंडिया ऐअर लेस कि गलती से हादसा हुआ है इस को निष्पक्ष जांच हो वहीं चौधरी संजीव तोमर ने राष्ट्रीय कार्यालय पर अपनी टीम के साथ 2 मिनट मोन व्रत किया ।।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी पवन त्यागी भूपेंद्र चौहान संदीप चौहान अकित कुमार विपिन कुमार सादिक आदि मौजूद रहे।

### विमान हादसे को लेकर गमजदा हुए अधिवक्ता

**बुढाना।** बीते कल दोपहर जनपद अहमदाबाद में हुए बडद्दे विमान हादसे को लेकर बार एसोसिएशन बुढाना से जुडे सभी अधिवक्ता शुक्रवार के दिन बहुत ही गमजदा नजर आए। इस संबंध में सभी अधिवक्ताओं की एक आपात बैठक बार कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण किया और ईश्वर से मृतकों के परिवार को सब्र करने की कामना की। बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद त्यागी ने विमान दुर्घटना में परिजन को खोने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व सहानुभूति व्यक्त की और कहा कि ये हादसा बेहद दर्दनाक व दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने ईश्वर से ये ही प्रार्थना करते हैं कि इस हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा को शांति प्रदान करें और जो घायल हैं उन्हें जल्द स्वस्थ करें साथ ही इस दु:ख की घडी में प्रभावित परिवारों को मान. सिक शक्ति व धैर्य प्रदान करें। बार महासचिव ओमपाल मलिक ने कहा कि विमान क्रेस होने से कई नागरिकों, महिलाओं और छोटे बच्चों की जान चली गई जो कि बहुत ही दुखद घटना है। पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, इलियास सैफी, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग, प्रशांत शर्मा, ओम प्रकाश, ईश्वर दयाल संगल, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, अलीम सिद्दीकी, योगेश सैनी, अचल कुमार, संदीप बालियान, एहतशाम सिद्दीकी, ख्र ष्णा त्यागी, संजीव पंवार और शाहजेब सिद्दीकी आदि ने दुख जताया।

### विमान हादसे पर जमीयत ने जताया गहरा शोक

**बुढाना।** गुजरात के अहमदाबाद में बीते बुधवार को हुए भयावह विमान हादसे को लेकर जमीयत उलमा ए हिंद की स्थानीय इकाई बुढाना ने गहरा शोक व्यक्त किया है और सरकार से उच्च स्तरीय जांच के साथ साथ पीडितों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। यह हादसा उस समय हुआ जब एयर इंडिया की एक अंत. रराष्ट्रीय फ्लाइट ऐआई-171 जो अहमदाबाद से लंदन जा रही थी उडान भरने के कुछ मिनटों के भीतर तकनीकी खराबी के कारण मेघानी नगर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। विमान का एक हिस्सा बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर जा गिरा जिससे वहां मौजूद कई छात्र और स्टाफ के सदस्य भी इसकी चपेट में आ गए। जमीयत उलमा ए हिंद बुढाना के अध्यक्ष मुफ्ती फरमान कासमी व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने हादसे को मानवीय त्रासदी बताते हुए कहा कि हम इस हादसे में मारे गए तमाम लोगों को खिराजे अकीदत पेश करते हैं और उनके परिजनों के लिए सब्र की दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि इस हादसे ने हमें सहमा दिया ओर यह बहुत ही दुखद घटना है। जमीयत उलमा ए हिन्द के पदा. धिकारियों ने हादसे की उच्च स्तरीय, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कराई जाने की भी मांग की। शोक व्यक्त करने वालो में हाफिज तहसीन, हाफिज राशिद, मुफ्ती वसीम, मुफ्ती असरार, मुफ्ती यामीन, मौलाना आसिफ इस्लाही, कौशर अली राणा, अशरफद्द कुरैशी, नवेद फरीदी व हाजी शराफत अली हैं।

बीते दिन अहमदाबाद से लंदन के लिए जा रहा एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद में क्रैश हो गया था। इस घटना में विमान में सवार सभी यात्री तथा कर्मचारियों की मौत हो गई। घटनास्थल पर मैडिकल छात्रों की मौत हो गई। घटना को लेकर बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव फुगाना में एक शोक सभा का आयोजन हुआ। शोक सभा में दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की गई।

मिली जानकारी के अनुसार बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव फुगाना में पूर्व प्रधान थाम सिंह के घेर में किसानों ने घटना को लेकर चर्चा की। घटना पर गहरा शोक प्रकट किया। सभी किसानों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की। किसानों ने सरकार से उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की। इस मौके पर पूर्व प्रधान थाम सिंह मलिक, मुकेश मलिक, कुलदीप मलिक, सुभाष मलिक, सहदेव मलिक, राजीव मलिक, जगपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, तेजपाल सिंह, पिंटू सिंह और जोगेंद्र मलिक आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को खतौली वासियों ने दी श्रद्धांजलि, स्थानीय पत्रकारों ने जताया शोक

**खतौली।** अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को लेकर शुक्रवार को खतौली वासियों एवं स्थानीय मीडिया कर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। नगर के प्रमुख स्थान पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई।इस दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने हादसे को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने शोक संतप्त परि. जनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस असीम पीडघ को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक सभा में स्थानीय पत्रकार बंधुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और नगरवासियों की उपस्थिति रही। इस दौरान कहा गया कि ऐसे हादसे भविष्य में न हों, इसके लिए सरकार को और अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

शोक सभा का आयोजन नगर के वरिष्ठ पत्रकारों और सामाजिक संगठनों की ओर से संयुक्त रूप से किया गया। अंत में सभी ने एक स्वर में मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा मे मीडिया कर्मियों में आशुतोष मिश्रा, विनित शर्मा, आशीष सैनी, बसंत गौतम, शाहिद, विशाल कौशिक, नवनीत शर्मा, अरविंद सैनी, डॉक्टर भोग्यान, शेखर चौहान, नफीस, आदि समेत नगर वासियों में अजय जनमेजय, गौरी शंकर गौरी, आशु अहलावत, भाकियू नेता राहुल अहलावत, अभिषेक चौधरी, अनिल जैन, सुनील जैन, अभिषेक गोयल, सचिन आर्य, राजबीर सिंह, मोनू मंगवानी, मनोज मोतला, जोनी, देवेश शर्मा, आशीष जोनी आदि मौजूद रहे।

### मैं क्रांतिकारी शालू सैनी दु:ख और पीड़ा की इस घड़ी में नि:शब्द हूं'।

**मुजफ्फरनगर।** आज का दिन अत्यंत दु:खद और पीडादायक रहा। अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने न जाने कितने घरों के चिराग बुझा दिए, न जाने कितने सपनों को अध. ूरा छोड दिया। इस हृदयविदारक घटना में जिनकी जानें गईं, वे केवल आंकडे नहीं थे, वे किसी के बेटे-बेटी, किसी के माता-पिता, किसी के साथी और किसी के जीवन का केंद्र थे। हम उन सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह उनके परिवारों को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति दे।

यह हादसा एक गहरी याद दिलाता है कि जीवन कितना नाजुक है , एक क्षण में सब कुछ बदल सकता है। शब्द नहीं हैं इस शोक को व्यक्त करने को, आंसुओं से भी भारी है यह हादसे की पीडा। जो चले गए, उन्हें नमन है हमारा। ईश्वर इस दु:ख की घडी में हम सबको सहनशीलता और करुणा प्रदान करे।




मुजफ्फरनगर: प्लेन क्रैश हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते भाकियू तोमर कार्यकर्ता।



बुढ़ाना: फुगाना में पूर्व प्रधान के आवास पर शोक सभा में शामिल ग्रामीण।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे छोटे पुत्र मौ. फुरकान का आचरण व चाल-चलन ठीक नहीं है। गलत लोगो की संगत में रहकर मेरे और परिवार के कहने सुनने से बाहर है। मौ. फुरकान किसी से भी रूपये लेने के बाद उसके रूपये वापस नही देता और दिनांक 15.04. 2025 से घर से फरार है। जिससे समाज में मेरी छवि खराब हो रही है। उसकी हरकतों से तंग व परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए उससे अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिए है। मौ फुरकान के किसी भी लेन देन, लडाई झगड़े या कानूनी आपदा के लिए मौ. फुरकान स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे अन्य परिवारजनो की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**कोशर अली पुत्र श्री मकसूद**
**निवासी-म.नं०-173**
**ग्राम गादला, थाना भोपा,**
**तहसील जानसठ,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अजय कुमार व उसकी पत्नी मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गए हैं। इसलिए मैने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमती पार्वती पत्नी**
**श्री रामअवतार**
**निवासी-100 तेल गोदाम,**
**सिविल लाईन्स,**
**थाना सिविल लाईन**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा बडा पुत्र सुहैल व पुत्रवधु सूफिया मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पडकर सुहैल व सूफिया ने परिवार को तंग व परेशान कर रखा है। जिस कारण मैने और परिवार के अन्य सदस्यों ने इन दोनों से तमाम सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनो के किसी भी कृत्य व लेन देन या वाद विवाद की मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। अपने प्रत्येक किये गये सही गलत कार्य के लिए ये दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति फरजाना पत्नि शमीम**
**निवासी-मौहल्ला नूरबाफान,**
**कस्बा व थाना चरथावल,**
**जनपद-मुजफ्फरनगर**
**( यूपी ) हाल**
**निवासी-पटियाला, पंजाब।**

**सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब**

(आर्डर 5, कायदा 1व 5) न्यायालय उपजिलाधिकारी/अतिरिक्त स्थाई न्यायालय मुजफ्फरनगर।

वाद संख्या-8203 सन 2024

कालूराम आदि पुत्र स्व. ज्योति उर्फ जौली निवासी ग्राम अलीपुरकंला परगना बघरा तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर।...**बनाम**

1.श्रीमति धर्मवती पत्नी रमेश, निवासी कस्बा तितरौ, परगना ननौता तहसील नकूड जिला सहारनपुर। 2. जसबीर पुत्र राजपाल निवासी ग्राम मनोहरपुर, परगना व तहसील देवबन्द जिला-सहारनपुर। 3. श्रीमति अमरेश पत्नि यशपाल निवासी ग्राम लालूखेडी, परगना बघरा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। 4. कु. पूजा नाबालिग पुत्रीगण नरेश कु. ज्योति व 5. कु. ज्योति आयु करीब 15 वर्ष कु. दिव्या नाबालिगान द्वारा संरक्षक पिता, 6. कु. दिव्या आयु करीब 11 वर्ष नरेश पुत्र बलजोर निवासी ग्राम अलीपुर कंला परगना बघरा तह. व जिला मु.नगर। 7. तिरथपाल पुत्रगण स्व. करतार सिंह ग्राम अलीपुर कलां परगना बघरा, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर 8. किरणपाल। मैं आपके नाम नालिश बाबत दरगाह के दायर की में लिहाजा आप को हुक्म होता है आप बतारीख के जो माह सन 2025-06-27 ई0 10 ववक्त बजे दिन में असालतम या माफत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे और उसी रोज अना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तवेजी को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 13 माह 06 सन 2025 ई0 जारी किया गया है। **न्यायालय उपजिलाधिकारी अतिरिक्त स्थाई न्यायालय मुजफ्फरनगर।**

# रेलवे आरक्षण में दलालों का कब्जा

## खतौली रेलवे स्टेशन पर जमकर हुआ हंगामा, पुलिस ने पहुंचकर कराया शांत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रेलवे आरक्षण प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार और दलालों की बढती सक्रियता से परेशान यात्रियों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पडा। खतौली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों ने आरक्षण टिकटों को लेकर भारी हंगामा किया। यात्रियों का आरोप था कि स्टेशन कर्मचारी दलालों से साठगांठ कर पहले ही आरक्षित टिकट उन्हें बेच देते हैं, जिससे आम यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाते है।

शुक्रवार की सुबह कई यात्री खतौली रेलवे स्टेशन पर टिकट बुक कराने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें बताया गया कि टिकट समाप्त हो चुके हैं। इस पर यात्रियों ने नाराजगी जताई और स्टेशन परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। आरोप था कि कुछ दलाल बाहर के शहरों से आकर अलसुबह ही बडी संख्या में आरक्षित टिकट खरीद लेते हैं। हंगामा इतना बढ गया कि पुलिस के सामने ही लोगों के बीच बात हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर यात्रियों को शांत कराया।

यात्रियों ने स्टेशन कर्मचारियों पर दलालों के साथ मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए। यात्रियों ने कहा कि हर दिन ब्लोरो कार सवार चेहरे ऐसे होते हैं जो लाइन में न लगकर सीधे टिकट खिड़की के ऑफिस में पहुँच सीधे टिकट खरीद लेते हैं, जबकि आम लोगों को घंटों इंतजार के बाद भी टिकट नहीं मिलते।

यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि आरक्षण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए और ऐसे दलालों पर सख्त कार्रवाई की जाए जो आम यात्रियों की यात्रा में बाधा डाल रहे हैं।

### प्रशासन मौन, यात्री परेशान

इस मामले में यात्रियों की शिकायतों के बाद भी स्टेशन अधीक्षक ने कोई कार्यवाई नही की है और न ही आरक्षण विभाग के किसी अधिकारी ने स्थिति स्पष्ट की है।

यात्रियों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस तरह का मामला कस्बा खतौली में ही शहर व अन्य स्थानों पर भी है जिससे लेकर यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

## टिकट काउंटर पर सीसीटीवी निगरानी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** हंगामे के बाद यात्रियों ने मांग की कि टिकट काउंटर पर सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कौन व्यक्ति कितनी बार टिकट ले रहा है और क्या उसमें कोई गडबडी हो रही है। खतौली में रेल आरक्षण व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

जरूरत है कि रेलवे प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाए ताकि आम यात्रियों को राहत मिल सके।



खतौली: रेलवे काउंटर पर हंगामा कर रहे लोगों को समझाते पुलिसकर्मी।

# राजवीर के हमलावरों को धरती खा गई या आसमान निगल गया

## हमलावरों की धरपकड़ में नाकाम रही क्राइम टीम

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** 19 मई को लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा पर स्कूल परिसर में ही किए गए जानलेवा हमले को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खडे हो गए हैं। घटना के 23 दिन बाद भी हमले में शामिल सात में से एक भी आरोपी पुलिस गिरफ्तार नही कर पाई है। लेकिन गुरुवार को एक आरोपी चालक पंकज ने अचानक कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी के सरेंडर के बाद अब पुलिस आरोपी को रिमांड पर लाकर फरार आरो. पियों के पत्ते पर पत्ते खोल सकती है। पंकज के सरेंडर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खडध्े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि पंकज ने पुलिस की आंखों में धूल झोंकते हुए सीधे कोर्ट में सरेंडर किया। अब पुलिस उसे रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है, ताकि अन्य फरार आरोपियों का सुराग मिल सके।

गौरतलब है कि 19 मई को लाल दयाल पब्लिक स्कूल के संस्थापक राजवीर सिंह वर्मा पर उन्हीं के स्कूल में कार्यरत कुछ शिक्षकों और ड्राइवरों ने उनके ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल राजवीर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमलावरों की पहचान हो जाने के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। परिजन और स्थानीय लोग पुलिस की निष्क्रियता से बेहद नाराज हैं। क्राइम ब्रांच की टीम को जांच सौंपी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी। अब देखना होगा कि कोर्ट में सरेंडर करने वाले आरोपी पंकज से पूछताछ में पुलिस को क्या सुराग मिलते हैं और क्या इससे अन्य हमलावरों तक पहुंचने का रास्ता खुलेगा। वही दूसरी और राजवीर के फरार हमलावर सजा से बचने के लिए कोर्ट में सरेंडर करने या स्टे लेने की जुगत भिड़ा रहे है। पीड़ित इस मामले में पुलिस की नाकामी व लापरवाही मान रहा है। बता दे कि यह मामला खतौली कस्बे में पुरी तरह चर्चाओं में रहा और पुलिस अधिकारियों से भी यह घटना संज्ञान में है, लेकिन इसके बावजुद पुलिस के हाथ खाली है।

## नशीला पदार्थ सुंघाकर युवती से बलात्कार

**छपार।** एक युवक ने युवती को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ बलात्कार किया। परिजनों ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की पीडिता की मां के साथ भी मारपीट की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि 28 मई को पडोस का युवक नर्सित उसकी पुत्री को घर छोडने के बहाने बाइक पर बैठा कर ले गया और उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ बलात्कार किया। युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। परिजनों ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की तो उन्होंने युवती की मां के साथ मारपीट की। युवती ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी।कई दिनों तक कार्रवाई नहीं हुई तो पीडिता ने कुछ महिलाओं के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी।

# दवाई लेकर जा रहे युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** डाक्टर से दवाई लेकर अपने घर लौट रहे एक युवक को अन्य चार युवकों ने रोककर किसी बात पर उसकी लात, मुक्कों व बैल्ट से पिटाई की और फरार हो गये। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार साजिद अहमद पुत्र युनुस निवासी ग्राम जौला ने बुढाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि बीती 12 जून की सुबह वह डॉक्टर के यहां से दवाई लेकर अपने घर आ रहा था। रास्ते में उसे अजमल खां पुत्र वाकर निवासी ग्राम भैंसानी थानाभवन जिला शामली ने आवाज लगाकर रोक लिया तो तभी जुम्मा पुत्र रजाक, नादिर पुत्र मुन्ना निवासीगण गांव जौला और अजमल खां निवासी ग्राम भैंसानी ने एक राय होकर उसको बैल्ट, लात व मुक्कों से बुरी तरह घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आते जाते लोगों ने उसको बचाया तो आरोपी यह कहकर चले गये कि अगर अबकी बार रास्ते से गाडी हटाने को कहने की हिम्मत की तो हम तुझे जान से मार देगें। पीडित साजिद अहमद ने अपने आपको निर्दोष बताते हुए बुढाना पुलिस से चारों आरोपियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर दूसरी और बुढाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है वहीं आरोपी फिलहाल फरार हैं।

## दतियाना गोली कांड में दो मुकदमे दर्ज

**छपार।** तीन दिन पूर्व गांव दतियाना में हुए गोली कांड में पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दतियाना में बुधवार की रात में दो पक्षों में गोलियां चलने से एक युवक की मौत हो गई। और एक गंभीर घायल हो गया घायल का मेरठ में उपचार चल रहा है। मृतक के पिता रामकुमार की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के घायल विनोद व उसके तीन भाई और अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। दूसरे पक्ष की रामो देवी की ओर से मृतक दीपक सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है। तीन दिन बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। सीओ सदर ने बताया कि दोनों और से रिपोर्ट दर्ज की गई है और जांच शुरू हो गई है।

# शराबी ट्रैक्टर चालक ने कार व दो बाइकों को किया क्षतिग्रस्त

## लोगों ने नशा उतारकर किया पुलिस के हवाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एक शराबी ट्रेक्टर चालक ने रोड किनारे खडी एक कार और दो बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसमें एक महिला दारोगा सहित तीन लोग घायल हो गये। आक्रोशित लोगों ने ट्रेक्टर चालक का नशा उतारकर मौके पर आई पुलिस के हवाले कर दिया। बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरथल का निवासी प्रवीण पुत्र मेनपाल आज शुक्रवार की सायं कस्बे से कुछ कार्य निपटाकर ट्रेक्टर लेकर अपने घर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह शराब पीये हुए था। जब वह ट्रेक्टर लेकर बुढाना कस्बे के भारत चौक पर आया तो उसने सामने खडी कार पर ट्रेक्टर चढा दिया और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया जबकि कार में बैठी महिला पुलिसकर्मी, उसका पति और दो बच्चे मामूली रुप घायल हो गये। इसके बाद ट्रेक्टर वहीं पर खडी दो बाइकों पर चढकर बंद हो गया। जिसमें दोनों बाइकों पर बैठे एक बाइक का चालक अनीस निवासी कल्याणपुर के पेर में और गांव कुरथल निवासी रजनीश घायल हो गये। तब लोगों ने ट्रेक्टर चालक को पकड लिया और उसका नशा उतारकर मौके पर आई बुढाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तीनों क्षतिग्रस्त वाहनों और ट्रेक्टर चालक को ट्रेक्टर सहित कोतवाली और घायलों को हस्पताल भिजवाकर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

# महिला शक्ति केन्द्र योजना के बारे में दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** एसएसपी के निर्देशन में बुढाना कोतवाली की एण्टी रोमियों टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अभियान चलाया गया। महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर पंप्लेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरुक किया। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में बुढघना कोतवाली की एंटी रोमियो टीमों द्वारा क्षेत्र में पडने वाले गांवो, कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक स्थलों आदि के आसपास मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं हेल्पलाईन नम्बरों ट्वीटर सेवा, डॉयल 112, हेल्प लाइन 181, वुमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 1076, वन स्टॉप सेन्टर 181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102 व एंबुलेंस सेवा 108 आदि तथा जनसुनवाई पोर्टल और स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंप्लेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया।

# पूर्व प्रमुख ने की फतेहपुर खेड़ी के विकास की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने आज शुक्रवार के दिन बुढाना ब्लाक क्षेत्र के गांव फतेहपुर नीमखेडी में पहुंचकर सभी ग्रामीणों को उस समय हर्षित कर दिया जब उन्होंने एक के बाद एक कई घोषणाएं गांव के विकास के लिए की। इस दौरान यहां पर सैंकडों ग्रामीणों ने पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का फूल मालाओं से ढोल नगाडों की थाप पर भव्य स्वागत करते हुए रालोद जिंदाबाद, प्रमुख विनोद मलिक जिंदाबाद और चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी के साथ लगाए। इस दौरान यहां पर भारी संख्या में सैनी समाज के साथ साथ मुस्लिम समाज भी नजर आया। सभी ने पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के समक्ष कुछ समस्याओं को रखते हुए बताया कि गांव के मुख्य बस स्टैंड पर भयंकर गर्मी के चलते एक बडा वाटर कूलर लगवाने और गांव में कब्रिस्तान की बाउंड्री को बनवाने की मांग की। जिस पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने विकास की गंगा बहाते हुए खुले मंच से घोषणा की कि वे इन दोनों समस्याओं का निस्तारण कर अन्य विकास



कार्यों को भी करवाएंगे। तब ग्रामीणों ने एक बार फिर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का आभार जताते हुए उत्साहित होकर चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह अमर रहे के भी नारे लगाकर पूरी सभा को राला. 'दमय कर दिया। यहां सागडघे प्रधान जितेंद्र, ईश्वर प्रधान नीमखेडी, जितेंद्र सैनी, पूर्व प्रधान साहब सिंह सैनी, विकास सैनी प्रधानाचार्य ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, फतेह खां, नौशाद, तैय्यब और दीपक कश्यप आदि सैंकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक मिथलेश पाल ने सीकरी मे चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** क्षेत्र के गांव सीकरी मे विधायक मिथलेशपाल ने सदस्यता अभियान चलाया। भारी संख्या मे ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की व गांव की समस्याओं से अवगत कराया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव सीकरी मे राष्ट्रीय लोकदल द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। क्षेत्र की विधायक मिथलेश ने कहा की प्रदेश की सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कार्य कर रही है।राष्ट्रीय लोकदल प्रत्येक को सम्मान दिलाने का कार्य कर रही है। स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह व स्वर्गीय चौ. अजीत चौधरी सर्व समाज के नेता रहे हैँ। जयंत चौधरी किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के आदर्शो को लेकर किसान, मजदूर सहित समाज के निम्न वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैँ। पूर्व प्रधान इरफान अली अप्पी ने कहा की सामजिक एकता सबसे बड़ी ताकत है।आपसी सौहार्द को मजबूत कर पार्टी को मजबूत करने का काम कार्यकर्ता करेंगे।

वहीं ग्रामीणों ने विधायक मिथलेशपाल को गांव मे टूटे पड़े मार्गो व गांव मे तरक्की न होने की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष अजित राठी आदि का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गुलाम मोहम्मद, कलीम,शाहवेज, फुरकान, शब्बू, वकार, ताहिर, मुकीस, अबूजर, गुलफाम, मारूफ, कसीम, शाहरुख, प्रवेज, फरमान, मौ. मियां, इनाम, सुरेश प्रधान, राजन प्रधान, समीउल्ला, इशरत अली, तारिक, निसार, इकबाल, माअदो, खलील,अजमल आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सोफिया पर टिप्पणी करने वाले मंत्री पर वकीलों में गुस्सा



**बुढाना।** देश की शान कर्नल सोफिया कुरैशी के विषय में भारतीय जनता पार्टी के एक मंत्री के द्वारा बीते दिनों गलत वक्तव्य दिए जाने पर जहां एक और पूरे देश की जनता में काफी रोष पनप रहा है वहीं दूसरी और ऐसी गलत ब्यानबाजी की बार एसोसिएशन बुढाना ने भी आज शुक्रवार के दिन कडे शब्दों में घोर निंदा की है। उन्होंने एसडीएम कार्यालय के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन कर मंत्री के विरुद्ध कडी कार्यवाही की मांग प्रधानमंत्री से की। इस दौरान बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना की सम्मानित अधिकारी हैं। वे लाखों महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं। मंत्री की टिप्पणी समाज में महिला विरोधी सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह सैन्य बल और देश की बेटियों का अपमान है। सभी अधिवक्ताओं ने मंत्री के बयान की निंदा की। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने मोखिक रूप से मंत्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की और चेतावनी देते हुए कहा कि यह केवल बुढाना के अधिवक्ताओं की लडघई नहीं है। यह पूरे देश की महिलाओं और सेना के सम्मान का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जल्द कार्रवाई न होने पर वे आंदोलन शुरू करेंगे। प्रदर्शन करने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रुप से पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, मेहराज कुरैशी और जाकिर अली आदि अधिवक्ता थे।



जानसठ: भीषण गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाते जानसठवासी।

# किसानों को दी गई कृषि ऋण की जानकारी

## एसबीआई बैंक ने लगाया जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा बुढाना द्वारा आज शुक्रवार के दिन कृषि ऋण जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। उक्त शाखा के प्रबंधक नीरज कुमार ने शिविर में मौजूद किसानों को विभिन्न कृषि ऋण की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को कृषि ऋण के अलावा अन्य कार्यों के घलिए भी ऋण लेने के बारे में पूरी जानकारी दी। यहां पर क्षेत्राधिकारी सुधीर शर्मा ने किसानों को बताया कि समय पर ऋण जमा करने से किसानों को ब्याज में विशेष छूट मिल जाती है। किसान की सिबिल रिपोर्ट भी ठीक रहती है। सिबिल रिपोर्ट कम होने पर कोई बैंक आपको ऋण नही देगा। बैंक के अधिकारियों ने किसानों को कृषि ऋण की जानकारी देने के साथ साथ समय पर ऋण जमा करने की बात कही। इस मौके पर डेयरी पर ऋण लेने वालों में मुख्य रूप से अमित कुमार गांव लुहसाना, राजेंद्र कुमार गांव कुरालसी तथा अशोक कुमार निवासी गांव बिटावदा को शाखा प्रबंधक नीरज कुमार ने शाल भेंट कर सम्मानित किया।

# भगवान वीतरागी होते हैं, जो वीतरागी नहीं यह तो मेहमान है

## खतौली में आचार्य विमर्श सागर जी महाराज ने दिया प्रवचन

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जीवन है पानी की बूंदह महाकाव्य जिनकी मूल रचना एवं महाकृति है। जो विशाल चतुर्विध संघ के कुशल संचालक एवं अधिनायक है, अतएव संघ शिरोमणि हैं। जो निष्प्रहता, अनासक्ति, स्वाभिमानी, आदि अनेक गुणों को धारण करने से 'भावलिंगी संत' के रूप में लोक में विख्यात है। जैन एकता के लिए जिन्होंने षजिनागम पंथह का सर्वोच्च्य नारा प्रदान किया, ऐसे वर्तमान संत परंपरा के सर्वोच्च साधक आचार्य प्रवर श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज वर्तमान में धर्मनगरी खतौली में संघ सहित विराजमान रहकर धर्म-पिपासुओं को अमृतपान करा रहे हैं। खतौली समाज में आचार्य संघ के आगमन से अभूतपूर्व उत्साह-उल्लास देखा जा



रहा है।

प्रातः काल की मंगल बेला में उपस्थित विशाल जनसमूह को धर्मोपदेश प्रदान करते हुए आचार्यश्री ने कहा- इक संकल्प जगायें हम, इस भव प्रभु को पायें हम, भव सागर से तिरने को, गीत प्रभु के गायें हम, नयनों में प्रभु का, हो-हो, ही रूप समाये रे..जीवन है पानी की बूँदै, कब मिट जाये । चैतन्य गुण से मण्डित जीव पदार्थ इन आँखों से दिखाई नहीं देता ।

इन आंखों से दिखाई देते हैं मात्र बाहय जड पदार्थ, सो इस चेतन जीव को अज्ञानता के कारण अपनी स्वयं की महिमा नहीं आती अपितु बाह्य चमक-भडक के कारण बाहरी जड पदार्थों की ही महिमा आती हैं। ध्यान रखना, जिसकी बुद्धि जड पदार्थों में लगी है वही जडबुद्धि है। चेतन जीव के द्रव्य, गुण, पर्यायों से जड पदार्थ के द्रव्य, गुण, पर्याय अत्यंत पृथक है ऐसा जो उपदेश दिया वे 'जिनेन्द्र भगवान' है। बन्धुओं ! आप अपने बेटे की शिक्षा के लिए अच्छे से अच्छा स्कूल-कॉलेज ढूंढते हो और आप अपना पूरा जीवन जिस भगवान के चरणों में समर्पित करना चाहते हो उस भगवान की कोई पहचान नहीं, कोई परीक्षा नहीं।

हमेशा ध्यान रखो, हर कोई भगवान नहीं हो सकता भगवान का भी एक रूप एक स्वरूप होता है, , वह स्वरूप है-जो राग, द्वेष, मोह, क्षुधा, पिपासा आदि 18 दोषों से रहित वीतरागी है, सर्व लोक के समस्त पदार्थों को जानने से जो सर्वज्ञ है और सभी भव्यः प्राणियों को हितकारी उपदेश देने से जो हितोपदेशी हैं। यह तीन गुण जिस व्यक्ति विशेष में हों वहीं भगवान हो सकता है अन्यथा मात्र भगवान संज्ञा से कोई भगवान नहीं हो जाता। बन्धुओं हमें अपने आराध्य भगवान को उनके गुणों से पहचान कर आराधना करना चाहिए । धर्म सभा मे सैकड़ों जैन श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संभलहेड़ा नहर पुल पर तमंचे व चाकू सहित दो गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने संभलहेड़ा गंग नहर पुल पर चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को तमंचे और चाकू सहित गिरफ्तार कर बडी सफलता हासिल की है। चौकी इंचार्ज आनंद कुमार अपनी टीम के साथ गंग नहर पुल पर नियमित चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम दानिश पुत्र राशिद निवासी ग्राम संभलहेड़ा बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दूसरा आरोपी शहजाद पुत्र फारूक निवासी ग्राम संभलहेड़ा निकला, जिसके कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

# एआईएमआईएम कार्यकर्ता लखनऊ रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के दो दर्जन से भी अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता आज शुक्रवार की सायं बुढाना कस्बे से मुजफ्फरनगर में ट्रेन द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सबसे पहले नदी मंदिर रोड पर स्थित सैय्यद बाबर के आवास पर एकत्रित हुए। जहां पर पहले एक बैठक का आयोजन किया गया और बताया गया कि कुछ ही देर में हम सब मुजफ्फरनगर पहुंचकर ट्रेन द्वारा लखनऊ के लिए रवाना होंगे। लखनऊ में पहला राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन जो कि 14 जून को है उसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को शामिल होना है। उन्होंने बताया कि यह पहला कार्यकर्ता सम्मेलन है जो कि यूपी की राजधानी लखनऊ में होने के लिए जा रहा है। जो कि हमारे लिए बडे ही



सौभाग्य की बात है।

यहां पर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आजम फारुकी, जिला संयुक्त सचिव, सैय्यद बाबर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव, गफ्फार सिद्दीकी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कोषाध्यक्ष, कादिर सिद्दीकी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव, माजिद राणा, अयान रंगरेज और बुढ़ारना विधानसभा क्षेत्र के सचिव अब्दुल रहमान आदि ने सांसद असदुद्दीन ओवैसी और एआईएमआईएम जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी के साथ लगाए।

# क्रिकेट खेलते सीने में गेंद लगने से मौत

**शाह टाइम संवाददाता**

**कैराना।** क्रिकेट नेट प्रैक्टिस के दौरान फील्डिंग करते वक्त सीने में अचानक गेंद लगने से 8वीं कक्षा के छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से मृतक छात्र के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक छात्र अपने पिता का इकलौता पुत्र बताया गया है।





कस्बे के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी अकरम का 13 वर्षीय पुत्र अबुजर नगर के नेशनल हाइवे-709एडी पर गांव मन्नामाजरा के निकट स्थित भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था। वह स्कूल परिसर में स्थित भास्कर क्रिकेट एकेडमी में नेट प्रैक्टिस किया करता था। रोजाना की भांति शुक्रवार को भी अबुजर नेट प्रैक्टिस के लिए एकेडमी में गया था। बताया जा रहा है कि प्रात: करीब 11 बजे फील्डिंग करते वक्त एक गेंद तेजी से अबुजर के सीने में आकर लगी, जिससे वह अचेत होकर वहीं गिर गया। साथ में प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों ने मुंह में पानी डालकर अचेत छात्र को होश में लाने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नही हो सके। इसके बाद, छात्र को आनन-फानन में कस्बे के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर छात्र के परिजन भी निजी चिकित्सक के यहां पहुंच गए। छात्र की मौत की जानकारी होते ही परि. जनों में हाहाकार मच गया। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। बेटे की मौत से परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक छात्र अपने पिता का इकलौता पुत्र बताया गया है, जिसकी एक छोटी बहन रह गई है। छात्र की मौत की सूचना से मोहल्ले में भी मातम पसर गया। हादसे के बाद से ही मृतक छात्र के मकान पर सांत्वना देने वाले लोगो का तांता लगा हुआ है। मृतक छात्र पूर्व प्रधान इलियास अंसारी का पौत्र बताया गया है। शाम के समय गमगीन माहौल में मृतक छात्र के शव को कस्बे के निकट स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि छात्र की मौत के मामले में उन्हें कोई सूचना प्राप्त नही हुई है।

# प्रथम फैमिली आईडी कार्ड देकर कार्यक्रम हुआ शुरू

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा प्रथम फैमिली आईडी कार्ड देकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत नगर पालिका में पूर्व सभासद राजीव मलिक निवासी दयानन्द नगर को प्रथम फैमिली आईडी कार्ड देकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। फैमिली आईडी कार्ड जारी किया गया, जोकि 12 अंको का था तथा जिसमें परिवार के मुखिया सहित सभी सदस्यो का नाम अंकित था। इसके उपरान्त चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा मोमीन को फैमिली आईडी कार्ड दिया गया। जिसमें उनके परिवार के सभी सदस्यों का पूरा ब्यूरो दिया गया। उक्त फैमिली आईडी कार्ड से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा मिलने वाली 76 योजनाओ का सीधा लाभ कार्ड धारक को मिल सकेगा। बताया कि जिनके पास राशन कार्ड है उनको फैमिली आईडी कार्ड के फार्म को भरने की जरूरत नही है। उनका राशनकार्ड ही उनकी फैमिली आईडी का काम करेगा। चेयरमैन अरविन्द संगल नगर पालिका के सम्बन्धित कर्मचारी को फैमिली आईडी बनाए जाने सम्बन्धी निर्देश दिए गए कि पालिका में जो भी नागरिक फैमिली आईडी कार्ड बनवाने के लिए आए उनका कार्ड तुरन्त जारी किया जाए। इस अवसर पर सभासद रामनिवास सैनी, संजय उपाध्याय, सत्यवीर सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, जितेन्द्र मलिक, लक्ष्मण सिंह, आजम खान, सुनील बंसल, वैभव गर्ग, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



# विकासखंड ऊन के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम संवाददाता**

**चौसाना।** प्राईमरी स्कूल चौसाना मे पंचायत मे हुए विकास कार्यो की समीक्षा के साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकास खंड ऊन के अधिकारियों ने ग्राम चौपाल का आयोजन किया। खुली बैठक मे अधिकारियों ने ग्रामीणों की संख्या को जाना और समाधान कराने का आश्वासन दिया। बैठक मे अधिकारियो ने 26 कुपोषित बच्चों को आहार पोषण किट वितरित की। इस दौरान ग्राम प्रधान के विरोध पर प्रधान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया। जिस कारण बैठक मे ग्रामीणों ने हंगामा काटा।

शुक्रवार को चौसाना के मुख्य बाजार मे स्थित प्राईमरी स्कूल में पंचायत विभाग,समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग,महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी पहुँचें और खुली बैठक का आयोजन कर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन,सड़क निर्माण,पेंशन योजना,मुख्यमंत्री युवा लोन योजना,विवाह अनुदान योजन सहित पंचायत मे हुए मरम्मत व अन्य विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई।अधिकारियों ने ग्रामीणों का बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत गांव मे अब तक 33 समूह चल रहे है।जिसका लाभ उठाते हुए 4000 परिवारो को इसका लाभ मिल रहा है। साथ ही युवाओ को स्वयं रोजगार के तहत मुख्यमंत्री उद्यमी विकास योजना से पाँच लाख तक का आसान लोन दिया जा रहा है,जिसका फायदा वर्ग को सीधे मिल रहा है। बैठक मे एक युवा उद्यमी विकास रोहि. हला ने विरोध किया,कहा कि बैंक लोन नही देता,दलालो के माध्यम से ही लोन सम्भव है। इसके अलावा अधिकारियों ने पेंशन योजना के नियमों व लाभ के बारे मे समझाया,स्वछता मिशन की जानक. ारी दी। निशुल्क जन्म व मृत्यू प्रमाणपत्र के पंजीकरण के बारे मे जानकारी दी गई। महिला एवं बालि. का विकास से सीडीपीओ गजेश सैनी, डीपीआरओ संदीप अग्रवाल, पशु चिकित्सा विभाग से डा0 देवेन्द्र राणा, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार,बीडीओ उमाकांत मुदगल,ग्राम सचिव राहुल कुमार सहित आशा व आंगनबाडी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### शोक जताया

**शामली।** एयर इंडिया विमान हादसे पर लायंस क्लब शामली क्राउन ने गहरा शोक जताया। क्लब के अध्यक्ष गौरव गोयल, सचिव संदीप जिंदल एवं कोषाध्यक्ष विजय संगल ने संयुक्त रूप से अपने कार्यालय पर एयर इंडिया विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया। गौरव गोयल, संदीप जिंदल, विजय संगल, संजय संगल, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, गौरव मित्तल, डा। नीलेश वशिष्ठ, डा। नीरज वशिष्ठ, प्रतीक गर्ग, अंकित जैन, राहुल गर्ग, अजय संगल आदि मौजूद रहे।

# भाइयों समेत पांच पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**कैराना।** किसान ने भूमि विवाद में गाली-गलौच व मारपीट करने के आरोप में सगे भाइयों समेत पांच लोगो के विरुद्ध कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बे के मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड निवासी लियाकत अली ने कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया कि उसकी कृषि भूमि गांव इस्सापुर खुरगान के रकबे में स्थित है, जिसमें वह फसल आदि उगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता चला आ रहा है। उसने अपनी भूमि की निशानदेही कराकर चारों ओर तारबंदी कराने के बाद गेंहू की फसल बो रखी थी। विपक्षी इमरान, राशिद, सीटू उर्फ वासिल पहलवान, सालिक उर्फ झल्लू व इसरान निवासी ग्राम इस्सापुर खुरगान ने 07 अप्रैल 2025 की रात्रि में खेत के चारों ओर की गई तारबंदी को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा गेंहू की फसल को खुर्द-बुर्द कर दिया।

उक्त भूमि के सम्बंध में उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वाद दायर कर रखा है। आरोप है कि जब वह खेत पर जाता है तो आरोपी गाली-गलौच व मारपीट करके उसे वहां से भगा देते है। विपक्षी दबंग व गिरोहबंद किस्म के व्यक्ति है। आरोपियों से उसे जान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दो अभियुक्तों को अर्थदंड

**शामली।** 1. वर्ष 1994 में अभियुक्तगण सन्त कुमार पुत्र रणधीर निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली 2. महेंद्र पुत्र रणधीर निवासी ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि व 3000-3000/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### 17 जून को कैराना में लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कैराना एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 जून 2025, दिन मंगलवार को 10:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ऊंचा गांव, कैराना में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया रोजगार मेलें में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियां मेधावी एस्पायर प्रा लि, एकेएस जाब्स एवं पुखराज हेल्थकेयर आदि कम्पनियां प्रशिक्षार्थियों को डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, आटो मैकेनिक, बिजनेस डेवलपर, फील्ड एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर, हेल्पर आदि पदों पर सभी ट्रेड में आईटीआई, हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, डिप्लोमा होल्डर योग्यताधारी व आयु सीमा 18-35 वर्ष के अभ्यर्थियों को चयनित करेंगी। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीयन कराएं एवं प्रात:10:30 बजे पर रोजगार मेलें में तीन बायोडाटा के साथ उपस्थित हो।

### शिविर में की गई पुलिसकर्मियों की जांच



**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर की पुलिस लाईन में मॉर्डन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट टीआई द्वारा एसओए व सीबीसी जांच कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों पुलिसकर्मियों की जांच की गई।

शुक्रवार को शामली पुलिस लाईन में उत्तर प्रदेश राज्य एडस नियंत्रण सोसाएटी लखनऊ के निर्देश पर पुलिसकर्मियों की जांच के लिए विशेष कैंप लगाया गया। जिसका शुभारंभ एसपी रामसेवक गौतम ने किया। इस दौरान जिला अस्पताल से पहुंची अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा 43 पुलिसकर्मियों की एसओए व सीबीसी जांच की गई। जिसमें कोई भी पुलिसकर्मी पॉजिटिव नही आया। इस दौरान लैंब टैक्निशियन विशाल कुमार, हीना, काउंसलर शिवम कुमार, दीपा चौहान, अंशु तोमर मौजूद रहे।

### प्रधान प्रतिनिधि का जोरदार विरोध, धमकाने का आरोप

**शाह टाइम संवाददाता**

**चौसाना।** खुली बैठक के दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों से समस्या के बारे मे पूछा तो पंचायत सदस्य ने उठकर बोला कि ग्राम प्रधान को शिकायत करने के लिए कहा जाएं। प्रधान को फोन करते है तो उनका ठिकाना करनाल होता है। जिस पर प्रधान प्रतिनिधि मोहर सिंह भडक गए और पंचायत सदस्य को धमकाने लगे। जिस पर अधिकारियों ने दोनो पक्षो को शांत किया। पंचायत सदस्य राजू का कहना है कि प्रधान प्रतिनिधि ग्राम प्रधान का मामा है,जो भी करनाल मे रहता है।

### योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम संवाददाता**



**शामली।** शुक्रवार को शामली राइफल क्लब पर क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ ऑटोमोबाइल इंजीनियर साहब सिंह दांगी ने किया। साधकों को संबोधित करते हुए साहब सिंह दांगी ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय विद्या है। मनुष्य को संतुलित जीवन जीने के लिए ध्यान, योग और प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा ने सूक्ष्म यौगिक क्रियाएं कराने के पश्चात भुजंगासन, शलभासन, कोण आसन, पवनमुक्तासन, धनुरासन, वृक्षासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी का अभ्यास कराया। आठ चक्रों मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि, आज्ञा, मनशचक्र, और सहस्रर के विषय में विस्तार के समझाते हुए बताया कि कैसे हम अपने चक्रों की चेतना जागृत कर ध्यान एवं समाधि की परम शक्ति तक पहुंच सकते हैं। योग शिविर में शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, कमलवीर सिंह, उमेश भार्गव, अभयदीप राणा, लो. केश कुमार, ऋषभ चौधरी, आयुष गर्ग, प्रिंस लाटीयान, विधान प्रताप सिंह, मयंक मलिक आदि उपस्थित रहे।

### शोकसभा का आयोजन

**चांदपुर।** सीनियर बार एसोसिएशन तहसील चांदपुर की एक शोक सभा संगठन कार्यालय पर हुई, जिसमें राजपाल सिंह सैनी एडवोकेट के आकस्मिक निधन एवं गुजरात के अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सतीश चंद्र त्यागी एडवोकेट ने की जबकि संचालन महेंद्र पाल सिंह तोमर एडवोकेट सचिव ने किया। शोकसभा में सीनियर बार एसोसिएशन के तहसील चांदपुर के समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्य का उपस्थित रहे।

# आग लगने से भुस के कूप व बिटौड़े स्वाहा

**ऊन।** ब्लॉक के बेहड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह आग लगने से करीब एक दर्जन भूस के कूप व बिटौड़े स्वाहा हो गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। फायर ब्रिगेडकर्मियों व ग्रामीणों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

बेहड़ा गांव में रंगाना मार्ग पर ग्रामीणों के भूसे के कूप व उपलों के बिटौड़े लगे है। सुबह बिटौड़ों में आग लग गई। ग्रामीणों ने बिटौड़ों में आग लगी देखकर गांव में सूचना दी। खबर मिलते ही ग्रामीण मौके पर दौड़े आग को बुझाने की कोशिश की गई, पर आग फैलकर अन्य बिटौड़ों व भूसे के कूप में पहुंच गई। बिटौड़े धू-धूकर जलने लगे। लोगों ने फायरब्रिगेड को सूचना दी।करीब एक घंटे बाद फायरब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंची लेकिन रास्ता खराब होने के कारण वह रास्ते में ही धस गई ग्रामीणों ने उसे निकालकर मौके तक पहुंचा बता दे कि जिस जगह पर कूप व बीटोडे रखे थे वहां पर जाने वाले रास्ते में जल भराव हो रहा है रास्ता खराब होने के कारण आग बुझाने में देर हुई तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी बाद में फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने मशक्कत कर बिटौड़ों में लगी आग पर काबू पाया। आग से विनोद शर्मा,सुरेंद्र, हरपाल,प्रमोद शर्मा,सूरजभान, ब्रजपाल,संतोष आदि के बिटौड़े स्वाहा हो गए।

# विमान दुर्घटना में मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के विश्वकर्मा नगर केंप कार्यालय पर अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को लेकर शोक व्यक्त किया गया। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी ने कहा कि विमान हादसे को लेकर पार्टी हाईकमान बेहद दुखी हैं। इस मामले में किसी भी प्रकार की राजनीति से बचना चाहिए। फ्टंल कोर्डिनेटर राजेश्वर दत्त ने कहा कि जनपद में संगठन सृजन कार्यक्रम चल रहा है लेकिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिशा निर्देश पर सभी राजनैतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि विमान दुर्घटना की खबर से मन .वित है। जिन्होंने अपनो को खो दिया है उनके लिए गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हैं।



दुर्घटना में मारे गए मृतक आश्रितों के लिए सरकार से मुआवजे की मांग करते हैं। देश के उड्डयन मंत्री की जिम्मेदारी बनती है कि मामले में संज्ञान लेकर अपना रुख स्पष्ट करें। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो उसके लिए मजबूत कदम उठाए जाने चाहिए। कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के द्वारा इस दुखद घटना को लेकर सारे राजनैतिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी, फ्टंल कोर्डिनेटर, राजेश्वर दत्त, पीसीसी सदस्य ओमप्रकाश शर्मा, यूवा प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा, प्रवीण तरार, सेवा दल जिलाध्यक्ष बृजेश शर्मा,ठाकुर लाखन सिंह, बिजेंद्र पाल वर्मा, बाबू खान, पनीत शर्मा, शोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रदीप कश्यप, लोकेश कटारिया, सुरेश सेनी, ओमपाल अमीन, शेखर पाल, ओमवीर उपाध्याय, वीशू शर्मा ऐरटी,अनुज भारती, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिजली जाने व कम वोल्टेज से व्यापारियों में रोष

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित प्रांतीय मुख्यालय पर हुई बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने शामली जनपद में काफी दिनों से हो रही बिजली की आंख मिचोली व कम वोल्टेज तथा हर एक घंटे के बाद हो रहे लंबे कट से हो रही समस्याओं पर रोष व चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।



संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सिंह से फोन पर वार्ता कर उन्हें आए दिन हो रही बिजली की कटौती व लो वोल्टेज तथा लगातार हर 1 घंटे के बाद लगने वाले कट से अवगत कराते हुए व्यापारियों एवं नागरिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि इस चरमराई विद्युत व्यवस्था में व्यापारियों के व्यापार चौपट हो रहे हैं छोटे उद्योग बंदी के कगार पर है अत: विद्युत विभाग की कार्यशैली में परिवर्तन कर इन समस्याओं का समाधान करने की मांग की और चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के अंदर चरमराई विद्युत सप्लाई की व्यवस्था में सुधार न हुआ तो क्षेत्र व नगर के व्यापारी एवं नागरिक विद्युत विभाग के अधिकारियों का उनके ही कार्यालय में घेराव कर ने पर मजबूर होंगे।

उन्होंने कहा कि इस चरमराई विद्युत सप्लाई से व्यापारियों के व्यापार व उद्योग प्रभावित हो रहे हैं और आम नागरिक का रोजगार ठप हो रहा है क्योंकि हर घंटे विद्युत सप्लाई में कट लगता है वोल्टेज कम रहती है अत: छोटे उद्योग धंधे चौपट हो रहे हैं और वहां काम करने वाले मजदूर के सामने रोजी-रोटी का प्रश्न खड़ा हो गया है उन्होंने विद्युत सप्लाई की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की इस अवसर पर मुख्यत: सुभाष चंद्र धीमान, रामकुमार राय,रवि संगल, महेश धीमान, अनुज गोयल, वैभव गोयल, शिवांक गर्ग, ऋषभ जैन ,पवन गोयल, आशु बत्रा गौरव गर्ग राजीव गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड जल सेवा शिविर का आयोजन



**शामली।** आरके इंटर कालेज के बाहर स्काउट-गाइड द्वारा जल सेवा शि. विर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने किया। शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड जनपद शामली के तत्वावधान में एक निशुल्क जल सेवा शिविर राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली के मुख्य द्वार पर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन सीडीओ विनय कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। इस दौरान भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडे और मीठे पाने का वितरण किया गया। जल सेवा शिविर में जिला सचिव डा. हीरा सिंह, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डा। अमित मलिक, पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन लोकेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड गीता रानी, गायत्री देवी का सहयोग रहा।

# भड़ी घाट बना रेत माफियाओं का अड्डा, खेत बर्बादी की ओर

**शाह टाइम संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के भड़ी घाट, लक्ष्मीपुरा, मंगोलोरा और भड़ी बाबा पीर के सामने अवैध रेत खनन बेलगाम हो चुका है। हालात यह हैं कि दिन-रात सैकड़ों की संख्या में भैसा बुग्गी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से खुलेआम रेत की ढुलाई हो रही है। इस खनन माफिया तंत्र के सामने प्रशासन बिल्कुल नाकाम नजर आ रहा है। किसान लगातार हो रहे नुकसान से आक्रोशित हैं और अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।



किसानों ने बताया कि भड़ी बाबा पीर के सामने जहां उनका खेत है, वहां से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर और बुग्गियां रेत भरकर निकलती हैं। खेतों के पास कोई बैरियर नहीं, न कोई व्यवस्था। आए दिन कोई न कोई बुग्गी अनियंत्रित होकर धान के खेत में गिर जाती है। इससे धान की फसल बर्बाद हो रही है, मिट्टी की ऊपरी परत हट रही है और आने वाले सीजन के लिए जमीन भी खराब हो रही है।

कामयाब पुत्र राशिद, उस्मान पुत्र जरीफ, शादाब पुत्र हसरत और सदाकत पुत्र अख्तर जैसे दर्जनों किसान कई बार पुलिस और प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। शादाब ने बताया कि उसने अवैध खनन की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की है, ताकि सच्चाई सबके सामने आए। लेकिन अभी तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई।

किसानों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग माफियाओं से रेत भराई के पैसे लेकर बुग्गियों को बेरोक-टोक रास्ता दिलवा रहे हैं। ए लोग दलाली कर रहे हैं और खनन को संरक्षण दे रहे हैं। किसानों का साफ कहना है कि अब प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो हम खुद खनन का रास्ता बंद करेंगे।

नाराज किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही अवैध रेत खनन बंद नहीं हुआ तो वे मुख्य रास्तों में गहरी खाई खोद देंगे, ताकि न बुग्गी निकले न ट्रैक्टर। किसानों का कहना है कि जब प्रशासन सोया है तो अब हमें ही अपने खेतों की रक्षा खुद करनी होगी।

..............................

चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि वे मौके पर पहुंचे थे, वहां दो बुग्गियां मिली थीं, जिनकी वीडियो बनाई गई है। उनसे यह भी पूछा गया है कि कौन उनसे पैसे लेकर निकलवा रहा है।

गांवों के बुजुर्गों का कहना है कि रेत खनन कई सालों से हो रहा है, लेकिन इस बार ए स्तर पार कर गया है। अब ए न सिर्फ नालों और घाटों से रेत निकाल रहे हैं, बल्कि रास्तों और खेतों को भी रौंद रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे प्रशासन और खनन माफियाओं के बीच मौन समझौता हो गया हो।

# अवैध हथियार व कारतूस बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक कृत्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता हारुण निवासी ग्राम तीतरवाड़ा बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसे जेल भेज दिया है।

# खाली प्लाट में पड़ा मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट के मोहल्ला कससाबान निवासी एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में एक खाली प्लाट में पड़ा हुआ मिलने से हड़कम मच गया। शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच पड़ताल में लग गई है।

शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला कच्स्साबान निवासी साबिर कुरैशी पुत्र महफूज का शव कस्बे में मोहल्ला महा जनान में एक पशुशाला के खाली प्लाट में संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ मिलने से हड़कंप मच गया ।शव मिलने की सूचना मृतक युवक के परिजनों को दी गई। मौके परिजन आ गए और घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के संबन्ध में आलाधिकारियों और फोरेंसिक टीम को दी गई। फोरेंसिक टीम के पहुंचने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। बताता जाता है मृतक युवक के सिर में चोट लगी हुई है।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। घटना के संबंध मे एसपी देहात सागर ने बताया कि बेहट पुलिस को शव की सूचना मिली थी। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि बीती रात करीब 9 बजे उसका भाई मकान की छत पर फोन से बात कर रहा था वह नशे का भी आदी था फोन करते समय संभवत वह मकान की छत से नीचे गिर गया हो अभी तक मृतक के परिजनों की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का पता चल पाएगा पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

## नागल में वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के चौधरी कलीराम डिग्री कॉलेज एंव क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय सहारनपुर के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया।

कालेज परिसर में आयोजित रोजगार मेले का शुभारंभ सहायक निदेशक सेवायोजन अरुण कुमार भारती, चौधरी कलीराम डिग्री कॉलेज के प्रबंधक रजनीश नौसरान द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेले में स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, स्टार मैन पावर सर्विस, युवा शक्ति फाउंडेशन, एल एण्ड टी तथा एल आई सी जैसी 12 कंपनियों के प्रति. निधियों ने प्रतिभाग किया।

रोजगार मेले में करीब 600 शिक्षित युवाओं ने अपनी किस्मत आजमायी। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 142 युवाओं का रोजगार हेतु चयन किया गया। कुछ युवाओं का चयन प्रतीक्षा में रखा गया है।

# छबील लगा राहगीरों को पिलाया शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** चिलचिलाती धुप व भयंकर गर्मी से राहत दिलाने को सर्वसमाज के लोग अपने अपने तरीके से ईश्वर अल्लाह के नाम पर मीठे ठण्डे पानी की छबील लगाकर शर्बत पिलाने के काम में लगे है। राहगीरों को शर्बत पीकर प्यास बुझा रहे है।

शुक्रवार को पदम सिनेमा रोड पर मीठे ठण्डे पानी की छबील लगाकर शर्बत पिलाने के काम में सुयश, नूतन, विनय, अमन, हर्ष, आकाश, आशीष, रजत, मिंटू, दीपक प्रजापति, आशीष, वरुण आदि रहे। नूरी मस्जिद पर भीषण गर्मी के चलते युवाओं ने मीठे का छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई। इस मौके पर हिदायत करीम अंसारी, शाहनवाज, शादाब, साजिद राशिद कलीम, जीशान, अमान, अब्दुर्रहमान, अब्दुल्लाह आदि रहे।

# बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों में रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** गांव अंबोली से लेकर घ्याना मार्ग की बदहाल व्यवस्था के कारण ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। आगामी श्रावण माह को लेकर ग्रामवासियों ने रास्ते का नवीनीकरण कराने की मांग की है। तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र के गांव घ्याना में प्राचीन सिद्धपीठ श्री नागेश्वर महादेव मंदिर है। आगामी श्रावण माह में हजारों श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक करने के लिए वहां पहुंचते हैं लेकिन घ्याना में जाने वाला मार्ग अति दुर्गम हो गया है। उधर शासन प्रशासन भी कांवड़ यात्रा के लिए उपयुक्त संसाधनों की साजों सजा मे जुटा हुआ हैं। मगर गांव अंबोली से लेकर घ्याना मार्ग बदहाल स्थिति में है। जिसकी ओर किसी भी प्रशासनिक व राजनी. तिक लोगों का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश सभी गांवों के मार्गों का नवीनीकरण हो चुका है मगर यह कैसी विडम्बना है जो महादेव मंदिर पर पहुंचने वाले मार्ग को दरकिनार किया जा रहा है। उनका कहना है कि लोक निर्माण विभाग मंत्रालय हमारे जनपद के अधिकार क्षेत्र में है। फिर भी महादेव मंदिर पर पहुंचने वाला मार्ग टूटी फूटी दशा में विचाराधीन है। गांव घ्याना के पण्डित शुभम वत्स का कहना है कि महादेव हम सभी के पूजनीय है जिनके जलाभिषेक का पवित्र श्रावण माह शुरू होने वाला है। उन्होंने बताया कि सड़क टूट कर पत्थर बाहर निकल चुके हैं जिसके कारण श्रद्धालुओं के साथ दुर्घटना भी घटित हो सकती है। श्री वत्स ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से अपील कि है की इस बदहाल सड़क व्यवस्था का जल्द से जल्द नवीनीकरण कराया जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

# बच्चों को शिक्षा दिलाया जाना अनिवार्य: श्वेता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डिप्टी कलेक्टर श्रीमती श्वेता ने बाल श्रम कुरीति को समाप्त करने पर जोर देते हुए कहा गया कि हम सभी व आमजन को जागरूक होना होगा कि हम कहीं पर भी बाल श्रमिक नियोजित न होने दें, क्योंकि आज का बच्चा कल का भविष्य निर्माता है, इसलिए बच्चों को शिक्षा दिलया जाना अनिवार्य है।

डिप्टी कलेक्टर श्वेता जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह पर कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित कर रही थी। गोष्ठी में उप श्रमायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के उपलक्ष्य में 12 जून से 17 जून तक बाल श्रम के प्रति जन जागरूक सप्ताह मनाए जाने के क्रम में इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। बाल श्रम बाल और किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों की जानकारी दी गयी तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गयी। यह भी बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्च बाल श्रमिक की परिभाषा में आवर्त होते हैं तथा 14 से अधिकारी एवं 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे किशोर श्रमिक की परिभाषा में आवर्त होते हैं। हम सबको बच्चों से कार्य नहीं कराया जाना चाहिए तथा हमें प्रण करना है कि हमें जनमानस में जागरूकता लानी है कि वे बच्चों से कार्य न कराये बल्कि उनको स्कूल में शिक्षा दिलायें। श्रीमती वन्दना गुप्ता ने कहा कि बाल श्रम का मुख्य कारण गरीबी है। बच्चों के माता-पिता को भी यह सोचना होगा कि बच्चों से कार्य न कराकर उन्हें स्कूल में शिक्षा दिलायें। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शैलेन्द्र शिवम् त्रिपाठी द्वारा भी उपस्थित सभी व्यक्तियों को बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 की प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला स्वच्छता सलाहकार देवभास्कर पाण्डेय द्वारा सुझाव दिया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, जिला महिला एवं बाल कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर अपने विभाग की योजना की जानकारी दी जानी चाहिए। चौम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड सर्विस अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी बाल श्रम जैसी कुरी. ति को समाप्त करने पर बल दिया। अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी अनिल कुमार द्वारा भी बाल श्रम न कराये जाने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष व्यापार संघ शीतल टण्डन ने कहा कि कोई भी दुकानदार या प्रतिष्ठान बाल श्रमिकों का नियोजन न करे। संगोष्ठी में अध्यक्ष हौजरी एसोसिएशन मन्जीत सिंह अरोड़ा, जिलाध्यक्ष, व्यापार संघ शीतल टण्डन सहित संजय गुप्ता, विजय वशिष्ट, श्रवण सिंह, सुरेन्द्र कुमार, निशान्त, सुरेन्द्र मोहन, रविन्द्र कालरा उपस्थित रहे।

# मैडिकल स्टोर से अवैध उगाई करने वाले की जांच की मांग

**सहारनपुर।** जिला चिकित्सालय के कर्मचारी बनकर मेडिकल स्टोर संच. ालक से अवैध धन उगाई की मांग करने वाले की जांच कर कार्रवाई कराए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन रक्षक कार्यकर्ताओं ने आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में एक शिकायती पत्र भी दिया।

आज भारतीय किसान यूनियन रक्षक के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ओ. हलान एवं महानगर अध्यक्ष सुनील राणा के नेतृत्व में पीड़ित आज मुख्य चिकित्सा आधिकारिक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार से मुलाकात कर बताया कि चिलकाना स्थित आजम मेडिकल स्टोर पर एक व्यक्ति पहुंचा और उसने अपने आप को सीएमओ कार्यालय का कर्मचारी बताते हुए उनसे 20 हजार रूप्ए देने की मांग की। जिस पर उन्होंने कहा कि उनके पास लाइसेंस भी है और वह फार्मासिस्ट भी है, लेकिन उसके बावजूद भी वह उनसे पैसे की मांग कर रहे हैं। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ओहलान एवं महानगर अध्यक्ष सुनील राणा ने कहा कि दवा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तिय कार्यालय से जुड़े नहीं है और यदि कोई इस प्रकार से उनके पास जाता है तो उनकी शिकायत कार्यालय को करें या पुलिस को दें।

## पाइप लाईन डलवाने की मांग

**चिलकाना।** हरडाखेडी गांव निवासी ग्रामीणों ने अधिशासी अभियन्ता उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण को प्रार्थना पत्र देकर प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाईप लाईन डलवाये जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया है कि प्रधान मंत्री जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर गांव में पेय जल योजना का कनेक्शन दिया जा रहा है। लेकिन सरसावां विकासखण्ड में पड़ने वाले उनके गांव हरडाखेडी में मस्जिद वाली गली से लेकर शिव मन्दिर तक कोई पाईप लाईन अभी तक भी नही डाली गयी है। मांग करने वालों में योगेश कुमार, नरेश, प्रीतम सिंह, मुनेश, रविन्द्र, विक्रम, सेठपाल, पंकज, सुशील, मुकेश, लोकेश कुमार, रविन्द्र सहित अन्य ग्रामीण भी शामिल रहे।

# पैथोलोजी लैब बनी बीमारी बेचने का अड्डा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पैथोलॉजी माफिया का फर्जी जांच, डर का धंधा लैब में 'बीमारी बेचने' का खुला खेल चल रहा, पत्रकार को मौत की ओर धकेलने वाली रिपोर्ट और चिकित्सकों से बीमारी का सौदा है। प्रख्यात चिकित्सक डा. कलीम ने रिपोर्ट को गलत बताते हुए पत्रकार के परिवार को राहत पहुंचाई।

जी हा जनपद में 'पैथोलॉजी टेस्ट' अब बीमारी का निदान नही, भय और भ्रम का धंधा बन चुका है मामला केवल लापरवाही का नहीं बल्कि सीधा-सीधा जनता की जान से खिलवाड़ का है, ताजा मामला सामने आया है उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार नवाजिश खान का, जिन्होंने तबीयत खराब होने पर शहर की चर्चित बैंस पैथोलोजी लैब में लिक्विड प्रोफाइल जांच करवाई, लेकिन रिपोर्ट देखकर परिवार वालों के होश उड़ गए। रिपोर्ट में दिखा दिया गया गंभीर रोग और घबराकर उन्हें हायर मेडिकल सेंटर ले जाया गया, लेकिन असली हंगामा तब मचा जब दोबारा दूसरी पैथोलॉजी से जांच करवाई गई और रिपोर्ट बिल्कुल नॉर्मल आई, फिर तीसरी लैब में भी वही नॉर्मल रिपोर्ट आई, यानी साफ हो गया कि बैंस पैथोलॉजी की रिपोर्ट फर्जी और डराने वाली थी, अब असली धमाका तब हुआ जब ये रिपोर्ट वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कलीम अहमद को दिखाई गई। उन्होंने बिना देर किए साफ कहा इस रिपोर्ट को कूड़े में फेंको, ये फर्जी है। तुम एकदम ठीक हो। अब सवाल कई है जवाब देने वाले बोलने को नहीं है है तैयार, जब रिपोर्ट ही झूठी है तो इलाज किसका होगा, क्या ये पैथोलॉजी लैब्स लोगों को जबरन बीमार दिखाकर पैसे वसूल रही हैं। क्या स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी इस खेल में हिस्सेदारी का संकेत है। ये कोई पहला मामला नहीं। सहारनपुर की कई पैथोलॉजी लैब्स, स्वास्थ्य विभाग के 'आशीर्वाद' से धड़ल्ले से चल रही हैं और जनता डर और भ्रम में जी रही है और माफिया पैसे कमा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी कुर्सी पर बैठे तमाशा देख रहे हैं, या फिर 'हिस्सेदार' बने हुए हैं। पीड़ित पत्रकार अब न्यायालय का रुख करने का मन बना चुके हैं। मामला प्रशास. निक दरवाजे पर दस्तक दे चुका है। अब देखना ये है कि दोषियों पर एफआईआर होती है या फिर ये भी फाइलों की कब्रगाह में दफन हो जाएगा।

# मौन रख दी श्रद्धांजलि

**गंगोह।** दृष्टि एक प्रयास के द्वारा अहमदाबाद में हुई हृदय विदारक विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शान्ति के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में मृतकों की शान्ति के लिए दो मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा में दृष्टि अध्यक्ष अमित गर्ग ने हादसे में असमय मृत्यु का ग्रास बने 241 विमान यात्रियों व मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रहने वाले 20 से अधिक छात्रों की मृत्यु पर दुख जताया। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यह त्रासदी संपूर्ण भारतवासियों को स्तब्ध कर देने वाली है। गगन गर्ग, विनीत अग्रवाल, प्रेस प्रभारी भारत गर्ग ने भी इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। सभा में मनोज जैन, शशिकांत शर्मा, पीयूष, अरविन्द टेबक, एस आर सैनी, पल्लवी अरोड़ा, रजनी राजपूत, अरविंद सिंह कपूर, तलविंदर कपूर, सचिन, अजय, राजेश गोयल, रोहित वालिया आदि सदस्यों ने मृतकों की शान्ति के लिए दो मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गंगोह।** मोहल्ला कोटला में बिजली घर के पीछे स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 जून से 24 जून तक होगा। कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। कथा वाचक पंडित सुधीर शर्मा प्रवचन देंगे। कथा का शुभारंभ 18 जून को कलश यात्रा से होगा। कलश यात्रा सुबह 8 बजे प्रारंभ होगीघ्। यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस कथा स्थल पर समापन होगी। कथा के विशेष सहयोगी मोहल्ला कोटला निवास. ीगण रहेंगे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी को फोटो कैप्चर एवं लाभार्थियों के केवाईसी करने में होने वाली परेशानियों को दूर करने की मांग करते हुए प्रदर्शन का धरना दिया तथा प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की।

आज आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हकीकत नगर स्थित धरना स्थल पर एकत्र हुई जहां उन्होंने मांगों के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने फोटो कैप्चर एवं लाभार्थियों की केवाईसी में आ रही दिक्कतों का समाधान न होने पर अपना विरोध व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को देते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के आदेशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यह निर्देशित किया गया है कि वह पोषाहार वितरण हेतु लाभार्थियों के फोटो कैप्चर एवं उनकी केवाईसी स्वयं करें जिस लाभार्थी के परिजन का फोटो कैप्चर किया जाएगा पोषाहार केवल उसी व्यक्ति या महिला को दिया जाएगा। जबकि गांव देहात में अधिकांश लाभार्थियों के अलग-अलग परिजन पोषाहार लेने केंद्रों पर आते हैं। ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए फोटो कैप्चर एवं लाभार्थियों की केवाईसी करना संभव हो रहा है क्योंकि विभाग द्वारा जो फोन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए गए हैं वह 2जी फोन हैं और वह फोन उस ऐप को खोल ही नहीं रहा है। दूसरी तरफ हमारे अधिकांश आंगनवाड़ी इतनी ज्याव शिक्षित भी नहीं है उनके लिए फोन पर काम करना असंभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग रोजाना नए-नए आदेशों के जरिए उन पर काम का बोझ बढ़ाता जा रहा है। जबकि यह काम जन सेवा केंद्र के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश आंगनवाड़ी कार्यकत्री काम के बोझ के चलते डिप्रेशन का शिकार हो रही हैं। उन्होंने मांग करते कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री फोटो कैप्चर एवं केवाईसी करने में पूरी तरह से असमर्थ है। उन्होंने मांग करते हुए कहा की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि की जाए। प्रदर्शनकारियों में पूनम शर्मा, गुलशन खान, शाहिद, गुलशन अंसारी, कोमल, गीता, पुष्पा, रीतू, अनीता, राकेश, बबीता, अनुराधा, मधु, गीता, अनीता, डोली, ओमवती, पूनम देवी, किरण सैनी, राजवती, रविता, संजीता आदि मौजूद रही।

# होटलों व ढाबों पर देर रात तक आबकारी ने की चेकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आबकारी विभाग ने देर रात होटलो व ढाबों में देर रात तक अवैध रूप से शराब पिलाने के मामले में छापेमारी की जिसके होटलों व ढाबा संचालकों में हड़कम्प मचा रहा।

मिली जानकारी के अनुसर आबकारी निरीक्षक सेक्टर 1 शैलेंद्र कुमार ने दिल्ली रोड, खलासी लाइन, छोटी लाइन, लकड़ी के पुल पर बने होटल और ढाबों पर अवैध शराब पिलाने वालों पर मुकदमा दर्ज कराया गया।

आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे छापामारी/दबिश के दौरान रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस के कुछ व्यक्ति मदिरा सेवन करते पाए गए। उक्त के संबंध में रेस्टोरेंट प्रबंधक व मालिक के विरुद्ध थाना सदर बाजार में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इसके अतिरिक्त दिल्ली रोड पर मनो. हरपुर आईटीआई के पास स्थित चिंटू चिकन सेंटर पर अवैध रूप से मदिरा का सेवन कराने के कारण चिकन सेंटर के मालिक को गिरफ्तार किया गया। साथ ही रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देशित किया गया कि परिसर में मदिरा का सेवन कदापि ना करायें। जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया जिले में विशेष प्रवर्तन कार्य चल रहा है जिसके तहत कच्ची शराब, हरियाणा, चंडीगढ़ व पंजाब मार्का की शराब अवैध बिक्री एवं होटलों शराब पिलाने की चेकिंग की गई। आबकारी विभाग समय समय पर इस तरह के चैकिंग अभियान चलाता रहता है।

# निगम ने अस्थाई अतिक्रमण हटवाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के वार्ड 2 में आज में पार्षद सुनील पंवार के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया इस दौरान अस्थाई अतिक्रमण को भी हटाया गया।

आज नगर निगम वार्ड 2 के पार्षद सुनील पंवार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम द्वारा नालों की सफाई का कार्य चलाया गया। इस दौरान अस्थाई अतिक्रमण भी हटाया गया। महापौर डॉक्टर अजय सिंह एवं नगरायुक्त शिबू गिरी के निर्देशानुसार नगर निगम के वार्डों में साफ सफाई अभियान के साथ-साथ अतिक्रमण भी हटाया जा रहा है। इस श्रृंखला में आज अशोक वाटिका से साई धाम तक नगर निगम के निरीक्षक अमित तोमर के नेतृत्व में नालों की सफाई कराई गई तथा वहां पहले अस्थाई अतिक्रमण को भी हटाया गया। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा अभियान का विरोध भी किया गया, लेकिन नगर निगम की टीम और पार्षद सुनील पवार के सख्त रवैये के चलते अभियान निरंतर जारी रहा। इसके चलते अब क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर नालों की सफाई की गई। इस कार्य में विजेंद्र पंवार, अजय शर्मा, अभिषेक पंवार, वेदपाल, जनधारी मौजूद रहे।

# जेवी जैन कॉलेज में कराया योगाभ्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय के चल रहे योग महोत्सव के 24वें दिन जेवी जैन कालेज में योगाभ्यास कराया गया। जिसमें सैंकडों की तादाद में योग साधक शामिल हुए।

कालेज मैदान पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने सरस्वती की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर किया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ प्रांत के क्रीड़ा भारती के प्रांत संयोजक उमेश कुमार भी सरस्वती की प्रतिमा पर फूल अर्पित किए। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर हरिओम गुप्ता ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनकर तथा तुलसी का पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया। त्रिपाठी ने योग के यम तथा नियम के बारे में विस्तार रूप से बच्चों को बताया। योगाचार्य आचार्य भीम ने सभी बच्चों को एवं उपस्थित लोगों को विभिन्न मुद्राओं के आसान तथा प्राणायाम के बारे में जानकारी दी की प्राणायाम कई प्रकार के होते हैं जिससे हमारी सांसों को नियंत्रण और शरीर को एकाग्रचित करने में मदद मिलती है योग के आसन इत्यादि के उपरांत एक योग से संबंधित एक क्रीडा भी कराई गई जिसमें प्रशिक्षित योग खिलाड़ियों ने विभिन्न मुद्राओं में अपने आसन प्रस्तुत किया जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली और उत्साह वर्धन किया।

इस दौरान प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सुश्री प्राची जैन सचिन कुमार नारायण शर्मा मनीष कुमार सुश्री यशिका गुप्ता श्रीमती सुषमा प्रदीप जैन शिव जैन श्रीमती चिंतन कर्ल राकेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रोफेसर संदीप गुप्ता ने किया।

# गन्ना सर्वे टीम के कार्य का निरीक्षण



**चांदपुर।** चीनी मिल बिंदल पेपर्स चांगीपुर सोसाइटी चांदपुर के ग्राम सिकंदरपुर व शिवाला कला में गन्ना सर्वे टीम द्वारा किए जा रहे गन्ना सर्वे का गन्ना परिषद अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सर्वे टीम मौके पर किसानों को सर्व स्लिप देते हुए मिलने पर हर्ष जताते हुए सर्वे टीम की पीठ थपथपाई। सर्वे टीम द्वारा सुबह सर्वे किया गया परंतु इसी बीच बारिश आने के कारण सर्वे कार्य 2 घंटे बाधित रहा, जिसे कुछ समय पश्चात मौसम ठीक होने पर सर्वे कार्य पुन: प्रारम्भ कराया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गन्ना फसल में रोग, कीट का अपतन नगन्य पाया। गन्ना प्रजाति सीओ 0238 की पेड़ी फसल में रेड रॉट के प्रारंभिक लक्षण दिखाई पड़ रहे हैं, जिसे विभाग और चीनी मिल के सहयोग से रोगिग कर प्रभावित गन्ने को समाप्त किया जाने हेतु कार्य प्रारम्भ किया। बिन्दल पेपर्स एंड डिस्टलरी यूनिट शुगर मिल चांगीपुर द्वारा ब्लीचिंग पावर प्रभावित एरिया में डालने के लिये दिया जा रहा है। साथ ही अडोदीजो और त्रिकोडेर्मा डरेंचिंग हेतु कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। चीनी मिल चांगीपुर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह ने बताया कि मिल द्वारा किसानों को ब्लीचिंग पाउडर फ्री ऑफ कॉस्ट, त्रिकोडेर्मा 50 प्रतिशत छूट पर, आदेजिदो 150 मिली लीटर /320 बॉटल उपलब्ध कराई जा रही है।

## हलवाई से मारपीट कर छीने पैसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह/तीतरों।** तीतरों के गंगोह बस स्टैंड चौराहे पर स्थित हलवाई तेजपाल के साथ समोसे को लेकर चार युवकों ने मारपीट की। हलवाई ने युवकों पर पैसे छीनने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार गंगोह चौराहे पर पुलिस चौकी के पास स्थित हलवाई तेजपाल की दुकान पर एक युवक समोसा लेने आया। युवक समोसे को ठंडा कहकर हलवाई को बुरा भला कहने लगा। हलवाई युवक को गरम समोसे देने लगा। जिस पर युवक गाली गलौज करता हुआ दुकान से चला गया।

हलवाई ने बताया 1 घंटे के बाद चार युवक बाइक पर उसकी दुकान पर आए, और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। हलवाई ने दो युवकों पर पैसे निकालने का आरोप

# पिकअप की बाइक से भिड़ंत में पिता व पुत्री की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पिकअप वाहन की बाईक से भिड़ंत होने के कारण बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सको ने पिता सद्दाम बेटी अरफा को मृत घाषित कर दिया। जबकि पत्नी शहनाज घायल को मामूली चोट आने के कारण उपचार के बाद छुट्टी कर दी। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिता व पुत्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद मुजफ्फरनगर के थाना रोहाना क्षेत्र के खुड्डा गांव निवासी 24 वर्षीय सद्दाम बाइक पर 4 वर्षीय बेटी अरफा और 26 वर्षीय पत्नी शहनाज को लेकर तल्हेड़ी स्थित ससुराल जा रहा था। जब वह खुड्डा मार्ग से गोपाली के रास्ते पर पहुंचा तो सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें तीनों घायल हो गए। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने सद्दाम और अरफा को मृत घोषित कर दिया। जबकि पत्नी को मामूली चोट आने के कारण उपचार के बाद छुट्टी दे गई। पुलिस के मुताबिक घटना के बाद चालक पिकअप को छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। पुलिस का कहना हैं कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



मृतको के शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाती एम्बुलेंस



# खेत में मिला व्यक्ति का शव

**देवबन्द।** खेत में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। साखन खुर्द गांव के प्रधान मोंटी त्यागी ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के ही चतरसैन के खेत में किसी व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव के आसपास जांच की। पुलिस के मुताबिक तलाशी दौरान उसके पास से कुछ भी ऐसा नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो सके। जिसके चलते शव को मोर्चरी भिजवा दिया। बताया कि मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 35 वर्ष के आसपास है। जिसके नाक और मुंह से खून निकला हुआ था। कुतुबशेर थाना क्षेत्र के मानकमऊ के कुछ लोग अस्पताल शिनाख्त के लिए पहुंचे उसकी मौत की वजह क्या रही जांच के बाद ही पता चलेगा

# भजन करते निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री गुरु ब्रह्मलीन योगी प्रेमनाथ जी की बरसीं पर भक्त जनों ने भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकालने के उपरांत सत्संग का आयोजन किया गया।

अमरपुरनैन गांव में गुरु गोरक्ष नाथ आश्रम में श्री गुरु प्रेमनाथ की समाधि पर श्री गुरु ब्रह्मलीन योगी प्रेमनाथ जी की 11वीं बरसीं पर एक विशाल सत्संग आयोजन किया गया, जिसमें हजारों साधु -संतों ने भाग लिया। सर्वप्रथम गांव के अंदर शोभायात्रा भक्त जनों ने भजन कीर्तन के साथ निकाली, उसके बाद सत्संग का आयोजन किया गया, पुरुष और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग। समिति के प्रबंधक लोकनाथ उर्फ राकेश राणा ने कहा कि हमें अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और अपने बच्चों को सभी प्रकार के नशो से दूर रखना चाहिए। इस अवसर पर आयोजक शीतल नाथ, महन्त राजकुमार नाथ, उपाध्यक्ष पवन नाथ बैरागी नकुल, राजकुमार दास हथियातल , महन्त दीपक नाथ राजस्थान योगी सेवक नाथ रो. हतक,योगी सेवक नाथ आदि भारी संख्या में भक्त लोग शामिल हुए। इस मौके पर गांव गोकुलपुर में गोगा महाडी धाम के लिए शिलान्यास किया गया, जिसमें मलखान सिंह ने उक्त थाम के लिए अपनी भूमि दान में दी और निर्माण हेतु जनता से दान की अरदास की ।सत्संग के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकुमार जाटव ओमवीर सिंह पत्रकार, शिवकुमार सदस्य भारतीय खाद्य निगम सलाहकार समिति,अमयदास, राजपाल करनवाल आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफल करने में श्रीमती रोशन देवी का विशेष योगदान रहा। श्रीमती रोशन देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# किसान के बैंक खाते से ठगों ने निकाली नकदी

**देवबन्द।** ठगों ने तीन अलग अलग ट्रांजेक्शन से किसान के बैंक खाते से हजारो रुपये की नकदी निकाल ली। किसान को एहसास तब हुआ जब उसके पास पैसे निकलने के मैसेज आए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर ठगो के खिलाफ कार्रवाई कर नकदी वापस कराये जाने की मांग की हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव रणखंडी निवासी राजकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बीती 9 जून को उसके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई जिस पर एक अस्पताल के डॉक्टर का नाम लिखा हुआ था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने आटा खरीदने की बात कहते हुए उसके खाते में बतौर एडवांस पांच हजार रुपये डालने की बात कही। जिसके बाद उसके पास खाते में पांच हजार रुपये जमा होने का मैसेज भी आ गया। तहरीर में कहा गया है कि इसके कुछ घंटों बाद उक्त व्यक्ति ने दौबारा फोन किया और बैंक खाते में बाकी रुपये डालने की बात कही। लेकिन इस बार पैसे आने के बजाए बैंक खाते से पैसे निकलने के मैसेज आने लगे। तीन अलग अलग ट्रांजेक्शन से उसके खाते से करीब 45 हजार रुपये निकाल लिए गए। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पीड़ित किसान ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर ऑनलाइन फ्रॉड कर भोले भाले लोगों को शिक. ार बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के बाद साइबर सेल की टीम ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# उलेमाओं ने विमान हादसे पर जताया दुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सदस्य मौलाना महमूद मदनी ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा यह हादसा केवल प्रभावित परिवारों का नहीं है बल्कि हर संवेदनशील इंसान के दिल को झकझोर देने वाला है। मौलाना महमूद मदनी ने जारी बयान में कहा कि जो जिंदगियां अचानक इस हादसे की भेंट चढ़ गईं, उनके परिजन कभी कल्पना नहीं कर सकते थे कि यह विदाई अंतिम साबित होगी। मौलाना मदनी ने दिवंगतों के परिजनों के लिए सब्र और हिम्मत की दुआ की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही उन्होंने भारत सरकार और संबंधित एजेंसियों से अपील की कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए।



मदनी ने कहा कि जमीयत की इकाइयों को निर्देश दिया गया है कि वह प्रभावित परिवारों से संपर्क करें और उनके दुख में भागीदार बनकर उनको हर प्रकार की सहायता उपलब्ध कराएं। मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक कास्मी ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा देश वासियों को



झिंझोड़ देने वाला हैं। उन्होने कहा कि ऐसे समय में देश वासियों की जिम्मेदारी बनती हैं कि वह ऐसे समय में पीडित परिवारो की हर संभाव सहायता करें। तथा सरकार की भी जिम्मेदारी हैं कि वो प्रभावित परिवार वालो की हर संभाव सहायता के लिए आगे आए। श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे को बयां करने के लिए शब्द नहीं है। यह विमान हादसा दुख का पहाड़ है जो न जाने कितने परिवारों पर टूटा है। पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि वो विमान सिर्फ एक मशीन नहीं थी बल्कि एक चलती हुई उम्मीद थी। जिसमें हर कोई अपने सपने लेकर सवार हुआ था। इसका हर एक पहलू इतना दुखद है कि उसको बयान करने के लिए शब्द ही नहीं है। किसी ने पिता खोया, बेटा और बेटी खोए तो किसी का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। किसी को भी क्या पता था कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वह दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें और उनके परिवार को हिम्मत दें।

# अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि




**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर के लोगों ने सपा नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को देर शाम झंडा चौक पर एकत्रित होकर श्री मुमताज आलम ने कस्बे के लोगों के साथ कैंडल मार्च निकालकर विमान हादसे में अपने प्राण गवाने वाले मृतकों के परिवार जनों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। मुमताज आलम ने कहा कि यह हमारे देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है हम सभी दिवंगत आत्माओं की शांति एंव परिवार जनों के दुख सहन करने लिए प्रार्थना करते हैं। इस मौके पर किसान नेता जावेद खान, जेब खान, राहत खान, फराज खा, शहजाद खा नानपुर, गुफरान खा, पप्पू खा, सोनू खा, तल्हा खा आदि रहे।

# रजवाहे में नहाने आए युवक की डूबने से मौत

## आधा दर्जन दोस्तों के साथ शाहजहांपुर मंडी में फल खरीदने पहुंचा था मृतक असद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** शुक्रवार की दोपहर मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ मेरठ से रजवाहे में नहाने आया एक युवक रजवाहे में डूब गया। युवक के डूबने की जानकारी मिलने पर दोस्त बदहवास हो गए।

वहीं स्थानीय लोगो ने हिम्मत दिखाते हुए रजवाहे से युवक को बाहर निकाला। मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने गहनता से जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया। इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। मृतक असद भाई मोहम्मद कासिफ ने बताया कि परिवार में हम पांच भाई व एक बहन है। पिता की मृत्यु हो चुकी है। असद बिजली मैकेनिक था। लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले अब्दुल आहद पुत्र सलाउद्दीन ने बताया कि वह और उसके आसपास के इलाके के रहने वाले कई युवक फेरी लगाकर फल बेचने का काम करते हैं। शुक्रवार को लिसाड़ी गेट क्षेत्र से लगभग 10 युवक शाहजहांपुर मंडी में फल खरीदने आए थे। मंडी में भीड़ होने के कारण सभी युवक शाहजहांपुर-मीतापुर रोड स्थित रजबहे में नहाने चले गए। अब्दुल आहद का कहना है कि वह और उसके दोस्त नजर मोहम्मद पुत्र मुंसब, तैमूर पुत्र रजाउद्दीन व ओवैस सहित आधा दर्जन से अधिक दोस्त रजवाहे के दूसरी तरफ नहा रहे थे। जबकि उनका साथी लक्कीपुरा गली नंबर 25 निवासी असद पुत्र इकरामुद्दीन दीवार पर चढ़कर रजबहे के गहरे पानी में कूद गया। लगभग आधे घंटे बाद जब सब युवक नहा कर बाहर निकले, तब असद को नहर किनारे ना देख युवकों ने उसकी तलाश शुरू की। असद के न मिलने पर अभी दोस्त बेचैन हो गए। तभी स्थानीय लोगों ने नजर और अन्य कुछ युवक साथियों के साथ मिलकर रजबहे में कूद कर एक दूसरे का हाथ पकड़ कर चेन बनाई और तलाश शुरू की गई। काफी तलाश करने पर रजबहे में असद की लाश बरामद हुई। जिसके बाद दोस्तों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। मृतक असद के भाई मोहम्मद कासिफ व ओर गणमान्य लोगों ने मोर्चरी से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



# जनपद में अवैध खनन करने वालों पर हो सख्त कार्रवाईः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा कर-करेत्तर तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। डीएम द्वारा आबकारी, स्टाम्प डयूटी, वाणिज्य कर, प्रवर्तन, खनन, परिवहन, वानिकी, मंडी, नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत की कर करेत्तर की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया गया कि कर वसूली के संबंध में संबंधित अधिकारी रणनीतिक रूप से कार्यवाही करते हुये वसूली में प्रगति लाया जाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग प्राप्त लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक माह कर वसूली में औसत प्राप्ति को बनाये रखें। जिन विभागो की मासिक प्राप्ति में कमी आई है आवश्यक कार्यवाही करते हुये लक्ष्य को पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि कर वसूली व राजस्व प्राप्ति के कार्यों में सक्रियता के साथ कार्यवाही की जाये।

अपर जिलाधिकारी वित्त को निर्देशित किया गया कि कर वसूली की विभागीय स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जीएसटी विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह जो नये उद्यमी व्यापारी आदि को टैक्स स्लैब में शामिल किया गया प्रत्येक माह उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों के संबंध में जो भी निर्देश दिये जाते है उसका शत्-प्रतिशत अनुपालन करते हुये अनुपालन आख्या प्रस्तुत करेंगे। खनन विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद में खनन माफियाओ पर लगातार निगरानी रखी जाये। अवैध खनन के मामलो पर सख्त कार्रवाई की जाये। राजस्व के अंतर्गत विभिन्न धाराओ में लंबित वादो का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो को गंभीरता से लेते हुये गुणवत्तापरक व ससमय निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम सरधना दीक्षा जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नवीन कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनशक्ति व्यापार समिति के बैनर पर तले एनएएस इंटर कॉलेज नाले की पुलिया पर अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए सभी मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, और ईश्वर से प्रार्थना की गई मारे गए लोगों के परिवार जनों को भगवान इस भयंकर दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें, समिति के अध्यक्ष लोकेश चंद्रा ने कहा, हम भारत सरकार से अपील करते हैं हादसे का शिकार हुए विमान की जांच करके सही तत्व का पता लगाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी फिर दुर्घटना ना हो। इस दौरान वंश कोठारी, उबेद आलम, सचिन लोधी, केशव लोधी, सजल, रिंकू शाही, सनी तोमर, अमरीश पुंडीर, हिमांशु लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर के चेयरमैन की जमानत याचिका खारिज

■ 9 वर्ष पुराने मुकदमे में कोर्ट हुई सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शाहजहांपुर के चेयरमैन व उनके एक भाई की जमानत याचिका पर मेरठ कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने चेयरमैन व उसके भाई की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि 2016 में हुए एक झगड़े में हमले के आरोप में वसी उर्र रहमान व उसके चार भाइयों सहित 10 लोगों पर वादी पक्ष की तरफ से थाना किठौर पर आईपीसी की धारा 307, 325, सहित कई अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में वसी उर्र रहमान के 2 भाई हिफजू रहमान तथा शहजर खान व 4 अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद जेल भेज दिया था। तभी से कोर्ट में केस विचाराधीन है।

2016 से अब तक कोर्ट से कई बार चेयरमैन व उसके 2 अन्य भाइयों के गैर जमानती वारंट जारी किये जा चुके थे उसके बावजूद आरोपी 9 वर्ष तक पुलिस की पकड़ से दूर रहे। इस बीच वसी उर्र रहमान ने नगर पंचायत शाहजहांपुर का चुनाव भी जीता तथा नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड बैठक से लेकर अन्य सरकारी काम को भी बेखौफ होकर अंजाम दिया। आरोप है की मुकदमे में लगभग 22 बार एनबीडब्लू जारी हुए। वहीं चेयरमैन वसी ने पुनः 29 मई 2025 को अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरठ न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ए.सी) कोर्ट संख्या 2 के समक्ष जमानत याचिका दायर की, जिसे लेकर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई थी। लेकिन अभियोजन पक्ष अधिवक्ता की दलिलों को सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। ऐसे में चेयरमैन व उसके दो भाइयो की मुश्किलें बढ़ गई है।

## सुशासन की सरकार में आखिर किसके संरक्षण में है आरोपी चेयरमैन?

22 मई 2025 को मेरठ की एसीजे जेडी कोर्ट संख्या दो ने गैर जमानती वारंट जारी कर आरोपी वसी चेयरमैन, रजि, मुत्तालिब, को 13 जून तक गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश करने के निर्देश पुलिस को दिए थे, आरोप हैं की इसके उपरान्त रानी अहिल्याबाई की जयंती के अवसर पर क्षेत्रीय नेताओं के साथ नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित चेयरमैन वसी के फोटो नगर पंचायत कार्यालय के फेसबुक पेज से लोकेशन के साथ बीती 29 मई को साझा करके कानून व्यवस्था का मखोल उड़ाया गया। जबकि इसी मामले में आरोपी चेयरमैन पक्ष की ओर से 1 वर्ष पूर्व भी हाई कोर्ट इलाहाबाद में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी जिसे इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा निरस्त की जा चुकी है जिसमें न्यायालय इलाहाबाद ने आरोपियों को 30 दिन के अंदर संबंधित कोर्ट में पेश होकर रेगुलर बेल कराने तथा संबंधित कोर्ट को मामले में संज्ञान लेने का निर्देश दिया था।

# बहराइच प्रकरण पर भड़के विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व हिंदू महासंघ भारत के प्रदेश मंत्री अमित भारद्वाज के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। जिसमें उनका कहना था कि 10 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच में एक कार्यक्रम में जाने वाले थे कार्यक्रम से एक दिन पहले स्थानीय ग्रामीणों द्वारा वहा के विधायक को सूचना दी गई जिसमें 500 ग्राम विस्फोटक से हमला होने की बात की उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रशासन हरकत में आया लेकिन वह खुफिया और गोपनीय विभाग की विफलता का विरोध करते हैं कि इतने बड़े कार्यक्रम में जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ आने वाले हैं उसमें इस तरह की घटना कैसे घट गई। यह किसी राजनीतिक षड़यंत्र और जिहादी आतंकवादी षड्यंत्र का ही कार्य हो सकता है।

# 2 जुलाई को लखनऊ में पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती में जायेंगे कार्यकर्ता

■ अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का रखा मौन

**मेरठ।** अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं की शुक्रवार को सुभाष नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई जिसमें 2 जुलाई को पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की जयंती की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार एडवोकेट ने कहा कि 2 जुलाई को लखनऊ में पार्टी संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई जाएगी। जयंती समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल होंगी। कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि 2 जुलाई को लखनऊ में आयोजित जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में लोग चलें इसके लिए हमें जनसंपर्क और चौपाल बैठकें आयोजित करनी होगी। बैठक के बाद अहमदाबाद प्लेन क्रैश की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार, प्रदेश महासचिव सहकारिता वीरेंद्र चौधरी, प्रदेश महासचिव व्यापार मंच सुनील गुप्ता, जिला महासचिव बलीचंद पाल, जिला कोषाध्यक्ष पवन वर्मा, दक्षिण अध्यक्ष फौलाद कुरेशी, कैंट अध्यक्ष चतरसेन, नवीन रहे।



# सीसीएस विश्वविद्यालय में योग जागरूक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग जागरूक कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत कमलेश त्यागी, राजेंद्र, पूनम, कृष्ण कुमार, संजय कुमार सिंह, गुंजन, रीता ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किस कार्यक्रम में बताया कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। आज एलोपैथिक डॉक्टर भी आहार विहार योग और आयुर्वेद की बात कर रहे हैं। योग पर नई-नई रिसर्च हो रही है। वे विद्वान और सेलिब्रिटी बन रहे हैं और मेडिकल लाइन में सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के डॉक्टरों का भी मत है कि प्रत्येक दिन योग करें उससे वैलनेस प्राप्त होती है।

आप स्वस्थ रहते हैं तो इलनेस नहीं होगी इलनेस नहीं होगी तो आपको किसी पैथी की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिए आप इसी प्रकार नित्य योग करते रहें। आचार्य अमरपाल ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, सूर्य नमस्कार, नाड़ीशोध आदि योग अभ्यास कराऐ। कार्यक्रम का संचालन राखी सिंह ने किया।

कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद हवाई दुर्घटना पर 2 मिनट का मोन रखा गया और शांति पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर कृष्णकांत शर्मा, प्रोफेसर वैशाली पाटील, डॉक्टर धर्मेंद्र, डॉ. संतोष, कमल शर्मा, अभिषेक, अवनीश पधान, अरुण आदि उपस्थित रहे।



## पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने ग्रामीण को मारा-पीटा

**बहेड़ी।** पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों ने ग्रामीण को घेरकर मारा-पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना शेरगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिसौना निवासी सुंदर लाल पुत्र आसेराम गांव में अपने खेत पर जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के महेंद्र पाल, सतेंद्र और अरबिंद ने उसे घेर लिया, और लाठी-डंडों से उसे बुरी तरह मारा-पीटा। चीख-पुकार होने पर आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग आ गए, तभी हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल युवक सुंदर लाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को टीम इंडिया ने दी श्रद्धांजलि

● मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे



**कैंट, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम ने एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और एक मिनट का मौन भी रखा। गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या-एएल171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। एयर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर 13:38 बजे टेकआफ हुआ था। एयर इंडिया के मुताबिक बोइंग 787-8 माडल के इस विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में 169 भारतीय नागरिकों समेत ब्रिटेन, पुर्तगाल और कनाडा के नागरिक शामिल थे। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हुई है। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। बाकी हताहत लोग विमान के क्रैश होते समय मेघाणीनगर में घटनास्थल पर मौजूद थे। इस हादसे पर क्रिकेट समुदाय ने भी दुख व्यक्त किया था। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से पूर्व शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। मुकाबला शुरू होने से पहले टीम के खिलाड़ियों और सदस्यों ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बेकेनहैम में हो रहे इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य काली पटी बांधकर उतरे। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि और पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में आज एक मिनट का मौन भी रखा गया। भारतीय टीम 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से पहले भारत ए के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेल रही है। इस दौरान जहां टीम की कोशिश तैयारियों को अंतिम रूप देने पर रहेगी।

## एंडरसन 11 साल बाद टी-20 के लिए मैदान पर

**लंदन, वार्ता।** लंकाशायर टी-20 कप्तान कीटन जेनिंग्स ने कहा कि काउंटी खेल के सबसे छोटे प्रारूप में जेम्स एंडरसन के कौशल का इस्तेमाल करना अद्‌भुत है।

एंडरसन ने लंकाशायर के लिए पिछले तीन टी-20 मैच खेले हैं। 2014 के बाद से वह पहली बार टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं। 42 वर्षीय एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 704 टेस्ट विकेट लिए है। जेनिंग्स ने बीबीसी रेडियो लंकाशायर से कहा कि जब आपके पास ड्रेसिंग रूम में ऐसा कोई खिलाड़ी हो, तो उसके दिमाग और उसकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल न करना बहुत मूर्खतापूर्ण है। उनका साथ होना अद्‌भुत है। प्रत्येक मैच में एंडरसन ने पावरप्ले में तीन ओवर फेंके हैं, जो कि पावरप्ले में बदलाव करने की आधुनिक रणनीति के विपरीत है।

# मार्को जेनसन में सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बनने की सभी खूबियां: रिकी पोटिंग



● मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है और उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के युवा गेंदबाज मार्को जेनसन का भविष्य उज्जवल है और वह भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट आलराउंडर बन सकते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मार्को जेनसन को कोचिंग देने के दौरान पोटिंग ने जेनसन की खूबियों को नजदीक से देखा।

आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग ने कहा कि मार्को जेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन उनकी प्रतिभा भी उतनी ही अलग है। उन्होंने प्रोटियाज के लिए शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया, कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक शानदार तेज गें. दबाजी जोड़ी बनाई, जिसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। रबाडा ने लॉर्ड्स में एक और पांच विकेट लेकर अधिक तारीफ बटोरी, लेकिन जेनसन की गेंदबाजी भी उतनी ही प्रभावशाली रही। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने 14 ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट लिए और उनके विकेटों में मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड शामिल थे। दूसरे दिन फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगने के कारण उनका दिन खराब हो गया था, हालांकि इसके तुरंत बाद गेंदबा. जी क्रीज पर वापस आकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे बेखौफ हैं और मार्नस लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर दिया। जेनसन अभी सिर्फ 25 साल के हैं। 2025 के आईपीएल में जेनसन ने पंजाब किंग्स के साथ अपना खेल दिखाया, लगातार सफल विकेट लिए और कभी-कभी महत्वपूर्ण रन भी बनाए। भारत में उनके घरेलू अभियान ने क्रिकेट के दिग्गज रिकी पोंटिंग को ऑलराउंडर के बारे में करीब से जानने का मौका दिया और पोंटिंग को इस बात पर आश्चर्य नहीं है कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका की शानदार प्रतिभा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के पहले दिन के बाद उन्होंने आईसीसी डिजिटल से कहा कि वह काफी शांत स्वभाव के हैं। कुछ भी उन्हें बहुत प्रभावित नहीं करता। चाहे उनका दिन अच्छा रहा हो या बुरा, वह हमेशा एक जैसे ही रहते हैं। जिस तरह से वह खेल के बारे में सोचते हैं या जिस तरह से वह ड्रेसिंग रूम में रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अधिकांश दक्षिण अफ्रीकियों की तरह, आप देख सकते हैं कि उनके अंदर एक बेहद प्रतिस्पर्धी भावना है और एक बार जब वह मैदान पर उतरते हैं, तो खेल शुरू हो जाता है। जेनसन ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी डिजिटल से कहा कि मैंने उनसे (पोंटिंग) से बहुत कुछ सीखा है। खास तौर पर मानसिक दृष्टिकोण से। वह हमेशा सकारात्मक रहते है, वह हमेशा बुरी चीजों के बजाय अच्छी चीजों को देखने की को. शिश करते है। मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह खेल का एक दिग्गज है। पोंटिंग को उम्मीद है कि जैनसन अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

# इंदौर, जयपुर में व्हाइट बॉल सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

● टी-20 विश्वकप से पहले भारत से 8 मैच, हैदराबाद, गुवाहाटी में भी होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली, वार्ता।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच अगले साल 8 व्हाइट बाल मैचों के वेन्यू शार्टलिस्ट हुए हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट मुताबिक, जयपुर, इंदौर, मोहाली, राजकोट, गुवाहाटी, हैदराबाद, त्रिवेंद्रम और नागुपर शार्टलिस्ट हुए वेन्यू में शामिल हैं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अगले साल जनवरी में टी-20 वर्ल्ड कप से पहले सीरीज खेली जानी है। 8 टाप वेन्यूज के अलावा भी कुछ मैदानों को रेस में रखा गया है। 3 वनडे और 5 टी-20 होंगे टीम इंडिया अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलेगी। सीरीज भारत के बिजी कैलेंडर का हिस्सा है, जिसमें टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया में व्हाइट बाल सीरीज और साउथ अफ्रीका से तीनों फार्मेट की सीरीज खेलनी है। इंदौर के होलकर स्टेडियम को भी न्यूजीलैंड सीरीज के लिए शार्टलिस्ट किया गया है। 14 जून को तय होंगे वेन्यू बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की मीटिंग 14 जून को शाम 4 बजे से आनलाइन होगी। मीटिंग में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के वेन्यू फाइनल होंगे। इसी मीटिंग में आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन को लेकर गाइडलाइन भी लागू की जाएगी। साथ ही घरेलू क्रिकेट का शेडयूल और उम्र वेरिफिकेशन के लिए नई प्रोसेस भी लागू होगी। वेस्टइंडीज टेस्ट से शुरू होगा होम कैलेंडर टीम इंडिया फिलहाल इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने गई है। वहां से लौटने के बाद टीम को बांग्लादेश में सीरीज और एशिया कप खेलना है। इसके बाद अक्टूबर में टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और नई दिल्ली में 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया फिर ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेलने जाएगी। मुकाबले 19 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच खेले जाएंगे। टीम फिर घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 4 टी-20 खेलेगी। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद फरवरी में वर्ल्ड कप न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 व्हाइट बाल मैचों के बाद फरवरी में टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो जाएगा। जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका को मिली है।

## बिग बैश में सिक्सर्स के लिए खेलेंगे बाबर

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आज़म को अगले सप्ताह के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले सिडनी सिक्सर्स ने अनुबंधित किया है जिसके बाद वह पहली बार बिग बैश में खेलेंगे। पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 30 वर्षीय बाबर ने 320 टी20 मैच खेले हैं, और हाल ही में पाकिस्तान सुपर लीग में पेशावर ज़ालमी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ़ पाकिस्तान की हालिया टी20 सीरीज़ के लिए नहीं चुना गया था। बाबर ने कहा कि दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टी20 लीगों में से एक में खेलना और इतनी सफल और सम्मानित फ्रैंचाइज़ी का हिस्सा बनना एक रोमांचक अवसर है। सिक्सर्स 2024-25 सीज़न में दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन प्ले-ऑफ़ में लगातार हार का सामना करना पड़ा।

## हमारे पास जीतने का शानदार मौका है: डेविड बेडिंघम

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम का मानना है कि उनके पास लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीतने का शानदार मौका है। उन्होने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका इतिहास रचने के करीब है और टीम चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 218 रनों की बढ़त बना ली है और उसके पास सिर्फ दो विकेट बचे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 74 रनों की बढ़त के साथ शुरू की थी, लेकिन लुंगी एनगिडी (3/35) और कैगिसो रबाडा (3/44) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टीम के सात बल्लेबाज स्कोर में मात्र 73 रन जोड़ सके। एलेक्स कैरी की शानदार 43 रनों की पारी ने टीम को संभाला जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 144 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी की तुलना में बेहतर बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी में दूसरे दिन सुबह 43 रन पर चार विकेट से आगे खेलते हुये पूरी टीम 138 रन पर सिमट गयी थी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने छह विकेट लिए, जिसमें उनके टेस्ट करियर का 300वां विकेट भी शामिल है।

# नीदरलैंड ने हासिल किया वनडे इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज




● 369 के जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए 6 विकेट पर 374 रन बनाकर मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्काटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्काटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जार्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

यह वनडे इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। वनडे में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकार्ड दक्षिण अफ्रीका के नाम है जिसने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 438 रन बनाए थे। इस सूची में दूसरे स्थान पर भी दक्षिण अफ्रीका ही है। अब इस लिस्ट में नीदरलैंड का नाम भी जुड़ गया है और उसने भारत और इंग्लैंड जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है। स्काटलैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्काटलैंड के लिए मुंसे ने 150 गेंदों पर 14 चौकों और 11 छक्कों की मदद से 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रास ने 59 रन बनाए। स्काटलैंड ने इस तरह नीदरलैंड्स के सामने बड़ा लक्ष्य रखा। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है। ओ डोड के अलावा तेजा निदामानुरु ने 51 और नोह क्रोएस 50 ने रनों का योगदान दिया।

## भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौटे

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर इंग्लैंड से भारत लौट आए हैं। गंभीर फैमिली इमरजेंसी के कारण इंग्लैंड से भारत लौटे हैं। भारतीय टीम फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है। टीम को वहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। गंभीर टीम के बाकी खिलाड़ियों के साथ 6 जून को इंग्लैंड रवाना हुए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। इंग्लैंड दौरे के लिए 18 मेंबर्स वाली भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, ऋषभ पंत (उपकप्तान), ध्रुव जुरेल, नीतीश रेड्डी, शार्दूल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## मेहंदी हसन मिराज बांग्लादेश के वनडे कप्तान नियुक्त

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज को वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। 27 वर्षीय मिराज अगले 12 महीनों तक टीम की कमान संभालेंगे।

मिराज ने नजमुल हुसैन शांतो की जगह ली है और वह अगले महीने श्रीलंका में बांग्लादेश की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान आधिकारिक तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मेहदी हसन मिराज ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई। मिराज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करना एक सपने के सच होने जैसा है। बोर्ड ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मुझे इस टीम पर पूरा भरोसा है। हमारे पास निडर क्रिकेट खेलने का कौशल और मानसिकता है। मैं चाहता हूं कि हम आत्मविश्वास से भरे रहें, प्रतिबद्ध रहें और देश के लिए दिल से खेलते रहें। ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर ने इससे पहले शंटो की अनुपस्थिति में चार वनडे मैचों में बांग्लादेश की कप्तानी की है। 105 वनडे मैचों में 1617 रन और 110 विकेट के साथ, मिराज वर्तमान में आईसीसी रैंकिंग में वनडे ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद रफीक, मशरफे मुर्तजा और शाकिब अल हसन के साथ बांग्लादेशी क्रिकेटरों के एक विशेष समूह का भी हिस्सा हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 1000 रन और 100 विकेट पूरे किए हैं। इससे पहले, ऑलराउंडर को अगले महीने श्रीलंका में होने वाले अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र के अपने पहले असाइनमेंट के लिए बांग्लादेश की टेस्ट टीम में उप-कप्तान के रूप में नामित किया गया था। बीसीबी क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल अबेदीन ने उन्हें पुरस्कृत करने के निर्णय के पीछे ऑलराउंडर की निरंतरता की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा कि मिराज ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में जुझारू भावना और संक्रामक ऊर्जा लेकर आए हैं। उनके प्रदर्शन, नेतृत्व के गुण और समग्र परिपक्वता उन्हें हमारी वनडे टीम का मार्गदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनाती है। अबेदीन ने कहा कि हम शांतो द्वारा अपनी कप्तानी के दौरान दिखाई गई सकारात्मकता और चरित्र के लिए आभारी हैं। वह हमारे नेतृत्व समूह का एक अभिन्न अंग और बल्लेबाजी इकाई में एक प्रमुख व्यक्ति बने हुए हैं।

# मिशेल स्टार्क ने दिखाया दम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 207 रन

● ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रना का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया




**लंदन, वार्ता।** मिशेल स्टार्क (58 नाबाद) और जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की महत्वपूर्ण साझीदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को अपनी दूसरी पारी 207 रन पर समाप्त की और पहली पारी की लीड को जोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 282 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। लार्डस की पिच पर आज सुबह आठ विकेट पर 144 रन से आगे खेलने मैदान पर उतरे स्टार्क और नाथन लियोन की जोड़ी को कैगिसो रबाडा ने जल्द ही तोड़ दिया जब लियोन अपने दो रन के निजी स्कोर पर पगबा. धा करार दिये गए। उस समय लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी जल्द ही सिमट जायेगी मगर नये बल्लेबाज हेजलवुड के साथ स्टार्क ने मैदान पर रंग जमाया और दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों का संयम से सामना करते हुये टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। भोजनावकाश से ठीक पहले हेजलवुड एडन मारक्रम का शिकार बन गए। पवेलियन में अविजित लौटे स्टार्क ने अपनी अर्द्धशतकीय नाबाद पारी में 136 गेंदो का सामना किया और पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए रबाडा ने सर्वाधिक चार विकेट चटकाये। पहली बार टेस्ट चैंपियन बनने के लिए दक्षिण अफ्रीका को अब 282 रनो के लक्ष्य को भेदना होगा।

## कौर ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत की राइफल शूटर सिफ्ट कौर समरा ने आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी उपलब्धियों में एक और इजाफा किया। 23 वर्षीय शूटर ने इससे पहले 2022 एशियाई खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ इतिहास रचा था। उन्होने फाइनल के दौरान दृढ़ता का परिचय दिया और 453-1 अंक हासिल कर आठ महिलाओं के बीच उच्च दबाव वाले मुकाबले में तीसरा स्थान हासिल किया। नीलिंग और प्रोन राउंड के बाद लीडरबोर्ड के बीच में होने के बावजूद, समरा ने स्टैंडिंग सीरीज़ में जबरदस्त धैर्य और निरंतरता दिखाई। अच्छी तरह से समयबद्‌ध 10 की उनकी श्रृंखला ने उन्हें रैंकिंग में ऊपर पहुंचा दिया।4 वे स्विट्जरलैंड की रजत पदक विजेता एमिली जैगी (464-8) से केवल 0-9 अंक पीछे रहीं। नॉर्वे की दो बार की ओलंपियन जीनेट हेग ड्यूस्टैड ने स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 466-9 का शानदार स्कोर बनाया। इस साल विश्व कप प्रतियोगिता में यह समरा का दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स में इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था और पिछले साल म्यूनिख में भी कांस्य पदक जीता था। इससे पहले क्वालीफिकेशन राउंड में समरा 592 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। साथी भारतीय आशी चौकसे (589) और अंजुम (586) क्रमश: 11वें और 27वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं।

## कमिंस 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल

**लार्डस, वार्ता।** क्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फ़ाइनल मैच के दूसरे दिन छह विकेट झटक कर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अपना नाम करियर में 300 विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों की फेहरिस्त में शामिल कर लिया। कमिंस ने 18-1 ओवरों में 28 रन देकर छह दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाया विकेट चटकाए। कमिंस टेस्ट में 300 विकेट हासिल करने वाले 40वें गेंदबाज़ हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह कारनामा करने वाले वह आठवें गेंदबाज़ हैं। तेज़ गेंदबाज़ों की अगर बात करें तो वह 300 विकेट हासिल करने वाले 30वें और ऑस्ट्रेलिया के लिए छठे गेंदबाज़ हैं। वह गेंदों के लिहाज़ से 300 विकेट तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज़ गें. दबाज़ हैं। उन्होंने 300 विकेट के आंकड़े तक पहुंचने के लिए 13,725 गेंदें ली। इस तालि. का में दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा शीर्ष पर है जिन्होने 300 विकेट की उपलब्धि 11817 गेंद खर्च कर हासिल किये थे। कमिंस ने सबसे तेज़ 300 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रूप से 10वां गेंदबाज़ बनते हुए इमरान खान की बराबरी कर ली। दोनों ने 68 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया की जीत में इस मैच से पहले कुल 184 विकेट लिए थे। जेसन गिलेस्पी, मिचेल जॉनसन, डेनिस लिली, ब्रेट ली, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्ग्रा उनसे इस मामले में आगे हैं लेकिन इन में से किसी भी गेंदबाज़ की औसत कमिंस के 18-09 की औसत से बेहतर नहीं है।

# पीड़ित महिलाओं को मिले न्याय: सपना

## राज्य महिला आयोग सदस्या ने सुनी महिलाओं की समस्याएं, महिला थाने का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती सपना कश्यप ने महिलाओं की जनसुनवाई करते हुए महिला उत्पीडन को रोकने तथा पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिये।

सर्किट हाउस में सदस्य श्रीमती सपना कश्यप द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई की गयी जिसमें महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित किया गया। उनके द्वारा 15 प्रकरणों को सुना गया जिसमें से 5 प्रकरण घरेलू हिंसा (महिला थाना) तथा 5 प्रकरण पुलिस विभाग व 3 प्रकरण राजस्व विभाग, 1 प्रकरण आबकारी विभाग तथा 1 बिजली विभाग से सम्बन्धित प्राप्त हुए हैं जिनमें से 1 प्रकरण को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये तथा प्रकरण में फालोअप लेते हुए निस्तारण आख्या से उन्हें अवगत कराने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये गये। सदस्या द्वारा महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के विषय मे समीक्षा की गयी।



जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय द्वारा महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानाकरी प्रदान करते हुए उप्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की गयी।

जनसुनवाई के उपरान्त सदस्या द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करते हुए अवगत कराया गया कि राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों में से ज्यादातर प्रकरण पुलिस विभाग से सम्बन्धित होते है इसलिए उनके त्वरित निस्तारण हेतु समस्त थानाध्यक्षों को अपने स्तर से निर्देशित किया जाये। अपने-अपने थानों में महिलाओं से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए उन्हें भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाये।

श्रीमती सपना द्वारा महिला सहायता प्रकोष्ठ का निरीक्षण करते हुए प्रभारी महिला अधिकारी को महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं में दोनों पक्षों को सामने बैठाकर समझौता कराते हुए समस्याओं का अधिक से अधिक निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गंगोह सुश्री रूचि गुप्ता, थाना प्रभारी महिला थाना श्रीमती बबीता तोमर, पूर्ति निरीक्षक सदर नरेश कुमार, आपूर्ति लिपिक नागेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# विमान हादसे को लेकर ग्लोकल विश्वविद्यालय में रखा गया मौन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय ने अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति निजामुद्दीन ने कहा अहमदाबाद में हुआ यह विमान हादसा अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति दें। कुलपति प्रोफेसर एच.एस. सिंह ने भी अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा मैं इस हादसे से बहुत व्यथित हूं। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने कहा यह घटना बेहद दुखद है। मेरी प्रार्थनाएं उन सभी के साथ हैं जो इस दुर्घटना से प्रभावित हुए हैं।

गलोकल विश्वविद्यालय ने इस कठिन समय में शोकाकुल परिवारों के साथ एकजुटता प्रकट की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

# फैसल को बनाया सपा कार्यालय प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा वरिष्ठ नेता फैसल सलमानी को कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया।

सपा नगर विधानसभा प्रभारी एवं लोकप्रिय पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया और इस निर्णय को पार्टी हित में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आने वाले 2027 चुनाव को लेकर पार्टी के हितेषी लोगों को यह जिम्मेदारी सौंपने का काम किया है। पिछले कई वर्षों से लगातार समाजवादी पार्टी के लिए निरंतर फैसल सलमानी कार्य कर रहे हैं और पार्टी के संस्थापक सदस्य भी है और पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रह चुके हैं, उन्हें कार्यालय प्रभारी बनाकर पार्टी को जिले में मजबूत करने का निर्णय लिया है।



आपको बतादे कि समाजवादी पार्टी के द्वारा वरिष्ठ समाजवादी नेता फैसल सलमानी को जनपद के सपा कार्यालय का प्रभारी नियुक्त किया गया है और उनके द्वारा हर माह पार्टी के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रियता के बारे में भी पूर्ण जानकारी हाई कमान को प्रेषित की जाएगी।

## जिला बदर पकड़ा

**बेहट।** एस एस पी रोहित सिंह सजवान के निर्देशों के पालन करते हुए कोतवाली पुलिस ने एक जिला बदर अभियुक्त को चेकिंग के दौरान कस्बे के शाकुम्भरी तिराहे से गिरफ्तार किया है।पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय मे पेश किया गया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुबह सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक तोता राम, अजब सिंह एवं कास्टेबल प्रवेश कुमार,पवित्र कुमार ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान शुक्रवार को कस्बे के शाकुम्भरी तिराहे से जिला बदर हुए अभियुक्त उस्मान पुत्र अकरम मोहल्ला कस्साबान को गिरफ्तार किया है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश से जिला बदर किया गया था। आदेश का उल्लंघन करने पर थाना बेहट पर यु पी गुंडा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत किया गया था।

# लाजियो सहारनपुर टाइगर्स टीम की घोषणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोटर्स काम्पलैक्स मैदान में खेले जाने वाली पीसीएल इलेविन क्रिकेट लीग में लाजियो सहारनपुर टाइगर्स टीम के खिलाडियों की घोषणा की गई।

टीम की डायरेक्टर प्रेरणा शर्मा ने यहां टीम के खिलाडियों के नामों की घोषणा की। जिसमें विनीत, सन्नी, मेहर धवन, आशू, मयंक देशवाल, अमरीश चौधरी, मयंक शर्मा, आयुष कौशिक, साजिद, रमीज मलिक, हेमन्त सैनी, फैसल, आयुष तलवार, अमन पुंडीर व आदर्श सिंह शामिल है। टीम के कप्तान आदिल खान और मौहम्मद शोएब कोच होंगे। उन्होंने कहा कि लीग के माध्यम से खिलाडियों को बडा मंच प्रदान करना उददेश्य है।




लीग के संस्थापक सचिन गुप्ता ने बताया कि बताया कि ग्रेटर नोएडा में 14 से 22 जून तक चलने वाली लीग में एलीट व पीसीएल कारपोरेट लीग के मैच एक साथ खेले जायेंगे। एलीट में कुल 28 मैच खेले जायेंगे। दोनों लीग के मैन आफ द सीरीज खिलाडियों को पीसीएल दो सीजन व अमेरिकन लीग क्रिकेट में खेलने का मौका मिलेगा।

चेयरमैन नितिन गोयल ने बताया कि लीग की ट्राफी व टीशर्ट लांचिंग क्रिस गेल ने की है।

# कृषि भूमि पर कब्जे के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बड़गांव निवासी बुजुर्ग व्यक्ति ने उसके ही गांव निवासी कुछ लोगों पर उसकी कृषि भूमि पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए डीएम को पत्र लिखा है, पीड़ित ने डीएम से जान माल की सुरक्षा किये जाने की गुहार लगाई है।

पीड़ित बुजुर्ग वीरेंद्र कांबोज ने डीएम को पत्र लिखकर बताया है कि गांव के कुछ दबंग लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर तथा अन्य किसानों की भूमि पर जबरदस्ती कर कब्जा कर लिया है। यह लोग उसकी जमीन पर भी जबरदस्ती कब्जा करना चाहते हैं। जब भी वह अपना खेत जोतने के लिए जाता है, तो यह व्यक्ति वहां हमला करने के लिए पहुंच जाते जाते हैं।

पीड़ित का आरोप है कि इन लोगों ने उसकी गेहूं की फसल को भी जलाकर नष्ट कर दिया था। इस बाबत उसने थाना दिवस चिलकाना में भी प्रार्थना पत्र दिया था। इसके बाद नौ जून को तहसील दिवस पर भी उसने प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर एसडीएम सदर ने राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुंचकर जांच का आदेश दिया था। जिसके बाद अभी तक भी राजस्व निरीक्षक मौके पर नहीं पहुंचे हैं। पीड़ित वीरेंद्र कांबोज द्वारा डीएम से अपनी जान माल की सुरक्षा तथा दबंगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# फौजी हत्याकाण्ड का एक और आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली पुलिस ने चर्चित फौजी हत्याकांड के एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया गया है।

विगत 9 अप्रैल 2025 को थानाक्षेत्र के गाँव मुंडीखेड़ी निवासी विनोद पुत्र कलीराम ने अपने भतीजे फौजी विक्रांत पँवार की गोली मारकर हत्या किए जाने की तहरीर दी थी।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्रवाही शुरु कर दी थी और अंकुश व सूरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।इसी मामले में 12 जून को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर ने एसएसआई सुरेश कुमार, कॉन्स्टेबल मोहित,विक्रांत व दीपक की टीम के साथ वांछित अभियुक्त विशाल उर्फ बिल्ला पुत्र ओमप्रकाश निवासी रगगड माजरा थाना छिछरौली जिला यमुनानगर हरियाणा को बुढ़िया के पुल थाना यमुनानगर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त विशाल की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद कर लिया।अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद उपरोक्त मुकदमें में अन्य धाराएं बढ़ाई गई हैं। पूछताछ में अभियुक्त विशाल ने बताया कि 9 अप्रैल को मेरा साथी सूरज उर्फ भूरा मेरे पास इस्माइलपुर गाँव पहुँचा और बताया कि 2020 में मेरे भाई रजत की हत्या हुई थी जिसमें विक्रांत मुख्य गवाह था।विक्रांत ने हत्या की गवाही पूर्ण रूप से कोर्ट में नहीं दी थी।रजत की हत्या का मुख्य अभियुक्त देवेंद्र जेल से जमानत पर बाहर आ गया है और विक्रांत देवेंद्र से बातचीत करने लगा है।विक्रांत देवेंद्र से मिल गया है।इसी बात से क्रोधित होकर सूरज व विशाल ने विक्रांत की हत्या की योजना बनाई।सूरज और मैं मुंडीखेड़ी आए।मुझे खेतों में उतार कर सूरज अंकुश व विक्रांत को बाइक पर लेकर आया और सभी ने शराब पी।जब विक्रांत नशे में हो गया तो मैंने,सूरज और अंकुश ने अपने तमंचों से विक्रांत की गोली मारकर हत्या कर दी।जिसके बाद तीनों अलग अलग चले गए।मैंने घटनास्थल से कुछ दूरी पर तमंचा छुपा दिया था जो पुलिस को बरामद करा दिया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाही के बाद अभियुक्त विशाल उर्फ बिल्ला को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

## कस्बे के व्यापारियों ने छबील लगाई

**चिलकाना।** क्षेत्र में पड़ रही भयंकर गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए राहगीरों को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए दुकानदारों व अन्य ग्रामीणों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा शर्बत वितरित किया गया। नगर में सरसावा रोड पर सागर फर्नीचर के सामने संजय मिस्त्री, सुशील, मनोज मिस्त्री, बाबर इंवर्टर बैंटरे वाला, अशोक, चेतन, दीपक आदि ने एकत्र होकर भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर उमस भरी गर्मी से राहत पहुंचायी।इस दौरान शमशाद प्रधान, दानिश, अनस, शोबान, रियाजुल, माजिद, नदीम, आदिल, नितिन गोयल आदि रहे। सरसावा रोड, सुल्तानपुर, धोलाहेडी, बरथा कायस्थ, सीकरी तथा पठेड आदि में भी लोगों को शीतल जल पिलाया।

# साखन नहर में ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** साखन नहर के समीप एक व्यक्ति का मृत शरीर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

शुक्रवार को तल्हेडी बुजुर्ग क्षेत्र में स्थित साखन नहर के समीप एक मृत व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मृत शरीर पड़ा देखा तो वह हक्के बक्के रह गए जिन्होंने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तल्हेडी चौकी प्रभारी विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी। तत्पश्चात चौकी प्रभारी ने बताया कि मृत व्यक्ति की शिनाख्त रहीश पुत्र इकराम निवासी नया गांव थाना नकुड जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।जानकारी के मुताबिक मृतक के भाई मानकमऊ में रहते हैं जिन्हें घटना के विषय में जानकारी दे दी गई।

उनका कहना है कि मृत व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।खबर लिखे जाने तक मृत व्यक्ति के साथ क्या घटना घटित हुई इस विषय में अभी तक कोई जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# परेशान करती रही बिजली की आंख मिचौली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र में बिजली की आंखमिचौली ने निवासियों का जीना मुहाल कर दिया हैआज सुबह से कई घंटों तक बिजली गुल रहने के कारण बच्चों और बुजुर्गों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती के चलते इनवर्टर भी डिस्चार्ज हो चुके हैं, जिससे घरों में पंखे और कूलर बंद पड़े हैं।

छुटमलपुर, जो विद्युत गृह फतेहपुर से जुड़ा है, में रविवार रात से ही बिजली की समस्या शुरू हो गई थी। सोशल मीडिया पर एक स्थानीय निवासी ने शिकायत की कि रात में बार-बार बिजली कटौती हुई, और 12 जून की शाम से पुन: आपूर्ति पूरी तरह ठप है। निवासियों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी इस मामले में उदासीनता बरत रहे हैं। एक एक्स पोस्ट में कहा गया, ष्अधिकारीगण क्छक करके सोए हैं शायद,ष जिससे स्थानीय लोगों का गुस्सा साफ झलकता है।

जून की तपती गर्मी में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है, और उमस ने हालात को और बदतर बना दिया है। बिजली के अभाव में न केवल घरों में पंखे और कूलर बंद हैं, बल्कि पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, क्योंकि अधिकांश घरों में पानी के पंप बिजली पर निर्भर हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है, जो गर्मी और उमस से बेहाल हैं। कई घरों में इनवर्टर बैटरी डाउन होने के कारण कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं बची है।

क्षेत्र के निवासियों ने बिजली विभाग के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि बिजली कटौती का कोई निश्चित शेड्यूल नहीं है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि दुकानों और छोटे व्यवसायों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। कुछ लोगों ने बिजली विभाग के टोल-फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करने की कोशिश की, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

**तीतरों।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

दूसरे समुदाय का युवक नाबालिग का शारीरिक शोषण कर रहा था जिसकी शिकायत पीड़िता की मां ने पुलिस को की थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने गांव धानवा निवासी जावेद को फूंसगढ़ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी को पोक्सो एक्ट तथा एससी एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## हादसे के मृतकों की आत्मा की शांति को की प्रार्थना

**बेहट।** अहमदाबाद मे हुए दर्दनाक विमान हादसे के मृतकों की आत्म शांति के लिए बेहट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओ नें की प्रार्थना और हादसे पर शोक जताया।

शोक सभा मे बार एसोसिएशन बेहट के अधिवक्ता ठा प्रदीप कुमार,ओमपाल सिंह राठौर, सुनील सैनी के नेतृत्व मे बार ऑफिस पर इक्क्ठा हुए और विमान हादसे मे मृतकों की आत्मशा न्ति की प्रार्थना की एवं दो मिनट का मौन रखा! इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता लच्छी सिंह चौहान,धर्म पाल सैनी, अनिल सैनी,संजय सिंह,विनोद शर्मा, भोपाल सिंह, अखिलेश कौशिश, पंकज गुप्ता, प्रवीण बंसल, संदीप कुमार,देवेंद्र राणा, सुदेश कुमार, राज. कुमार काम्बोज,दिनेश मित्तल, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# वन कर्मियां पर 1.10 लाख ऐंठने का आरोप

## गांव खिडका भटकव्वा के पीड़ित ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** खिड़का भटकव्वा गांव निवासी तबरेज ने सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की बेहट रेंज में तैनात कर्मचारियों पर उसे डरा धमका कर 1.10 लाख रुपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उसका आरोप है, कि वनकर्मियों ने उसकी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़कर उसे सीज करने की धमकी दी थी।

तबरेज ने बताया, कि वह ट्रैक्टर-ट्राली से किराया करता है। बेहट कस्बे का एक ठेकेदार उसे खेत से काटी गई लकड़ियों को बाहर सड़क पर निकलवाने के लिए लेकर गया था। 17 मई को ट्रैक्टर-ट्राली में लकड़ियां भरकर निकाल रहा था, तभी वनकर्मी वहां पहुंच गए और उसकी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ कर रेंज कार्यालय ले गए। आरोप है, कि वनकर्मियों ने उसकी ट्रैक्टर-ट्राली को छोड़ने की एवज में उससे 1.50 लाख की डिमांड की। उसके मना करने उन्होंने उससे बदसलूकी की।।19 मई को वह किसी काम से पत्नी के साथ बेहट आया था, तभी सड़क से उसकी नजर रेंज कार्यालय परिसर में खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली पर पड़ी। आरोप है, कि वनकर्मी उसके ट्रैक्टर से तेल निकाल रहे थे और बैटरी भी उतार चुके थे। यह देखकर वह वहां पहुंच गया और उसने वन कर्मियों का विरोध किया, तो आरोप है, कि उन्होंने उसके साथ गाली गलौज करते हुए धमकी दी कि उसके ट्रैक्टर-ट्राली को आज ही सीज कर देंगे। वह डर गया और उसने किसी से 1.10 लाख रुपये उधार लाकर उन्हें दिए और अपना ट्रैक्टर-ट्राली छुड़ाया। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता तबरेज का यह भी आरोप है, कि बेहट रेंज कार्यालय में तैनात अवैध रुप से आम के हरे भरे बागानों का कटान कराकर कालोनाईजरों से मोटी रकम वसूल रहे है। हाल ही में चकराता रोड पर गांगरोह नदी के पास कालोनाईजर से मिलकर वन विभाग के कर्मचारियों ने आम के हरे भरे फलदार बाग का कटान कराया। बेहट फल पट्टी क्षेत्र है, जिसमें आम की सैकड़ों किस्मों की पैदावार होती है। जिस तरह सेवन करनी है अवैध रूप से अंधाधुंध कटान कर रहे हैं इससे फल पट्टी के अस्तित्व पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अवैध कटानों और इसमें लिप्त बेहट रेंज में तैनात वनकर्मियों द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्तियों की जांच करने की मांग की है। इस मामले मे जब सामाजिक वानिकी बेहट के रेंजर अरविन्द श्रीवास्तव से जानना चाहा तो उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली स्वामी से जुर्माने के रूप में 2 लाख 50 हजार रु की रसीद काटी गई है।जिस की रिपोर्ट बनाकर डीएफओ को भेज दी है। रिपोर्ट आने के बाद ही ट्रैक्टर मालिक को दिया जायेगा अवैध रूप से 1लाख 10 हजार रु की रकम ऐंठने के आरोप गलत है।

# कार्यक्रम रोके जाने की मांग

**सहारनपुर।** बुद्ध शिक्षा संस्थान अम्बेडकरपुरम सहारनपुर से जुड़े पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गुंडागर्दी के बल पर बुद्धा टैम्पल पर कब्जा करने की नीयत से 15 जून को बिना अनुमति के ज्ञानचंद आजाद जयंती कार्यक्रम को मनाने से रोके जाने की मांग की।

बुद्ध शिक्षा संस्थान अम्बेडकरपुरम से जुड़े पदाधिकारी संस्थान के अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बुद्ध शिक्षा संस्थान अम्बेडकरपुरम निकट सामुदायिक केंद्र दिल्ली रोड सहारनपुर वर्ष 1999 से स्थापित कर संचालित है। उन्होंने बताया कि संस्थान के तत्वावधान में समिति से जुड़े पदाधिकारी प्रार्थना करने के लिए बुद्ध विहार/बुद्धा टैम्पल की स्थापना की गई और बुद्धा टैम्पल की स्थापन करने में आम जनता का सहयोग लेकर कार्य को आगे बढ़ाया गया है। समिति निष्पक्ष और ईमानादारी से संस्थान का संचालन कर रही है परंतु बुद्ध शिक्षा संस्थान के कार्य में अवरोध उत्पन्न करने के लिए कुछ असामाजिक तत्व डा. अम्बेडकर सहकारी आवास समिति लि. के नाम से बहाना बनाकर हमारी समिति द्वारा बुद्ध पूर्णिमा, अम्बेडकर जयंती तथा समाज जागरूकता सम्बंधी विचार गोष्ठी आदि कार्यक्रमों में बाधा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि 15 जून को ज्ञान चंद आजाद जयंती कार्यक्रम आयोजित करने से रोका जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, सचिव सुखपाल सिंह भास्कर, शेरसिंह, राजबल, नरेश चंद्र, सरन सिंह, बलबीर गौतम, उर्मिला बौद्ध, शेरसिंह शामिल रहे।

# दिवंगत आत्मा को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

मिली जानकारी के अनुसार आज कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता महानगर कांग्रेस कार्यालय पर एक अमरदीप जैन की अध्यक्षता में एकत्र हुए तथा विगत दिवस अहमदाबाद में विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया गया तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष अमरदीप जैन व पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी ने इस हादसे को हृदय विदारक और बेहद दुखी करने वाला हादसा बताया। अमरदीप जैन ने कहा कि किसी तकनीकी चूक और खराबी के चलते इस बड़े विमान हादसे ने सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन ली और मृतकों के परिवारों की जिंदगी को दोराहे पर लाकर खड़ा कर दी। अमरदीप जैन ने कहा कि हम सभी मृतकों की आत्मिक शांति हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हुए, उनके परिवारों को इस असहनीय दुख व अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रभु से प्रार्थना करते हैं। प्रवीण चौधरी ने सभी मृतकों के परिजनों के प्रति सांत्वना प्रकट करते हुए कहा की पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है और हम उनके दुख में पूरी तरह शामिल है। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी, पूर्व सभासद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, महानगर उपाध्यक्षगण हरिओम मिश्रा, राजीव कपिल, इकराम खान, महिला कांग्रेस नेत्री मधु सहगल, सारिका, आरिफ मंसूरी, प्रभजीत सिंह, कर्ण चौहान, अनूप ठकराल, नसीब खान, विपिनकांत शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, तालिब सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** एक विवाहिता ने पति व ससुरालियों पर जेठ के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाने और न मानने पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। कोतवाली में पति, देवर व जेठ और सास के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु करदी है।

गांव खानपुर गुर्जर की बेटी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी 12 साल पहले मुस्लिम रीति रिवाज से गांव तुरमत खेडी थाना रामपुर मनिहारान निवासी शाहदीन के पुत्र बिलाल से हुई थी। उसका पति बिलाल बाहर जाकर मजदूरी कार्य करता है। उसकी गैरमौजुदगी में उसका जेठ उस पर शारीरिक सम्बन्ध बनाने का दबाव बनाकर अश्लील छेडछाड करता था। वह किसी तरह उससे बचती आ रही थी। मगर पहली जून को पति से शिकायत करने पर पति ने कहा कि यदि वह उसके भाई से सम्बन्ध बना ही लेगी तो क्या बिगड जायेगा। मगर उसके इंकार पर उन्होंने उससे गालीगलौच व मारपीट की। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां आ गये, तो गुस्सायें बिलाल ने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। बाद में सूचना मिलने पर उसके मायके वाले उसे अपने साथ ले गये। बाद में परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची पीडिता ने पति व ससुरालियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शाह टाइम्स

## सम्पादकीय

शनिवार, 14 जून 2025

# शांति की पहल को धक्का

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका काफी समय से व्यक्त की जा रही थी। ईरान को किसी भी हाल में परमाणु न बनाने देने की अपनी मुहिम के चलते इजरायल ने शुक्रवार की सुबह ईरान पर 200 फाइटर जेटों के साथ धावा बोल दिया। इस हमले में ईरान के सेना प्रमुख स्पेशल फॉर्स के चीफ दो बड़े परमाणु वैज्ञानिक समेत पांच बड़े अफसर मारे गए। हमले के बाद भी इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वही अपनी पुरानी बात दोहराई और कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था इस पर हमला किया गया।

इजरायली सेना ने यह भी दावा किया कि इरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। जाहिर है जिस तरह ईरान के सेना प्रमुख व वैज्ञानिक मारे गए, जाहिर है उसके निशाने पर न्यूक्लियर प्लांट्स और बड़े मिल्ट्री अफसरों के रेजिडेंशियल कॉम्पलैक्स थे। इजरायल अपने इन हमलों को बेहद सफल बता रहा है और दावा कर रहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अब काफी पीछे धकेल दिया गया है। यूं तो ईरान ने भी पलटवार किया और सौ विस्फोटक ड्रोनों से इजरायल पर हमला बोला, लेकिन इजरायल का दावा है कि उसने अपने मजबूत डिफेंस के चलते इन हमलों को नाकाम कर दिया। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि इन हमलों की पहले से ही आशंका थी, लेकिन हाल-फिलहाल ऐसा नहीं लग रहा था, उसका कारण भी था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ चल रही न्यूक्लियर वार्ता को लेकर काफी आशान्वित दिखाई दे रहे थे। ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि इजरायल तो ईरान पर हमला करने के लिए हर समय तैयार है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति उसे ऐसा न करने के लिए मना कर रहे हैं। इसलिए ऐसा मानने के लिए अच्छे भले कारण हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को वार्ता की गफलत में डालकर इजरायल से हमला करवा दिया। थोड़ी सी नानुकुर के बाद अब तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया कि इजरायल ने जो ईरान पर हमला किया है उसे उसकी पूरी तरह जानकारी थी। इतना ही नहीं उन्होंने ईरान को चेतावनीभरे अंदाज में कहा भी कि अगर वह कठोर कार्रवाई से बचना चाहता है, तो वह अपना परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए जितनी जल्दी तैयार हो जाए वह उसके लिए बेहतर है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान जरा भी पीछे हटने के संकेत नहीं दे रहा है और उसने साफ कर दिया है कि वह इजरायल के साथ युद्ध में अब किसी भी सीमा तक जाएगा और इजरायल पर हुए हमले का पूरी ताकत से जवाब देगा। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत के पीएम मोदी से फोन पर बात भी की है। मोदी जी ने स्वयं अपने एक्स पर कहा है कि भारत ने ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता व्यक्त की है और मतभेदों को वार्ता के जरिये सुलझाने की सलाह दी है। अभी यह कहना मुश्किल है कि यहां से बिगड़ी स्थिति किधर जाएगी, लेकिन इतना तो कहना ही पड़ेगा कि दिन-प्रतिदिन हालात अब बिगड़ते जा रहे हैं और कहीं से भी शांति की पहल होती दिखाई नहीं दे रही है। अगर ईरान बड़ा हमला इजरायल पर करता है तो निश्चित रूप से स्थिति काफी भयावह हो सकती है।

## दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन



जहां तक उन्हें पता है, ईरान ने इजरायल को हमला करने के लिए कोई उकसावे की कार्रवाई नहीं की है, इजरायल ने इसे पूर्व प्रतिरोधी हमला बताते हुए एक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया, यह दोहरे मानदंडों का खतरनाक प्रदर्शन है, अगर वैश्विक शक्तियां इस पर चुप रहती हैं, तो वास्तव में यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा, इजरायल ने जो किया है, वह रूस द्वारा यूक्रेन के साथ किए गए कार्यों के समान है, आप रूस के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अभियान शुरू करते हैं, लेकिन जब इजरायल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका, यूरोप और अन्य चुप रहते हैं, अगर एक देश का दूसरे पर हमला करना गलत है, तो ये तब भी गलत होना चाहिए, जब इजरायल ईरान पर हमला करता है।

-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# रक्त की हर बूंद में छिपी होती है किसी घर की मुस्कान





योगेश कुमार गोयल

रक्तदान को पूरी दुनिया में सबसे बड़ा दान माना गया है क्योंकि रक्तदान ही है, जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढ़ेरों रंग भी भरता है। कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति रक्त के अभाव में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है और आप एकाएक उम्मीद की किरण बनकर सामने आते हैं और आपके द्वारा किए गए रक्तदान से उसकी जिंदगी बच जाती है तो आपको कितनी खुशी होगी। हालांकि एक समय था, जब चिकित्सा विज्ञान इतना विकसित नहीं था और किसी को पता ही नहीं था कि किसी दूसरे व्यक्ति का रक्त चढ़ाकर किसी मरीज का जीवन बचाया जा सकता है। उस समय रक्त के अभाव में असमय होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था किन्तु अब स्थिति बिल्कुल अलग है लेकिन फिर भी यह विडम्बना ही कही जाएगी कि रक्तदान के महत्व को जानते-समझते हुए भी रक्त के अभाव में आज भी दुनियाभर में हर साल करोड़ों लोग असमय ही काल के ग्रास बन जाते हैं, जिनमें अकेले भारत में ही रक्त की कमी के चलते होने वाली ऐसी मौतों की संख्या करीब बीस लाख होती है क्योंकि देश में प्रतिवर्ष करीब पच्चीस लाख यूनिट रक्त की कमी रह जाती है।

दरअसल रक्तदान के महत्व को लेकर किए जाते रहे प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान हैं, जैसे रक्तदान करने से संक्रमण का खतरा रहता है, शरीर में कमजोरी आती है, बीमारियां शरीर को जकड़ सकती हैं या एचआईवी जैसी बीमारी हो सकती है।

इस तरह की भ्रांतियों को लेकर लोगों को जागरूक करने के प्रयास किए जाते रहे हैं किन्तु अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी है। रक्तदान करने से शरीर को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होता बल्कि रक्तदान से तो शरीर को कई फायदे ही होते हैं। जहां तक रक्तदान से संक्रमण की बात है तो सभी स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा रक्त लेते समय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय मानक तरीके अपनाए जाते हैं, इसलिए संक्रमण का कोई खतरा नहीं होता। 18 साल से अधिक उम्र का शारीरिक रूप से स्वस्थ कम से कम 45 किलो से अधिक वजन का कोई भी व्यस्क स्वेच्छा से कम से कम तीन माह के अंतराल पर साल में 3-4 बार रक्तदान कर सकता है। कुछ लोगों को रक्तदान के समय हल्की कमजोरी का अहसास हो सकता है किन्तु यह चंद घंटों के लिए अस्थाई ही होता है। इसके उलट रक्तदान के फायदों की चर्चा करें तो रक्तदान करते रहने से खून की प्राकृतिक रूप से सफाई होती है और रक्त कुछ पतला हो जाने से खून में थक्के नहीं जमते, जिससे हार्ट अटैक की संभावना बेहद कम हो जाती है। रक्तदान के बाद शरीर में जो नए ब्लड सेल्स बनते हैं, उनमें किसी भी बीमारी से लड़ने की अपेक्षाकृत अधिक ताकत होती है और यह स्वच्छ व ताजा रक्त शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निक. ालने में मददगार होता है, जिससे न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रहता है बल्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों से बचाव, कुछ हद तक मोटापे पर नियंत्रण तथा कई संक्रामक बीमा. रियों से बचाव होता है। रक्त में आयरन की मात्रा नियंत्रित हो जाने से लीवर की कार्यक्षमता बढ़ जाती है।

जीवनदाई रक्त की महत्ता के मद्देनजर लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 14 जून 1868 को जन्मे कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिवस पर 14 जून 2004 को रक्तदान दिवस की शुरूआत की गई थी और तब पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेडक्रॉस तथा रेड क्रिसेंट सोसायटीज द्वारा 'रक्तदान दिवस' मनाया गया था, तभी से यह दिन 'रक्तदान' के नाम कर दिया गया। विश्व रक्तदान दिवस की शुरूआत का उद्देश्य यही था कि चूंकि दुनियाभर में लाखों लोग समय पर रक्त न मिल पाने के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, अतः लोगों को रक्तदान करने के लिए जागरूक किया जाए। हमारे शरीर में शरीर के कुल वजन का करीब 7 फीसदी रक्त होता है और यदि हम उसमें से 3 फीसदी भी दान कर दें तो भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं होती। वैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्देशानुसार एक बार में किसी भी व्यक्ति का एक यूनिट अर्थात 450 मिलीलीटर से अधिक रक्त नहीं लिया जा सकता और इस रक्त की पूर्ति हमारा शरीर खुद ही 2-3 दिनों में ही कर लेता है। रक्तदान के बाद प्राप्त रक्त से आवश्यकतानुसार लाल रक्त कणिकाएं, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसिपिटेट अलग कर मरीजों के लिए उपयोग किए जाते हैं। आरबीसी का उपयोग रक्त लिए जाने के 42 दिन बाद तक किया जा सकता है जबकि प्लेटलेट्स केवल 5 दिन के अंदर उपयोग की जा सकती हैं। रक्तदान करते समय कुछ महत्वपूर्ण बातों का ध्यान अवश्य रखा जाना चाहिए, तभी आप द्वारा किया गया रक्तदान सार्थक होगा। आपको एड्स, मलेरिया, हेपेटाइटिस, अनियंत्रित मधुमेह, किडनी संबंधी रोग, उच्च या निम्न रक्तचाप, टीबी, डिप्थीरिया, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, एलर्जी, पीलिया जैसी कोई बीमारी हो तो रक्तदान न करें। माहवारी के दौरान या गर्भवती अथवा स्तनपान कराने वाली महिलाएं रक्तदान करने से बचें। यदि आपको टाइफाइड हुआ हो और ठीक हुए महीना भर ही हुआ हो, चंद दिनों पहले गर्भपात हुआ हो, तीन साल के भीतर मलेरिया हुआ हो, पिछले छह महीनों में किसी बीमारी से बचने के लिए कोई वैक्सीन लगवाई हो, आयु 18 से कम या 60 साल से ज्यादा हो तो रक्तदान न करें। जब भी रक्तदान करें, उससे कुछ समय पहले और कुछ समय बाद तक पर्याप्त पानी पीएं, भोजन में हरी सब्जियां तथा आयरन व विटामिन से भरपूर पौष्टिक आहार लें लेकिन रक्तदान से पहले जंक फूड, अधिक वसायुक्त भोजन के अलावा धूम्रपान, मद्यपान इत्यादि किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने से बचें। शराब पीते हैं तो 2-3 दिन पहले शराब का सेवन बंद कर दें।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष एक करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है किन्तु सिर्फ 75 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है। देश की कुल आबादी के लिहाज से देखें और यह मानकर चलें कि एक व्यक्ति साल में केवल एक बार ही रक्तदान करता है तो भी इसका अर्थ है कि महज आधा फीसदी लोग ही रक्तदान करते हैं। यह बेहद चौंकाने वाली स्थिति है और आधुनिक विज्ञान के युग में भी रक्त की कमी के चलते लाखों लोगों की मौतों के मद्देनजर यह नितांत आवश्यक है कि आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। अपने रक्त से एक अनमोल जीवन बचाकर जो आत्मिक संतुष्टि मिलती है, वह अनमोल है, साथ ही हमारे शरीर का रोग प्रतिरोधी तंत्र भी रक्तदान से मजबूत होता है। स्वैच्छिक रक्तदान कर किसी की जान बचाकर जहां मानसिक खुशी मिलती है, वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति का एक रक्तदाता कार्ड भी बना दिया जाता है, जिसका लाभ यह होता है कि यदि उसे या उसके किसी परिजन को सालभर के अंदर कभी रक्त की जरूरत पड़ जाती है तो वह इस रक्तदाता कार्ड के जरिए एक यूनिट रक्त ब्लड बैंक से आसानी से प्राप्त कर सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीम करौली बाबा को अर्पित कंबल का महत्व

अफजल हुसैन फौजी

**कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं।**



आस्था व श्रद्धा का प्रतीक कैंची धाम इन दिनों श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। जहां देश-विदेश से लाखों भक्त नीम करौली बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। बाबा की अलौकिक उपस्थिति और चमत्कारों की कहानियों से जुड़ा यह स्थान भक्तों के लिए श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। जनसामान्य के साथ फिल्मी जगत, राजनीति, खेल जगत से जुड़ी कई बड़ी हस्तियां कैंची धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन कर चुकी हैं।

कैंची धाम में विशेष तौर पर नीम करौली बाबा को कम्बल चढ़ाने की परंपरा बेहद लोकप्रिय है। दूर दूर से श्रद्धालु कैंची धाम पहुंचकर बाबा को कंबल चढ़ाते हैं। इसका कारण है कि नीम करौली बाबा को कंबल अत्यंत प्रिय थे और बाबा अपने शरीर में सिर्फ धोती और कंबल ओढ़ते थे। बाबा गरीबों को भी कंबल दान करने और भोजन करवाने की सलाह देते थे, यही कारण है कि आज भी बाबा को श्रद्धा से भक्तों द्वारा कम्बल चढ़ाया जाता है।

**कम्बल के अनेक चमत्कार**

कैंची धाम ट्रस्ट से जुड़े भुवन बिष्ट बताते हैं कि बाबा के चमत्कारों में भी कंबल की भूमिका रही है। कई बार बाबा ने इसी कंबल से चमत्कार दिखाए, जिनका वर्णन उनकी जीवनी और किताबों में मिलता है, वहीं बाबा को कंबल वाले बाबा के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धालु जब बाबा को कंबल चढ़ाते हैं, तो मंदिर में मौजूद पुजारी कम्बल को बाबा की मूर्ति से छुआकर प्रसाद के तौर पर वापिस देते हैं। जिसे श्रद्धालु अपने घर ले जाते हैं। इसे बाबा का प्रसाद और आशीर्वाद माना जाता है। यह कंबल भक्त अपने घर के पूजा स्थान में रखते हैं या फिर किसी पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखते हैं। कई श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने पर भी बाबा को कंबल चढ़ाते हैं।

**बीमारों का कम्बल से उपचार**

मान्यता है कि यदि घर में कोई बीमार व्यक्ति हो, और उसे पूरे श्रद्धा भाव से यह कंबल ओढ़ाया जाए, तो उसे रोगों से मुक्ति मिल सकती है। यही कारण है कि भक्तों की आस्था इस कंबल से जुड़ी हुई है। बाबा के कम्बल को घर में पूजा वाली जगह या फिर शुद्ध स्थान पर रखा जाता है।

कैंची धाम के आस-पास की दुकानों में आपको कई तरह के कंबल बिकते हुए नजर आ जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु बाबा को अर्पित करने के लिए खरीदते हैं। यह परंपरा न केवल बाबा की स्मृति से जुड़ी है, बल्कि लोगों की आस्था, विश्वास और भक्ति का जीता-जागता प्रतीक भी है। इस प्रकार बाबा का कंबल आज भी हजारों लोगों के लिए बाबा के प्रति आस्था का माध्यम बना हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मंदिरों में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन बंद हों



ललित गर्ग



ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद काशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ 21 लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वहीं ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआईपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है।

देश-विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। काशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवे. दनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन-आस्था आहत न हो।

काशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या काशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन-आस्था की भीड़ एवं लम्बी-लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लाल. बत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईपी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिए सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की।

दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लो. कतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग 'विशेष' बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदि. रों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिए मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारें और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गए हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए-नए तरीके खोजे जाते हैं।

वीआईपी कल्चर एवं पैसे लेकर दर्शन कराने की धांधली ने एक बार फिर से नए सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी या पैसे लेकर दर्शन क्यों है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया पैदा करता है? प्रसिद्ध मन्दिरों में वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? यह व्यवस्था समाप्त होना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ही धार्मिक स्थलों पर होने वाली वीआईपी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। निश्चित ही जब किसी को वरीयता दी जाती है और प्राथमिकता दी जाती है तो उसे वीवीआईपी या वीआईपी कहते हैं। यह समानता की अवधारणा को कमतर आंकना है। वीआईपी संस्कृति एक पथभ्रष्टता है, यह एक अतिक्रमण है, यह मानवाधिकारों का हनन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## एयर इंडिया विमान दुर्घटना समूह के इतिहास का सबसे काला दिनः टाटा

**नई दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। चंद्रशेखरन ने अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में कहा कल जो हुआ, वह समझ से परे है और समझ नहीं आ रहा है कि आखरि यह सब कैसे हो गया। इससे पूरा समूह सदमे और शोक में हैं। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गई है। कल का दिन टाटा समूह के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है। समूह अध्यक्ष ने लोगों को हर स्तर पर सहयोग का भरोसा देते हुए कहा हम यहां उनकी मदद के लिए हैं। पिछले 24 घंटों में भारत, ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल अहमदाबाद पहुंच चुके हैं।

# अमेरिका ने ईरान को दी खुली चुनौती

## ईरान समझौता करे या विनाश का सामना करे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि वह परमाणु समझौता करने पर राजी हो या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के कट्टरपंथी नेताओं को समझौते पर पहुंचने की जरूरत है,नहीं तो उन्हें विनाश का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि मैंने ईरान को समझौता करने के लिए एक के बाद एक मौका दिया लेकिन उसने बात नहीं मानी। ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर समझौता नहीं करता है तो विनाश जारी रहेगा। उन्होंने लिखा कि अब भी समय है कि इस कत्लेआम और विनाश को रोकने के लिए समझौता किया जाए। ईरान को समझौता करना होगा, वरना कुछ नहीं बचेगा। ईरान के खिलाफ इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के 'ऑपरेशन राइजिग लायन' की सफलता के तुरंत बाद ट्रम्प ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका इजरायल की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि हम अपनी और इजरायल की रक्षा करेंगे। अमेरिका इजरायल को दिए गए आयरन डोम इंटरसेप्टर मिसाइल बढ़ा रहा है ताकि संभावित बैलिस्टिक खतरों का मुकाबला किया जा सके। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की है कि उसके जेट विमानों ने पहले चरण का हमला पूरा कर लिया है, जिसमें ईरान के विभिन्न क्षेत्रों में परमाणु ठिकानों सहित कई सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमले किए गए।

## ईरान पर हमला इजरायल के अस्तित्व की लड़ाई

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान के खिलाफ किए गए अपने हमलों को देश के अस्तित्व की लड़ाई बताते हुए कहा है कि वह ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के सैन्य खुफिया निदेशालय (अमन) के प्रमुख मेजर जनरल श्लोमी बिदर ने आज कहा कि ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को बाधित करने के लिए परिचालन तत्परता के उच्चतम स्तर पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे को कम करना, बाधित करना और हटाना चाहते हैं। हम एक ऐसे अभियान पर निकल पड़े हैं जो अस्तित्व के लिए बहुत बड़ा है। यह एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ है जो हमें नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 'अमन' ने विभिन्न परमाणु हथियार समूह के विकास मुद्दों पर काम करने के ईरान के गुप्त प्रयासों का पता लगाने और बाधित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइल खतरों के संबंध में ईरान की गुप्त प्रगति का पता लगाने के लिए और भी कड़ी मेहनत की। इजरायली हमलों में ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। इससे ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को नुकसान पहुंचा है। यह हमला ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रमों पर आईडीएफ द्वारा 2023 में ईरानी केंद्रों को निशाना बनाने के बाद से सबसे तीव्र और सावधानीपूर्वक समन्वित हमलों में से है।

## चीनः तूफान 'वुटिप' में फंसे जहाज के चालक दल के सदस्य बचाए गए

**सान्या।** दक्षिण चीन के द्वीप प्रांत हैनान में तूफान 'वुटिप' में फंसे एक जहाज के चालक दल के 12 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सूचना मिली थी कि हैनान के दक्षिण-पश्चिमी तट से करीब 14 समुद्री मील (लगभग 26 किलोमीटर) दूर एक जहाज पर मौजूद 12 लोग तूफान में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने कहा कि बचाव दल स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे रवाना हुआ और रात करीब 11:50 बजे घटनास्थल पर पहुंचा जहां तीन मीटर ऊंची लहरें उठ रही थीं। करीब 43 मिनट के भीतर सभी चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार दोपहर तक सभी के सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की उम्मीद जताई। उल्लेखनीय है कि तूफान वुटिप कल रात करीब आठ बजे एक गंभीर उष्णकटिबंधीय तूफान में बदल गया। तूफान आज सुबह 10 बजे तक हैनान के लेदोंग ली स्वायत्त काउंटी के पास स्थित था। वहां हवा की रफ्तार 101 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तूफान के मद्देनजर सान्या में सभी किंडरगार्टन, स्कूल, निर्माण स्थल और पर्यटक आकर्षण स्थल बंद कर दिये गए हैं।



अहमदाबाद। एयर इंडिया विमान दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के रिश्तेदार एक अस्पताल के बाहर विलाप करते हुए।

## गाजा में इंटरनेट ठप होने से मानवीय सहायता बाधितः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के ठप होने से गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता पूरी तरह से बाधित हो गई है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने यह जानकारी दी। हक ने गुरुवार को कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने चेतावनी दी है कि इंटरनेट और डेटा सेवाओं के पूरी तरह बंद होने से गाज़ा में राहत कार्य ठप हो गए हैं। उन्होंने बताया कि संचार से जुड़े संयुक्त राष्ट्र के सहयोगियों के अनुसार ये बाधा 'गंभीर सैन्य गति विधियों' के कारण उत्पन्न हुई है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी पक्ष पर दोष नहीं लगा रहा है, लेकिन ये बात सही है कि इंटरनेट सेवाएं चालू रखने के लिए ईंधन की सख्त ज़रूरत है। संयुक्त राष्ट्र ने जून की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि यदि ईंधन की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो उन्हें गाज़ा में सहायता कार्य रोकने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था रवाना

**नई दिल्ली।** चीन के अधिकार वाले तिब्बत में स्थित भगवान शिव के धाम कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील की यात्रा का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने यहां जवाहरलाल नेहरू भवन में कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने के लिए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को इस यात्रा के लिए चुने जाने पर सम्मानित किया।

## अमेरिकी टैरिफ लगने से अर्थव्यवस्था पर दबाव पड़ने का अंदेशाः द. कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरियाई सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाए जाने तथा घरेलू मांग में देरी के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ है।

अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्रालय ने ग्रीन बुक नामक अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी टैरिफ लगाने के कारण बाहरी परिस्थितियों के बिगड़ने के कारण दक्षिण कोरिया अर्थव्यवस्था पर निर्यात में कमी आने पर नकारात्मक दवाब पड़ रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अर्थव्यवस्था को खपत और निर्माण निवेश में देरी से सुधार का

**मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9 % की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1% वृद्धि से कम है**

सामना करना पड़ रहा है और खासकर कमजोर समूहों के लिए रोजगार की समस्या भी बनी हुई है। मंत्रालय ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बनी हुई है क्योंकि टैरिफ लगाने से व्यापार पर असर पड़ता है और वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि एक साल पहले की तुलना में मई में निर्यात में 1.3 प्रतिशत की कमी आई, लेकिन दैनिक औसत निर्यात में 1.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि खुदरा बिक्री में मार्च की तुलना में अप्रैल में 0.9 प्रतिशत घटी और निर्माण निवेश उसी महीने में 0.7 प्रतिशत कम हुआ। मई में नौकरियों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 245,000 बढ़ी, जबकि बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत अंक गिरकर 2.8 प्रतिशत रह गई। मई में उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 1.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि अप्रैल के 2.1 प्रतिशत वृद्धि से कम है।

## कारगिल के शूरवीरों को श्रद्धांजलि के लिए तोलोलिंग चोटी पर सेना का विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** सेना ने 1999 के कारगिल युद्ध में तोलोलिंग की ऐतिहासिक लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए तोलोलिंग चोटी पर एक विशेष अभियान चलाया है। यह अभियान सेना की 'फॉरएवर इन ऑपरेशन्स डिवीजन' ने 11 जून को चलाया। द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक से रवाना हुए इस अभियान दल ने उन सैनिकों की अटूट भावना और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी।

## ट्रम्प की मुसीबतः नेशनल गार्ड का नियंत्रण वापस करने का आदेश

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में एक संघीय अदालत ने गुरुवार देर रात एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नेशनल गार्ड का नियंत्रण कैलिफोर्निया को वापस करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया है कि ट्रम्प द्वारा लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड और अमेरिकी मरीन की तैनाती अवैध थी।

यह दसवें संशोधन का उल्लंघन और वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण था। आदेश शुक्रवार को दोपहर से प्रभावी होगा। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि ट्रम्प ने आव्रजन कार्रवाई पर विरोध प्रदर्शन के बाद



लॉस एंजिल्स में लगभग 4000 नेशनल गार्ड सदस्यों की तैनाती का आदेश देकर सीमा रेखा का उल्लंघन किया। कैलिफोर्निया के गवर्नर

गेविन न्यूजॉम ने उनकी इच्छा के विरुद्ध हुई नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुक. दमा दायर किया। कैलिफोर्निया ने बाद में एक आपातकालीन प्रस्ताव दायर किया जिसमें न्यायाधीश से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने के लिए कहा गया। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार न्यायाधीश ब्रेयर का प्रतिबंधात्मक आदेश अमे. रिकी शहर की सड़कों पर हजारों नेशनल गार्ड तैनात करने के राष्ट्रपति के प्रयास के खिलाफ है। ये एक ऐसा प्रयास था जिसकी वजह से पूरे देश में लगभग एक सप्ताह से राजनीतिक विद्वेष का माहौल है और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### ईरान पर इजरायली हमलों के बारे में पहले जानकारी थीः ट्रम्प

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ईरान में इजरायली हमलों की पहले से ही जानकारी थी। फॉक्स न्यूज को दिये एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि यह हमला उनके लिए हैरानी का सबब नहीं था। उन्होंने कहा कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं हो सकता है। हम फिर से बातचीत की कोशिश कर रहे हैं। हम देखते हैं क्या होता है। नेतृत्व में कई ऐसे लोग हैं जो वापस नहीं आएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अगर ईरान हमलों के जवाब में कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका खुद को और इजरायल को बचाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

#### मेक्सिको ने अमेरिका के आव्रजन छापों का फिर से किया विरोध

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका में चल रहे आव्रजन छापों का विरोध दोहराया है तथा कहा कि इस तरह की कार्रवाई अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल हैं। सुशिनबाम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ अपनी बैठक के बारे में संवाददाताओं को बताया। राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा कि दोनों ने अपराध, आव्रजन, व्यापार और 'हमारे प्रवासी भाइयों और बहनों की रक्षा' सहित कई मुद्दों पर बात की।

#### कुवैत ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचाया

**कुवैत सिटी।** कुवैत की ऑयल टैंकर कंपनी के एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे चालीस शरणार्थियों को बचा लिया है। ऑयल टैंकर कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसके एक जहाज ने भूमध्य सागर में फंसे 40 शरणार्थियों को बचा लिया है। कंपनी ने बताया कि शरणार्थियों की नाव टूट गई थी। कुवैत समाचार एजेंसी द्वारा दिए गए एक बयान में कंपनी ने कहा कि उसके जहाज अल-दसमा ने मंगलवार को एक संकट कॉल का जवाब दिया।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन शनिवार को

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 'योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के रूप में 14 जून यहां ' योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश के योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्योग नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद कर रही है।

सम्मेलन में बहरीन, अमेरिका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित अन्य देशों के 1000 विशेषज्ञ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। मंत्रालय के अनुसार शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण प्रासंगिकता की होगी, क्योंकि यह देश भर में योग अभियानों की पहुंच।

## ईरान ने दिखाया आईएईए को ठेंगा

**वियना (आस्ट्रिया)।** ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ी घोषणा की है। इसके तहत ईरान ने कहा है कि उसने तीसरी परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) सुविधा तैयार कर ली है और जल्द ही इसे शुरू करेगा।

यह ऐलान संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की तरफ से ईरान को नान-प्रोलिफरेशन संधियों का उल्लंघन करने पर फटकार लगाने के ठीक बाद किया गया है। मामले में आईएईए ने ईरान पर आरोप लगाया है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने परमाणु कार्यक्रम की पूरी जानकारी नहीं दे रहा है। यह चेतावनी 20 वर्षों में पहली बार इतनी गंभीर मानी जा रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद ईरान पर फिर से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। आईएईए ने अपने मसौदा प्रस्ताव में कहा है कि

**बड़ा नया परमाणु कदम उठाया, आईएईए की फटकार के बाद भी तीसरी एनरिचमेंट साइट शुरू करने का ऐलान**

**ईरान के नातांज यूरेनियम संवर्धन संयंत्र को इजरायली हमलों से पहुंचा नुकसानः आईएईए महानिदेशक का दावा**

ईरान 2019 से कई बार आईएईए के साथ पूरी और समय पर जानकारी साझा करने में असफल रहा है, जो उसके परमाणु समझौते का उल्लंघन है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस मामले में अगली कार्रवाई करनी पड़ सकती है, जिसमें ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

हालांकि आईएईए ने बातचीत के जरिए हल निकालने का समर्थन भी किया है। बता दें कि आईएईए बोर्ड की बैठक में 35 देशों में से 19 ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने यह प्रस्ताव रखा था। वहीं रूस, चीन और बुर्किना फासो ने विरोध किया, 11 देशों ने मतदान से दूरी बनाई और 2 ने वोट नहीं दिया। वहीं इन सभी फटकर और चेता. वनी के बावजूद ईरान ने जवाबी कर्रवाई के संकेत दिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस राजनीतिक प्रस्ताव का जवाब देना अब ईरान के लिए जरूरी हो गया है। साथ ही ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि आईएईए के प्रस्ताव के बाद उन्होंने एजेंसी को सूचित कर दिया है कि ईरान कौन-कौन से कदम उठाएगा। ईरानी परमाणु एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार ईरान कुछ सख्त कदम उठाने पर विचार कर रहा है। जिसमें तीसरी संवर्धन साइट शुरू करना, जिसे सुरक्षित और अजेय स्थान पर बताया गया है। पुराने सेंट्रीफ्यूज को नए, आधुनिक सेंट्रीफ्यूज से बदलना, जिससे यूरेनियम संवर्धन की मात्रा काफी बढ़ जाएगी। अन्य कई जवाबी उपायों की तैयारी भी चल रही है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना तेज हो गई है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि यदि ईरान से समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका या इस्रा. इल ईरान के परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले कर सकते हैं। वहीं आईएईए के महानिदेशक रफायेल एम ग्रॉसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल के ताजा हमले में उसके नातांज़ स्थित यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर असर पड़ा है, लेकिन वहां विकिरण के स्तर में वृद्धि नहीं हुई है।

## दक्षिण अफ्रीकाः बाढ़ से मरने वालों की संख्या 78 हुई

### अब तक केवल 21 शवों की हो पाई है पहचान

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है जिनमें से अब तक केवल 21 शवों की पहचान की जा सकी है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कल शाम एसएबीसी न्यूज चैनल से कहा कि बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है और शव अभी भी बरामद किए जा रहे हैं। इसका मतलब है कि हम एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी कम होने पर और शव मिलने की आशंका है। राहत की बात यह है कि हमारे पास खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए पर्याप्त कर्मचारी हैं। गौरतलब है कि प्रांत के कई जिलों में भारी बारी के कारण सोमवार को बाढ़ आने से सैकड़ों लोग विस्थापित हो गए। पूर्वी केप प्रांतीय सरकार के अनुसार बचाव दल प्रभावित



क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश कर रहा है। प्रभावित जिलों में दो हेलीकॉप्टर, खोज और बचाव वाहन, पुलिस श्वान और तकनीकी बचाव दल तैनात किए गए हैं। मंत्री ने लोगों से अधिकारियों को लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट करके सहायता करने का भी आग्रह किया है।

## सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष संजय कपूर का इंग्लैंड में निधन

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली प्रमुख कंपनी सोना कॉमस्टार के अध्यक्ष और गैर-कार्यकारी निदेशक संजय जे कपूर का कल इंग्लैंड में अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।



वह 53 वर्ष के थे। कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि हम अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करते हैं कि हमारे अध्यक्ष का इंग्लैंड में निधन हो गया है। कंपनी ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता, कपूर ने सोना कॉमस्टार को नवाचार, स्थिरता और उद्देश्य पर आधारित एक वैश्विक गतिशीलता प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके जुनून, दूरदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अथक प्रतिबद्धता ने उन सभी को प्रेरित किया जिन्हें उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। कंपनी ने कहा कि अपनी पेशेवर उपलब्धियों से परे, कपूर एक समर्पित पिता, कई लोगों के लिए एक मार्गदर्शक और भारत के विनिर्माण और गतिशीलता क्षेत्रों के लिए एक अथक अधिवक्ता थे। उनके नुकसान को पूरे उद्योग और सोना परिवार में गहराई से महसूस किया गया है। इस बीच सोना बी एल डब्लू प्रेसिजन फोर्जिंग लिमिटेड ने बीएसई के नियामक फाइलिग में भी यह जानकारी दी है। कंपनी ने कहा कि संजय एक दूरदर्शी नेता और दयालु व्यक्ति थे जिनके मार्गदर्शन ने सोना कॉमस्टार की सफलता को आकार दिया।